सुप्रभात
रांची, बुधवार
05.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net   श्रावण, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत 2080   मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 350



12 विक्रम भट्ट से अफेयर पर अमीषा पटेल ने तोड़ी चुप्पी

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### आज राज्य को 206 नयी एंबुलेंस देंगे सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच जुलाई को राज्य को 206 नयी एंबुलेंस की सौगात देंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी नयी योजनाओं का शुभारंभ और कई मोबाइल ऐप की लांचिंग सीएम करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नामकुम स्थित परिसर से हरी झंडी दिखा इन एंबुलेंस को रवाना करेंगे।

### राज्य में झमाझम बारिश ठनका से छह की मौत

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य भर में मंगलवार को मौसम बदला और झमाझम बारिश शुरू हो गयी। इस दौरान वज्रपात की घटनाओं से राज्य में छह लोगों की जान चली गयी। चतरा और हजारीबाग में वज्रपात की चपेट में आ कर दो, गुमला, गढ़वा में एक-एक की व्यक्ति की मौत हो गयी।

### कांवरिया पथ पर शराब बिक्री नहीं होगी: मंत्री

**रांची।** हेमंत सरकार में उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बनी बेबी देवी महतो मंगलवार को एक्शन में दिखीं। अपने पहले कार्य दिवस पर उन्होंने श्रावणी मेला को देखते हुए देवघर कांवरिया पथ पर शराब बिक्री पर रोक लगा दी है। उन्होंने निर्देश दिया कि देवघर के श्रावणी मेले में बाबा बैद्यनाथ मंदिर तक सभी प्रकार की मदिरा या शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक रहेगी।

### गैस सिलेंडर की कीमत में 7 रुपये की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पर एक बार फिर महंगाई की मार पड़ी। तेल कंपनियों ने मंगवार को कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में सात रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है। घरेलू एलपीजी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं है।

### झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को राहत

**रांची।** मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

झामुमो की बैठक में लोस चुनाव का शंखनाद, डुमरी फतह की बनी रणनीति

# जनहित सर्वोपरि : हेमंत सोरेन

- जनहित के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी ने आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती के साथ उतरने तथा विपक्षियों को धूल चटाने की रणनीति बनायी। संसदीय चुनाव मिशन 2024 में शानदार परफॉर्मेंस का भरोसा जताया है। मंगलवार को रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन में केंद्रीय समिति की बैठक के दौरान इस पर आम सहमति बनी। उक्त बैठक पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए शिबू सोरेन ने सरकार के कामकाज को सराहा। साथ ही पार्टी के लोगों से कहा कि वे सरकार के जनहित के कार्यों को जन-जन तक पहुंचायें। गुरुजी ने कहा, अब हमलोगों को बूथ स्तर से ले कर पंचायत स्तर, जिला स्तर और राज्य स्तर पर पहले से ज्यादा सक्रिय होना है। इसके लिए सभी को एकजुट होना होगा। बैठक में लोस चुनाव से पूर्व झामुमो को और मजबूत बनाना होगा। (शेष पेज 11 पर)

## लोकसभा चुनाव 2024 में शानदार परफॉर्मेंस का भरोसा

- गुरुजी बोले - सरकार का काम ठीक नीतियां जन-जन तक पहुंचायें
- सभी संसदीय सीटों पर जीत का दावा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर



### रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा होगी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

बैठक में सीएम सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार राज्य की जनता को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार देने के लिए कृतसंकल्प है। सरकार अपने स्तर से पूरी कोशिश भी कर रही है। अब तक सरकार राज्य में सकारात्मक कार्यों में लगी है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को भी सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को जनता के बीच लाना होगा। उन्हें लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत रहना होगा, ताकि, योजनाओं का लाभ लोगों के हाथ तक पहुंचे। बैठक में केंद्रीय समिति के 250 सदस्य शामिल थे। सभी जिलाध्यक्षों, सचिवों को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर बुलाया गया था।

चुनाव से पहले भाजपा ने 4 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले

# बाबूलाल मरांडी को मिली झारखंड भाजपा की कमान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव और पांच राज्यों में इसी साल विधानसभा चुनाव को देख भाजपा ने संगठन के स्तर पर फेरबदल की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्टी ने झारखंड सहित चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदल दिये हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। झारखंड के अलावा पंजाब, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्ष को भी बदला है। कांग्रेस से आये सुनील जाखड़ (बलराम जाखड़ के पुत्र) को पंजाब, आंध्रप्रदेश के डी पुरंदेश्वरी और जी किशन रेड्डी को तेलंगाना का प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाया गया है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को प्रगति मैदान के कन्वेंशन सेंटर में मंत्रिपरिषद की पांच घंटे तक बैठक के बाद ही चार राज्यों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों को बदलने का फैसला लिया गया। (शेष पेज 11 पर)

# पहले दिन एक लाख से अधिक ने किया बाबाधाम में जलार्पण

- बासुकीनाथ में करीब 50,000 से अधिक भक्तों ने चढ़ाया जल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला के पहले दिन मंगलवार को लगभग एक लाख, 13 हजार, 158 श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण किया। वहीं बाबा बासुकीनाथ में करीब 45 हजार से अधिक भक्त पहुंचे और जलार्पण किया। देवघर में सरकारी पूजा के बाद मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालुओं का तांता उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध तरीके से जलार्पण किया। भीड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तड़के ही कांवरियों की कतार क्यू कॉम्प्लेक्स तक पहुंच गयी थी। बोलबम के जयकारे से पूरा देवघर गूंज रहा था। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। निकास द्वार से प्रवेश और वीआईपी पूजा पर पूरी तरह से पाबंदी लगी हुई है। विधि-व्यवस्था की निगरानी में खुद देवघर के डीसी और एसपी जुटे थे। जानकारी के अनुसार कि सुल्तानगंज से दो लाख से अधिक कांवरियों ने उत्तर वाहनी गंगा से जल उठाया है, जो गुरुवार तक देवघर पहुंचेंगे।

### रिंग रोड : हादसे में दो युवकों की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के सीठियो रिंग रोड पर मंगलवार को सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी है। वहीं एक युवक की हालत गंभीर है। बताया जाता है कि एक बाइक पर तीन युवक सवार थे। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और इस मामले की जानकारी परिजनों को दे दी गयी है।

# बुलेट से टकरा कर कुएं में गिरा सुमो, छह की मौत

## पदमा के रोमी गांव के पास हुआ हादसा, मृतकों में महिला व बच्चे भी

- बुलेट सवार सूर्यपुरा के मुखिया समेत 4 घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** पदमा स्थित रोमी में मंगलवार को एक बड़े हादसे में महिला व बच्ची समेत छह लोगों की मौत हो गयी। हादसा उस समय हुआ जब एक बुलेट को टक्कर मारने के बाद टाटा सुमो वाहन अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे कुएं में जा गिरा। हादसे में सूर्यपुरा पंचायत के मुखिया सहित चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। वे बिहार के दरभंगा से सत्संग में भाग लेकर सभी लोग सुमो से अपने गांव आ रहे थे। पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद कुएं में गिरे सुमो को जेसीबी की मदद से निकाला। सुमो में जो भी लोग सवार थे उसमें 6 की मौत हो गयी। सभी मृतक हजारीबाग के मंडईखुर्द के रहने वाले थे।



### मृतकों और घायलों के नाम

सुमो चालक सूरज सिंह (दीपुगढ़ा) के अलावा ओम प्रकाश साव, परमेश्वर कुशवाहा, परमेश्वर कुशवाहा की पत्नी और सात साल की बेटी और गुंजन राणा की मौत हो गयी। सभी हजारीबाग के मंडईखुर्द गांव के रहने वाले थे। घायलों में सूर्यपूरा पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता, मुकेश मेहता और उसकी मां सहित एक अन्य शामिल हैं।

# वीरेंद्र राम के तीन सहयोगी गये जेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मनी लांड्रिंग में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद्र से आठ दिनों की पूछताछ के बाद मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। रिमांड की अवधि पूरी होने पर इन तीनों की पेशी हुई थी। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने 26 जून को ईडी ने वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद को गिरफ्तार करने के बाद ईडी कोर्ट में पेश किया था। नीरज मित्तल को पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं करने पर 23 जून को गिरफ्तार किया था। तीनों वीरेंद्र की अवैध कमाई की मनी लाउंड्रिंग में शामिल थे। (शेष पेज 11 पर)

एससीओ की बैठक में बोले मोदी- कुछ देश आतंक के पोषक

# आतंकवाद पर दोहरा मापदंड नहीं चलेगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में सुधारों एवं आधुनिकीकरण करके सरकारों के परे लोगों के बीच संपर्क गहन बनाने की वकालत की और आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मापदंड छोड़ने का पुरजोर आह्वान किया। पीएम मोदी ने 23वें एससीओ शिखर-सम्मेलन के मुख्य सत्र की अध्यक्षता करते हुए यह आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में, एससीओ, पूरे एशियाई क्षेत्र में, शांति, समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म के रूप में उभरा है। इस क्षेत्र के साथ, भारत के हजारों वर्ष पुराने सांस्कृतिक और जनता के बीच संबंध, हमारी साझा विरासत का जीवंत प्रमाण हैं। हम इस क्षेत्र को विस्तारित पड़ोस ही नहीं, विस्तारित परिवार की तरह देखते हैं। पीएम ने कहा कि आतंकवाद क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा बना हुआ है। इसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई आवश्यक है।

**...और क्या बोले पीएम :** आतंकवाद चाहे किसी भी रूप में हो, किसी भी अभिव्यक्ति में हो, हमें इसके विरुद्ध मिलकर लड़ाई करनी होगी। कुछ देश, सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीतियों के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। आतंकवादियों को पनाह देते हैं। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने के लिए भी हमें आपसी सहयोग बढ़ाना चाहिए। हमारे देशों के युवाओं के बीच कट्टरता के फैलाव को रोकने के लिए भी हमें और सक्रिय रूप से कदम उठाने चाहिए।

# गबन करने वालों पर सीएम ने दिया कार्रवाई का आदेश

- बीडीओ समेत कई अन्य हैं सरकारी योजनाओं की राशि के गबन के आरोपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इंदिरा आवास योजनाओं में सरकारी राशि गबन करने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मंजूरी दे दी है। गिरिडीह के धनवार प्रखंड के तत्कालीन बीडीओ मोहन लाल मरांडी समेत अन्य के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति का आदेश दिया है। इनके खिलाफ अनियमितता एवं सरकारी राशि गबन करने के आरोप हैं। सीएम ने भारतीय दंड विधान 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोजन स्वीकृति आदेश दिया है। गौरतलब है कि ग्रामीण विकास विभाग के गिरिडीह जिलांतर्गत धनवार थाना कांड संख्या 190/2012 दिनांक 21 जुलाई 2012 के अभियुक्त मोहन लाल मरांडी बनाये गये हैं। (शेष पेज 11 पर)



## सीएम से मिले आइपीएल में चयनित रॉबिन मिंज



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट की टीम मुम्बई इंडियंस के लिए चयनित विकेटकीपर सह बल्लेबाज रॉबिन मिंज ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि मुंबई इंडियंस के द्वारा उन्हें यूके में होने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर के लिए चुना गया है। शिविर अगस्त 2023 से शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने गुमला के रायडीह प्रखंड के एक छोटे से गांव सिलम पांदनटोली से आनेवाले प्रतिभावान क्रिकेटर रॉबिन मिंज को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अपने बेहतर खेल से क्रिकेट की दुनिया में एक अलग मुकाम हासिल करेंगे और झारखंड एवं देश का नाम रौशन करेंगे। ज्ञात हो कि वर्तमान में राजधानी रांची के नामकुम, नया टोली में रह रहे रॉबिन मिंज झारखंड के पहले आदिवासी क्रिकेटर हैं, जिनका चयन आईपीएल क्रिकेट के लिए हुआ है।

## फर्जी डीड तैयार करने वाले भरत और राजेश ने इडी के समक्ष कबूला

# कोलकाता और रांची में होती थी जमीन कारोबारियों की बड़ी डील

**फर्जी डीड बनाने के आरोप में गिरफ्तार किये गये हैं भरत प्रसाद व राजेश राय, भेजे जा चुके हैं जेल**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इडी की टीम ने फर्जी डीड तैयार करने के मामले में कोकर में छापेमारी कर भरत प्रसाद व राजेश राय को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने इडी को पूछताछ में बताया कि जमीन के दस्तावेज कैसे फर्जी तरीके से बनाया जाता था, इसका खुलासा किया है। आरोपियों ने कहा कि उनलोगों को जमीन के दस्तावेज तैयार करने के लिए मोटी रकम दी जाती थी। इनलोगों ने इडी को जानकारी दी है कि रांची में फर्जी कागजात के जरिए सैकड़ों एकड़ जमीन का सौदा किया गया है। इसमें राजनेता से लेकर ब्यूरोक्रेट्स तक लोग शामिल हैं। हालांकि, यह खुलासा कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस की जांच में हो चुका है। इडी की जांच को दोनों आरोपियों ने फर्जीवाड़े पर मुहर लगा दी। आरोपियों का कहना था कि फर्जीवाड़े की सारी रणनीति कोलकाता और रांची में ही तैयार की गई थी। इडी ने इस मामले में पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। इडी के पत्र के बाद कोलकाता में 36 डीड की जांच हुई, जांच के क्रम में सभी 36 डीड फर्जी पाए गए। इन डीड के आधार पर सैकड़ों एकड़ जमीन का सौदा हो चुका है। अधिकतर जगहों पर जमीन खरीद कर लोग निर्माण भी कर चुके हैं।



### ये हैं फर्जी डीड

| | |
|---|---|
| डीड नंबर 1155/1940, बुक नंबर 1, वाल्यूम 41, पेज 196-199 | डीड नंबर 1855/1943, बुक नंबर 1, वाल्यूम 61, पेज 80-83 |
| डीड नंबर 1716/1945, बुक नंबर 1, वाल्यूम 61, पेज 84-87 | डीड नंबर 4757/1938, बुक नंबर 1, वाल्यूम 114, पेज 291-292 |
| डीड नंबर 408/1938, बुक नंबर 1, वाल्यूम 42, पेज 40-43 | डीड नंबर 7181/1964, बुक नंबर 1, वाल्यूम 174, पेज 277-280 |
| डीड नंबर 1731/1943, बुक नंबर 1, वाल्यूम 61, पेज 20-25 | डीड नंबर 6182/1963, बुक नंबर 1, वाल्यूम 191, पेज 11- 17 |
| डीड नंबर 342/1978, बुक नंबर 1, वाल्यूम 21, पेज 139-142 | डीड नंबर 171/1942, बुक नंबर 1, वाल्यूम 27, पेज 34-36 |
| डीड नंबर 127/1979, बुक नंबर 1, वाल्यूम 24, पेज 288-290 | डीड नंबर 4403/1974, बुक नंबर 1, वाल्यूम 186, पेज 95-98 |
| डीड नंबर 619/1966, बुक नंबर 1, वाल्यूम 21, पेज 190-194 | डीड नंबर 1219/1941, बुक नंबर 1, वाल्यूम 37, पेज 277-280 |
| डीड नंबर 3985/1940, बुक नंबर 1, वाल्यूम 80, पेज 297-298 | डीड नंबर 5714/1969, बुक नंबर 1, वाल्यूम 64, पेज 301-302 |
| डीड नंबर 184/1948, बुक नंबर 1, वाल्यूम 24, पेज 11-14 | डीड नंबर 14249/1984, बुक नंबर 1, वाल्यूम 227, पेज 275-277 |
| डीड नंबर 31/1952, बुक नंबर 1, वाल्यूम 24, पेज 43-48 | डीड नंबर 14244/1944, बुक नंबर 1, वाल्यूम 42, पेज 40-43 |
| डीड नंबर 2471/1942, बुक नंबर 1, वाल्यूम 86, पेज 211-214 | डीड नंबर 4182/1938, बुक नंबर 1, वाल्यूम 114, पेज 295-296 |
| डीड नंबर 3219 1155/1935, बुक नंबर 1, वाल्यूम 98 | डीड नंबर 2384/1940, बुक नंबर 1, वाल्यूम 69, पेज 263-264 |
| डीड नंबर 11022/1980, बुक नंबर 1, वाल्यूम 216, पेज 259-262 | डीड नंबर 1531/1945, बुक नंबर 1, वाल्यूम 43, पेज 232-234 |
| डीड नंबर 2376/1940, बुक नंबर 1, वाल्यूम 69, पेज 261-262 | डीड नंबर 787/1976, बुक नंबर 1, वाल्यूम 62, पेज 130-135 |
| डीड नंबर 2660/1939, बुक नंबर 1, वाल्यूम 32, पेज 211- 213 | डीड नंबर 9877/1974, बुक नंबर 1, वाल्यूम 93, पेज 298-300 |
| डीड नंबर 3954/1974, बुक नंबर 1, वाल्यूम 69, पेज 298-300 | डीड नंबर 6109/1975, बुक नंबर 1, वाल्यूम 93, पेज 298-300 |
| डीड नंबर 149/1944, बुक नंबर 1, वाल्यूम 22, पेज 17-20 | डीड नंबर 3328/1939, बुक नंबर 1, वाल्यूम 106, पेज 255-259 |
| डीड नंबर 149/1944, बुक नंबर 1, वाल्यूम 22, पेज 17-20 | डीड नंबर 2861/1951, बुक नंबर 1, वाल्यूम 89, पेज 38-44 |

## झारखंड में लूट और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा परिवार की चल रही सरकार : दीपक प्रकाश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि भ्रष्ट गठबंधन सरकार ने परिवार के लिए झारखंड को लूटा है। झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। भाई-भतीजे व परिवार के लिए सरकार चलायी जा रही है। खनिज संपदा की लूट मची है। श्री प्रकाश मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान महगामा के प्रसिद्ध सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता अशोक सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का दामन थामा। उन्होंने कहा कि अशोक सिंह के आने से पार्टी मजबूत होगी। संथाल क्षेत्र में पार्टी का विस्तार तेजी से होगा। 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाना है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद अशोक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व में चल रही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस दौरान महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा उपस्थित थे जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से मुखिया सुधीर प्रसाद सिंह, प्रो उमेश ठाकुर, वार्ड सदस्य बनारसी कामती, मुकेश मुसहर, यमुना प्रसाद सिंह, राजेंद्र चौबे, सोहन बसेरा, पप्पू रॉय, नाज़िर बैठा, सिकंदर हरिजन, कपिलदेव राय, सुनील यादव, राजेश सिंह, उप मुखिया गुड्डू पासवान, डॉ पीएन पोद्दार, किशन तांती, सुबोध भगत, नीरज शर्मा, विनोद रॉय, प्यारे लाल पोद्दार शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### बाबूलाल मरांडी को बधाइयों का तांता

**रांची।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बधाईयों का तांता लग गया है। महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा है कि श्री मरांडी के नेतृत्व में पार्टी नयी उचाइंया छूएगी। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। बधाई देने वालों में वरुण साहु, बलराम सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, नीरज सिंह, राकेश सिंह गुड्डू, राहुल चौधरी, अनिता वर्मा, रामलगन राम, रोमित नारायण सिंह, अर्जुन मुंडा, जौनी वाकर खान, गोपाल सोनी, ओमप्रकाश पांडेय, सुबेश पांडेय, संतोष मिश्रा, विकास रवि, उमेश यादव, रामजी प्रसाद, पप्पू वर्मा, नीलेश सिंह, इंद्रजीत यादव, मुनेश्वर साहु, सुभाष अग्रवाल आदि शामिल हैं।

### बाबूलाल के रूप में भाजपा ने अपने ताबूत में अंतिम कील ठोंक दी : झामुमो



**रांची।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को भाजपा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर झामुमो ने कड़ी टिप्पणी की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झामुमो का इससे कोई लेना-देना नहीं है कि वह अपना प्रदेश अध्यक्ष किसे बनाती है। इससे झामुमो की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हां यह जरूर कहा जा सकता है कि बाबूलाल के रूप में भाजपा ने अपने ताबूत पर अंतिम कील ठोंक दी है क्योंकि बाबूलाल मरांडी पिछले कई वर्षों से अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे भाजपा को क्या बचाएंगे।

### प्रमाण पत्र देने के लिए समय सीमा निर्धारित

**रांची।** राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं परिसंपति प्रमाण पत्र देने के लिए समय सीमा निर्धारित किया है। इसे झारखंड राज्य सेवा की गारंटी के अंतर्गत लाया गया है। इसके तहत एहर के आय प्रमाण पत्र के लिए अंचल अधिकारी को नामित किया गया है। इसके साथ ही आवेदन प्राप्त करने के तीस दिनों के अंदर इसे निर्गत भी कर देने का निर्देश दिया गया है। निर्गत नहीं होने की स्थिति में प्रथम अपीलीय पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी को बनाया गया है, जो 15 दिनों में इसे निष्पादित कर देंगे। द्वितीय अपीलीय पदाधिकारी उपायुक्त होंगे जो इसे 15 कार्य दिवस में निष्पादित करेंगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### प्रतिशपथ पत्र दाखिल करें राजस्व सचिव : हाइकोर्ट

**रांची।** गैरमजरूआ जमीन खरीद बिक्री मामले की जांच कराने का आग्रह करने वाले शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राजस्व विभाग के सचिव को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि अगर विभाग के सचिव की ओर से प्रतिशपथ दाखिल नहीं होता है तो अगली सुनवाई में डिप्टी रजिस्ट्रार, रांची वैभव मणि त्रिपाठी को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होना होगा। कोर्ट ने मामले में प्रतिवादियों को 4 सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं प्रतिशपथ दाखिल होने की 1 सप्ताह में प्रार्थी को इसका प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट से कहा कि मामले में वैभव मणि त्रिपाठी की ओर से शपथ पत्र दायर करना अनुचित है, क्योंकि वे हजारीबाग के जमीन घोटाला मामले में फंसे हैं। शपथ पत्र में कहा गया है कि गैरमजरूआ जमीन खरीद बिक्री में मामले में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

### लव जिहाद के आरोपी ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची।** लव जिहाद एवं यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर ने सीजेएम कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद न्यायायुक्त की अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की है। अर्जी पर मंगलवार को अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले के आईओ से केस डायरी की मांग की। साथ ही अगली सुनवाई की तारीख 15 जुलाई निर्धारित की है। आरोपी ने जमानत की गुहार लगाते हुए एक जुलाई को अर्जी दाखिल की है। उस पर बिहार के भागलपुर की रहनेवाली मॉडल एक्स का यौन शोषण करने समेत अन्य आरोप है।

### संतोष यादव को हाइकोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** साइबर फ्रॉड कर उससे अर्जित की गई राशि का मनी लॉन्ड्रिंग करने मामले में आरोपी संतोष यादव को झारखंड हाई कोर्ट ने 50,000 रुपए के दो निजी मुचलके पर जमानत प्रदान की। सोमवार को कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी, जिसके बाद आज कोर्ट ने अपने फैसला सुनाया है। बता दें कि संतोष यादव के पास से पुलिस ने 15 लाख की राशि बरामद की थी। उस पर साइबर क्राइम मामले में मामला दर्ज किया गया है। बाद में ईडी ने भी मामले में ईसीआईआर 6-2022 दर्ज किया था। ईडी कोर्ट ने संतोष यादव को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद उसकी ओर से जमानत के लिए हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी।

### हाइकोर्ट में चैंबर मेंटेनेंस के लिए 800-1000 लिये जायेंगे

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिन अधिवक्ताओं को चेंबर आवंटित हुआ है, उनसे मेंटेनेंस के लिए 1000 और 800 रुपये प्रति माह लिये जाएंगे। 1000 रुपए उन वकीलों से लिए जाएंगे, जिनके चैंबर में वाशरूम अटैच है, और जिन वकीलों को सामान्य चेंबर आवंटित हुआ है, उनसे 800 रुपए प्रति महीना लिया जाएगा। इतना ही नहीं हाईकोर्ट एडवोकेट ब्लॉक्स में साफ-सफाई और वकीलों के चेंबर की साफ-सफाई एवं मेंटेनेंस का जिम्मा प्राइवेट एजेंसी को दिया जाएगा। जिसके लिए जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा।

## नीतीश कुमार से मिले झारखंड जदयू के नेता संगठन को मजबूत करने की मिली जिम्मेवारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश जदयू के प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी और झारखंड जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने नीतीश कुमार से मुलाकात की। उनके साथ जदयू का प्रतिनिधिमंडल ने भी सीएम नीतीश कुमार से पटना में मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में संगठन को लेकर चर्चा हुई। वहीं झारखंड में पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत रूप से जानकारी के साथ ही संगठन के बारे में विस्तृत लिखित रिपोर्ट सौंपी गयी। मौके पर सीएम नीतीश कुमार ने झारखंड में संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, युवा नेता व मांडू के पूर्व प्रत्याशी दुष्यंत कुमार पटेल, धनबाद जिला के अध्यक्ष पिंटू सिंह,धनलाल दुबे शामिल थे।

## श्रावणी मेला की तैयारियों का जायजा नहीं लेना दुर्भाग्यपूर्ण : रघुवर दास




**रांची।** पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा है कि बाबा बैद्यनाथ में आज से विश्वस्तरीय सावन महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। इस मेले में दुनियाभर से आते हैं। देवघर में एयरपोर्ट शुरू होने के बाद इनकी संख्या में वृद्धि होना स्वभाविक है। अंतरराष्ट्रीय स्तर का मेला होने के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक भी बैठक नहीं की। इससे समझा जा सकता है कि मुख्यमंत्री इस मामले पर कितने गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर के 12 ज्योतिर्लिंगों में एक बाबा बैद्यनाथ में लगनेवाले श्रावणी मेले से राज्य की छवि पूरी दुनिया में है। उन्होंने कहा कि राजकीय मेला होने के कारण स्वयं मुख्यमंत्री को इसका उद्घाटन करना चाहिए था।

### मोदी सरनेम मानहानि मामला

## राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर हाइकोर्ट की रोक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मोदी सरनेम को लेकर मानहानि से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एमएलए-एमपी कोर्ट द्वारा उनकी याचिका खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की है। साथ ही मामले के शिकायतकर्ता प्रदीप मोदी से जवाब भी मांगा है।

रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट ने बीते 3 मई को राहुल गांधी को उक्त मामले में सशरीर उपस्थिति से छूट संबंधित सीआरपीसी की धारा 205 के तहत दायर याचिका को खारिज कर दिया था। राहुल गांधी ने निचली अदालत में उपस्थिति से छूट का आग्रह करते हुए याचिका दाखिल कर कहा था कि इस मामले में कार्यवाही के दौरान उन्हें उपस्थिति से छूट देते हुए अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होने की अनुमति दी जाए। इसे एमपी-एमएलए कोर्ट ने खारिज करते हुए राहुल गांधी को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। दरअसल इस मामले में रांची सिविल कोर्ट एक शिकायतवाद दर्ज की गई थी। यह शिकायतवाद राहुल गांधी द्वारा मोदी सरनेम वालों पर की गई टिप्पणी के आलोक में शिकायतकर्ता प्रदीप मोदी की ओर से रांची सिविल कोर्ट में किया गया था।

## वैश्य मोर्चा का 6 को दिल्ली में आयोजित महाधरना स्थगित

**रांची।** प्रशासनिक इजाजत नहीं मिलने के कारण 6 जुलाई को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है लेकिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 6 जुलाई को ही वैश्य मोर्चा के प्रतिनिधियों के द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री को ज्ञापन सह सात सूत्री मांग-पत्र सौंपा जायेगा, जबकि 7 जुलाई को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को ज्ञापन सह मांग-पत्र सौंपा जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, संजीव चौधरी, उपेन्द्र प्रसाद साहु, इंदुभूषण गुप्ता, कपिल प्रसाद साहु, गुड्डू साहा, राहुल कुमार साहु, शैलेन मंडल, शिवशंकर साह एवं हलधर साहु शामिल रहेंगे।

## राजद महिला प्रकोष्ठ मनायेगा पार्टी का 27वां स्थापना दिवस



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल का 27वां स्थापना दिवस समारोह आज 5 जुलाई को मनाया जाएगा। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी ने बताया कि इस अवसर पर पूरे प्रदेश में राजद महिला प्रकोष्ठ द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। रानी कुमारी ने बताया कि राजद के 27 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के विचारों से संबंधित एक परिचर्चा का भी आयोजन किया जाएगा।

## नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के साथ समन्वय बनाकर काम करेंगे कार्यकर्ता: रमेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पूर्व सीएम और प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष बनने के बाद बाबूलाल मरांडी को बधाई देनेवालों का तांता लग गया। मंगलवार को प्रदेश कार्यालय पर भाजपा नेता, कार्यकर्ता, भाजपा महिला प्रकोष्ठ समेत कई लोग पार्टी ऑफिस पहुंचे और बाबूलाल को बधाई दी। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रमेश सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पार्टी कार्यकर्ता हर कदम पर बाबूलाल मरांडी के साथ रहेगी। उनके द्वारा पार्टी हितों में किए गए कार्य करने का जैसा निर्देश मिलेगा, उसी आधार पर काम किया जाएगा। बाबूलाल को बधाई देनेवालों में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, प्रदीप वर्मा, सांसद आदित्य साहु, भाजपा युवा मोर्चा प्रवक्ता प्रभाकर चौबे मिंटू, विनय कुमार सिंह, भूपेंद्र सिंह, कुणाल यादव, वरूण तिवारी, संजय टोप्पो, राजू रजक, अशोक यादव, गुणानंद महतो, नीरज सिंह, महावीर सिंह, सुवेश पांडेय, सूर्यप्रभात शामिल थे।

## राज्य में जमीन निबंधन ठप

**आज भी रह सकती है सर्वर की समस्या**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के सभी निबंधन कार्यालयों में बीते शनिवार से ही दस्तावेजों का निबंधन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को तो रजिस्ट्री का काम पूरी तरह से ठप रहा। मंगलवार को कार्यालय खुलने के साथ ही अधिवक्ता और आम लोग रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे। जिनमें से ज्यादातर लोगों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। तकनीकी परेशानी से आधार वेरिफिकेशन समेत रजिस्ट्री के लिए की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। इस कारण राज्य के किसी भी निबंधन कार्यालय में एक भी दस्तावेजों का निबंधन नहीं हो सका। राज्य के विभिन्न निबंधन कार्यालयों से इसकी शिकायत मुख्यालय में पहुंच रही थ। हालांकि एनआईसी के काफी प्रयास के बाद भी मंगलवार शाम तक लिंक नहीं आया और दस्तावेजों का निबंधन प्रभावित रहा। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को भी रजिस्ट्री कार्यालयों में सुचारु रूप से काम होने पर संशय है, क्योंकि सर्वर ढंग से काम नहीं कर रहा है। मालूम हो कि किसी भी दस्तावेज के निबंधन से पूर्व आधार का ऑनलाइन वेरिफिकेशन किया जाता है, लेकिन सर्वर की बेरुखी से यह काम नहीं हुआ। इतना ही नहीं रजिस्ट्री से पूर्व अपॉइंटमेंट लेने का प्रोसेस भी पूरा नहीं हो पा रहा था।

## बाबूलाल मरांडी के बहाने संगठन में गुटबाजी को खत्म करना ही प्राथमिकता

# असंतुष्टों को साधने का कमाल दिखा पायेंगे बाबूलाल!

**भाजपा ने लोकसभा चुनाव से पहले दिग्गज आदिवासी नेता को सौंपी झारखंड भाजपा की कमान**

उदय चौहान

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता से प्रदेश अध्यक्ष बने बाबूलाल मरांडी को असंतुष्टों का साधने की चुनौती होगी। दरअसल, कद्दावर आदिवासी नेता व राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल को फिर एक बार सांगठनिक दक्षता साबित करनी होगी। समझा जा रहा है कि श्री मरांडी असंतुष्टों को साधने में कमाल दिखा पायेंगे। झारखंड की 14 लोस सीटों पर जीत दर्ज करने के लिये पार्टी आलाकमान ने श्री मरांडी को अब खुली छूट दे दी है। दरअसल, मिशन 2024 को लेकर भाजपा ने पूरे देश में एक रणनीति के तहत काम शुरू कर दिया है। एकीकृत बिहार के समय से ही बाबूलाल मरांडी ने अपनी कुशल सांगठनिक दक्षता का परिचय दिया है। वह एकीकृत बिहार के समय वनांचल प्रदेश के अध्यक्ष थे और 14 में से 12 लोस सीटों पर पार्टी को जीत दिलायी थी। इसके बाद 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ और भाजपा को 14 में से 11 सीटें मिली थीं, यह सब बाबूलाल का ही कमाल था। इसके अलावा 1998 और 1999 के लोस चुनाव में बाबूलाल मरांडी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की दुमका सीट पर विजय रथ को लगातार दो बार रोक कर सुर्खियां बटोरी थीं। वर्ष 2000 में बिहार से झारखंड अलग राज्य बना। तब बाबूलाल मरांडी को भाजपा ने प्रथम मुख्यमंत्री बना कर राज्य की बागडोर सौंपी थी। उस वक्त अनुभवी व तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सहयोगी कड़िया मुंडा को मुख्यमंत्री बनाने की बात चल रही थी। लेकिन, पार्टी ने युवा बाबूलाल मरांडी पर भरोसा किया और राज्य की बागडोर उनके हाथों में दी।

### राज्य के 26 फीसदी जनजातीय वोटरों को रिझाने की कवायद



भाजपा ने बाबूलाल को प्रदेश अध्यक्ष बना कर 2024 के लोकसभा चुनाव को रोमांचक बना दिया है। श्री मरांडी को मिली ये जिम्मेदारी काफी अहम मानी जा रही है। झारखंड में सबसे ज्यादा वोटर जनजातीय समुदाय से हैं। 26 प्रतिशत वोट जनजातीय समाज से है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस समुदाय के लिए आरक्षित 5 लोकसभा सीट में से तीन सीट पर जीत मिली थी। दो सीट पर हार मिली थी। जिन तीन लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी, उसमें जीत का अंतर काफी कम था। लोकसभा चुनाव के कुछ महीने के बाद ही झारखंड विधानसभा का चुनाव हुआ। जनजातीय समुदाय के लिए राज्य की 28 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं। इसमें से भाजपा को मात्र दो सीटें ही मिलीं। इस चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने महसूस किया कि जनजातीय वोट को आकृष्ट किये बिना पार्टी का मिशन सफल नहीं होगा। यही वजह है कि भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बना कर जनजातीय वोटरों को रिझाने की कवायद की गयी है।



**खैर!** बाबूलाल मरांडी के भाजपा की कमान देने से एक साथ कई विवादों पर विराम देने की कोशिश की गयी है। साथ ही, गुटबाजी की समस्या से त्रस्त पार्टी को धारदार व जुझारू तेवर देने की कोशिश भी है। गौरतलब है कि बाबूलाल मरांडी ने 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद बाबूलाल मरांडी ने अपनी पार्टी झाविमो का भाजपा में विलय कर दिया। इसके बाद श्री मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता भी बनाया गया। यह अलग बात है कि स्पीकर ने उन्हें प्रतिपक्ष के नेता पद की मान्यता नहीं दिया है।

# सरयू राय के यहां रामार्चा पूजा का भोग खाने पहुंचे हजारों शुभेक्षु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। विधायक सरयू राय के बारीडीह स्थित विधायक कार्यालय के समीप रामार्चा पूजा मैदान में रामार्चा पूजा प्रसाद का आयोजन हुआ। सावन का प्रथम दिन प्रातः भगवान शिव का रूद्राभिषेक से शुरू हुआ जिसमें सरयू राय सहित समर्थक शामिल हुए। दोपहर 12:30 बजे से प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ। बिहार के भोजुपर की प्रसिद्ध व्यंजन हाथी कान पुड़ी, दो तरह की सब्जी आलू पटल, आलू बैगन बड़ी, टमाटर का चटनी तथा बुंदी प्रसाद के व्यंजन में शामिल था। विधायक समर्थकों का दावा है कि 50 हजार से अधिक संख्या में लोगों के प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। कुल 17 काउंटर में व्यवस्थित रूप से आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद परोसा गया। महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक सभी ने बड़े आनंद के साथ प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण की पुरी व्यवस्था भाजमो के विभिन्न मंडलों के कार्यकर्ताओं ने संभाली। गायत्री परिवार के सदस्यों ने भी प्रसाद वितरण में अहम भूमिका निभाई। बिहार के आरा जिला के शाहपुर से आए कारीगरों ने रामार्चा पुजा का प्रसाद तैयार किया।



प्रसाद परोसने में जुटीं श्रीवारी सेवा संघ की महिला कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते सरयू राय।



विधायक कार्यालय में पूजा के दूसरे दिन रुद्राभिषेक करते विधायक सरयू राय।

**बाबूलाल के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने को लेकर होती रही चर्चा**

रामार्चा पूजा के भोग खाने पहुंचे लोगों में भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष के पद पर पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी की ताजपोशी को लेकर खुब चर्चा रही। कई लोगों का कहना था कि प्रदेश नेतृत्व का बदलाव पार्टी छोड़ कर बाहर गए वरिष्ठ नेताओं की पार्टी में वापसी सहज ढंग से हो सकेगी। भाजपा से निष्कासन का दंश झेल रहे नेता भी आज राहत में दिखे और अरसे बाद उनके चेहरे पर मुस्कान दिखी।

**प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे विशिष्ट जन :** रामार्चा पूजा का प्रसाद ग्रहण करने में जम्बु अखाड़ा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वति, पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, खादी ग्राम उत्तर पूर्वी के चेयरमैन मनोज सिंह, सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, भाजमो केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, केंद्रीय उपाध्यक्ष राम नारायण शर्मा, झारखंड के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंद्र सिंह नामधारी, कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोंथालिया, अशोक भालोटीया, निर्मल काबरा, अशोक मोदी, भरत वसानी, वीसु शर्मा, सत्यनारायण अग्रवाल मुन्ना, पंकज छावछड़िया, रामु देबुका, आनंद चौधरी, आइएसडबलुपीएल के ऐमडी अभिजित जी, शिलपी शिवांगी , राकेशवर पांडेय, आरबीबी सिंह, भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी सहित कही प्रशासन के वरिय पदाधिकारियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता आशुतोष राय, अशोक गोयल, खादी ग्राम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जयनंदु, टाटा कमिंस प्लांट हेड रामफल मेहरा, मनीष जैन, टाटा मोटर्स रजत सिंह, विशाल सिंह, तापस मित्रा, टेल्को वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह, पूर्वी सिंहभूम पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, घाटशिला के जिला परिषद सदस्य करण सिंह, कविता परमार, अरूण बाकरेवाल, पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महासचिव विवेक चौधरी, मारवाड़ी युवा मंच के मोहित मुनका, मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर साखा महासचिव अश्विनी अग्रवाल, कुसुम पूर्ती, खगेन महतो, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय पदाधिकारी एनके सिंह, अशोक सिंह चौहान, बलदेव भुइयाँ, चंदन यादव, कन्हैया सिंह, नटटू झा, भाजमो महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजु सिंह, अमित शर्मा, आरएसएस के कई स्वयंसेवक, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश तथा विभिन्न जिला के पदाधिकारी और जमशेदपुर महानगर के मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ ही सभी राजनीतिक दलों के नेतागण, विभिन्न संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक कार्यों से जुड़े लोग सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

# झारखंड बंद का ग्रामीण क्षेत्रों में दिखा असर, एनएच जगह-जगह किया जाम



डिमना चौक पर एनएच-33 जाम करते बंद समर्थक।



कांदरबेड़ा पुल मैरिन ड्राइव पर जाम किये बंद समर्थक।

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदुपर/गम्हरिया।** आदिवासी सुरक्षा परिषद के आह्वान पर चार सूत्री मांगों कू लेकर आहूत झारखंड बंद का ग्रामीण क्षेत्रो में असर रहा जबकि शहरी क्षेत्रों में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। एनएच-33 पर डिमना चौक गोलचक्कर पर बंद समर्थकों ने वाहनों का आवागमन रोक दिया था। कांदरबेड़ा-सोनारी मैरिन ड्राइव पुल पर भी बंद समर्थकों ने सड़क जाम कर दिया था जिसे प्रशासन ने काफी मशक्कत के बाद हटाया। दूसरी ओर, संथाली भाषा समर्थकों ने पारम्परिक हथियारों के साथ मंगलवार की सुबह गम्हरिया के उषा मोड़ और कांड्रा टॉल प्लाजा मोड़ के समीप पर प्रदर्शन कर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस जाम के कारण सड़क के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक छोटी-बड़ी वाहनों की कतारें लग गई जिससे आम राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



गम्हरिया-टाटा सड़क जाम करते बंद समर्थक।

## बंद समर्थकों की मांगे

बंद समर्थकों द्वारा झारखंड में प्राथमिक मध्य व उच्च विद्यालयों में संथाली भाषा में पढ़ाई की मांग करने, इस भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने, संथाली भाषा की ओलचिकी लिपि में पाठ्य पुस्तकों को प्रकाशित करने तथा संथाली एकेडमी का गठन करने आदि की मांग कर रहे थे। इस दौरान उषा मोड़ पर प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे राम हांसदा ने बताया कि जब संविधान की आठवीं सूची में संथाली भाषा को शामिल कर लिया गया है तो झारखंड झारखंड सरकार हमारी संथाली भाषा की लिपि ओलचिकी भाषा में पाठ्य पुस्तकें क्यों नहीं प्रकाशित कर पढ़ाई शुरू कर रही है। वही, कांड्रा मोड़ पर प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे मांझी बाबा बुधु किस्कू ने कहा कि जबतक सरकार इस संवैधानिक मांगों को पूरा करने की दिशा में विचार नहीं करती है तबतक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर गणेश टुडू, होपना बेसरा, शम्भू टुडू, त्रिभुवन बेसरा, राजेश मांझी, रीना मुर्मू, संगीता किस्कू, गंगाधर टुडू समेत काफी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

# बारीडीह गोलचक्कर पर बिरसा सेना का अनशन जारी



बारीडीह गोलचक्कर पर स्वतंत्रता सेनानी कोका कराम की मूर्ति स्थापित करते अनशनकारी।

- देर रात गोलचक्कर पर स्थापित कर दिया कोको कराम की मूर्ति
- एमजीएम में इलाज करवा कर दिन में फिर डटे धरना पर
- डीसी के प्रतिनिधि से वार्ता करने से इंकार,कल डीसी से वार्ता संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। बारीडीह गोलचक्कर पर पत्थलगढ़ी का पत्थर जेएनएसी और जुसको द्वारा जब्त किये जाने से नाराज बिरसा सेना का अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। शाम में बज्र वाहन लेकर पुलिस की टीम पहुंची और वार्ता के लिए डीसीएलआर भी पहुंचे किन्तु अनशनकारी टस से मस नहीं हुए। उनका कहना था कि वे स्वतंत्रता सेनानी कोका कराम के नाम पर पत्थलगढ़ी कर रहे थे जो कहीं से गैर कानूनी नहीं है किन्तु जुस्को और जेएनएसी ने तानाशाही रुख दिखाते हुए हमारे पत्थल को ही जब्त कर लिया। अनशनकारियों की मांग है कि प्रशासन हमारे पत्थर को बाइज्जत लौटाए और माफी मांगे। बिरसा सेना की जिद को देखते हुए प्रशासन की टीम वापस लौट गई। बुधवार को संभव है कि अनशनकारी सीधे डीसी विजया जाधव से बात करने पहुंचेंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा तो अनशन कल खत्म भी हो सकता है,किन्तु अनशनकारी कह रहे हैं कि उनकी मांगे मानी जानी चाहिए। प्रशासन के लौटते के बाद आंदोलनकारियों ने देर रात बारीडीह गोलचक्कर पर स्वतंत्रता सेनानी एवं भगवान बिरसा मुंडा के विश्वासी कोका कराम की मूर्ति स्थापित कर दी। दूसरी ओर, कल अनशन स्थल पर स्थिति बिगड़ने के बाद एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराये गए बिरसा सेना के दिनकर आज तबियत ठीक होते ही पुनः अनशन स्थल पर आकर डट गए हैं। अनशन पर बैठे हैं दिनकर कच्छप, बलराम कर्मकार, राजाराम मुर्मू और गुरुचरण कर्मकार। अनशन को भाजपा एसटी मोर्चा, आदिवासी भूमिज चुआड सेना संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन चांडिल, लोहरा करमाली समन्वय समिति आदि समर्थन दे रहे हैं।

## खबर एक नजर में

### आनंद मार्ग के शिविर में 50 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं स्वर्गीय रेखा देवी स्मृति के रक्त दान शिविर में दाताओं के बीच प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। एक दिवसीय 90 वा मासिक रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया। जिसमें लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रह हुआ जो कि मानव कल्याण के लिए एवं लगभग 100 पौधों रक्तदाताओं एवं ब्लड बैंक केंपस में उपस्थित लोगों के बीच वितरण हुआ जो प्राकृतिक कल्याण के लिए किया गया। आनंद मार्ग के रक्त दाताओं के बीच ब्लड बैंक एजीएम संजय चौधरी एवं टीम संघर्ष के अर्जित सरकार ने प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जोगिंदर सिंह अशोक कुमार सिंह, आदर्श सिंह, समीर सरकार, प्रेम कुमार सिंह, बिना सिंह, मनीष सिंह, प्रियांशु सिंह, अनविका सिंह,धर्म देव सिंह एवं सुनील आनंद का सहयोग रहा।

### दिनेश शर्मा की स्मृति में पौधरोपण



जमशेदपुर। शहर के समाजवादी एवं श्रमिक नेता स्व दिनेश शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके स्वजन-परिजन ने वृक्षारोपण कार्यक्रम से उनको याद किया। मंगलवार को कांदरबेरा स्कूल प्रांगन में स्थानीय नेता कपूर बागी, अमर सेंगल शिक्षकगण एवं छात्र वृंद की उपस्थिति में आम, शाल, कटहल और अन्य फलदार पौंधे रोपे गये। संध्या साढ़े चार बजे उनके निवास पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाजसेवी जवाहर लाल शर्मा ने स्व शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर अस्थाना जी, रामनारायण प्रसाद एवं डॉ राम कवीन्द्र सिंह, उर्वशी शर्मा, अविनाश, एकाग्र, यशी, अंकुर एवं निशांत आदि वक्ताओं ने शर्मा जी की यादों को साझा कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा गायक रमण ने शर्मा जी के प्रिय जनगीत प्रस्तुत कर उनको याद किया।

### पद्मश्री प्रेमलता अग्रवाल से मिले अनिल मोदी



**जमशेदपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर महा जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत संपर्क से समर्थन अभियान के तहत शहर की प्रमुख हस्तियों से संपर्क कर मोदी सरकार की उपलब्धियों का प्रचार किया जा रहा है। इसी क्रम में महाजनसम्पर्क अभियान के जिला संयोजक अनिल मोदी ने देश की प्रमुख पर्वतारोही पद्मश्री से सम्मानित प्रेमलता अग्रवाल से मुलाकात की। मोदी ने मोदी सरकार द्वारा 9 वर्षो में किये गए कार्यों से अवगत कराते हुए उन्हें एक पुस्तक भेट की। उन्होंने बताया कि मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम तय कर रहा है। प्रेमलता अग्रवाल ने कहा कि वे भी प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी की प्रशंसक है। इस अवसर पर मोदी के साथ भाजपा के विमल जालान भी उपस्थित थे।

### उद्योग सचिव का चैंबर भवन में संबोधन कल



जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, बिष्टुपुर में कल अपराह्न 3 .45 बजे, जितेन्द्र सिंह, सचिव, उद्योग, झारखण्ड सरकार एवं रमेश घोलप, निदेशक, उद्योग झारखण्ड सरकार का कोल्हान एवं राज्य में औद्योगिक विकास की चर्चा हेतु आगमन हो रहा है। इस अवसर पर प्रेम रंजन क्षेत्रीय निदेशक जियाडा जमशेदपुर, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखण्ड, उर्जा विभाग झारखण्ड, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग झारखण्ड, झारखण्ड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड रांची के पदाधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं उपाध्यक्ष उद्योग महेश सोंथालिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष ने बताया कि बैठक के दौरान चैम्बर कोल्हान में उद्योगों को हो रही समस्याओं को उनके समक्ष रखेंगे और इनके निराकरण हेतु जल्द से जल्द आवश्यक कदम सरकार के द्वारा उठाये जाने की मांग करेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से राज्य के दूसरे जिलों में उद्योगों को मिल रही बिजली की दर के समान बिजली की व्यवस्था, बिजली पोर्टेबिलीटी की सुविधा, जमशेदपुर जियाडा के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं और संरचना में सुधार, नये ऑटोमोबाईल कंपनी की स्थापना, सब्सिडर आदि मुद्दे हैं। अगर इन समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द सरकारी स्तर से पूरा कर दिया जाय तो यहां औद्योगिक विकास की रफ्तार त्वरित रूप से बढ़ेगी।



# वीजा घपला

कैसे-कैसे मां-बाप व रिश्तेदार कर्ज लेकर, सुनहरे सपनों को पूरा करने के लिये बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए भेजने का इंतजाम करते हैं। ऐसे बच्चों का पैसा लेकर भी उनके साथ धोखाधड़ी हो जाए तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जायेगा। भ्रष्ट एजेंट नहीं सोचते कि ये लड़के-लड़कियां प्रवासन कागजात फर्जी पाये जाने पर कहां जाएंगे, देश कैसे लौटेंगे? उनके सपनों का क्या होगा? हाल में ही जालंधर के एक ट्रैवल एजेंट की कनाडा में गिरफ्तारी कई राज खोलती है। एजेंट पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं को फर्जी कॉलेज प्रवेश पत्र के आधार पर अध्ययन वीजा दिलाने में धोखाधड़ी का आरोप है। यह बात चौंकाती है कि उक्त एजेंट भी फर्जी कागजात के आधार पर कनाडा में घुसने की जुगत में था और उसके कर्मों का फल सामने आ गया। एजेंट की गिरफ्तारी के बाद उसे भारत वापस लाने व मुकदमा चलाने की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। यह घटना उन तमाम भ्रष्ट एजेंटों के लिये भी एक सबक है जो फर्जी तरीके से लोगों को विदेश भेजने के कुत्सित प्रयासों में लगे हैं। उक्त एजेंट के खिलाफ गत 17 मार्च को जालंधर में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उसे लुकआउट सर्कुलर का भी सामना करना पड़ा। दरअसल, कनाडा सरकार पंजाब व कुछ अन्य राज्यों से अध्ययन वीजा के जरिये पढ़ने गये छात्र-छात्राओं के सर्टीफिकेट फर्जी पाये जाने के बाद उन्हें देश छोड़ने के लिये कह रही थी। जिसके खिलाफ भारतीय छात्रों ने आंदोलन किया। राजनीतिक दबाव के बाद कनाडा सरकार ने महसूस किया कि ये छात्र धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। साथ ही सारे मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं। विश्वास है कि मामले की वास्तविकता सामने आने के बाद संभवतः अध्ययन के लिये गये और नौकरी कर रहे युवाओं को देर -सवेर न्याय मिल सकेगा।

# नियंत्रित राजकोषीय घाटा

भारत का राजकोषीय घाटा अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान घटकर बजट अनुमान (बीई) का 35 प्रतिशत रह गया है, जो पिछले साल की समान अवधि में बीई का 115 प्रतिशत था। यह कोविड के पहले के स्तर (वित्त वर्ष 20) के 6.5 लाख करोड़ रुपये की तुलना में भी कम है। सरकार का राजकोषीय घाटा 4 साल के निचले स्तर 5.26 लाख करोड़ रुपये रह सकता है। इसकी मुख्य वजह यह है कि सितंबर में राजस्व में 50 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और अग्रिम कर और अप्रत्यक्ष कर में तेज बढ़ोतरी हुई है। महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों से पता चलता है कि सरकार को सितंबर तक 10.8 लाख करोड़ रुपये (2021-22 की कुल प्राप्तियों के बजट अनुमान की तुलना में 27.3 प्रतिशत) मिले हैं। इसमें 9.2 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व, 1.6 लाख करोड़ रुपये गैर कर राजस्व और 18,118 करोड़ रुपये गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां हैं। केंद्र सरकार द्वारा किया गया व्यय 16.3 लाख करोड़ रुपये रहा है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान की तुलना में कम रह सकता है भले ही कुल व्यय बजट अनुमान से ज्यादा हो जाने की उम्मीद है।इक्रा में मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि वित्त वर्ष 2022 में राजकोषीय घाटा 13.8 से 14.8 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी का 6 से 6.5 प्रतिशत रहेगा, जबकि बजट में 15.1 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी का 6.8 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का अनुमान लगाया गया है।' राजकोषीय घाटा न सिर्फ पूरे साल के लक्ष्य के अनुपात में कम है, बल्कि यह वित्त वर्ष 21 और वित्त वर्ष 20 के मूल्य के हिसाब से भी कम रहेगा।, 'वित्त वर्ष 21 के कम आधार से इतर वित्त वर्ष 22 की पहली छमाही मेंआर्थिक गतिविधियों के गति पकड़नें से राजस्व का प्रदर्शन बेहतर रहा है।


# पर्यावरण से जुड़ी समस्या से प्रभावित दुनिया

**जब** भारत का सामना वार्षिक एबीसी (एशियन ब्राउन क्लाउड) से होगा, जिसमें हवा में व्याप्त विषैले तत्व व्यक्ति के फेफड़ों में जहर भर देते हैं तो कोविड जैसे हालात में यह और भी खतरनाक बन सकता है। सिलेंडर वाली ऑक्सीजन की कमी भूल जाएं, यदि आपको आम हवा में ऑक्सीजन मिल जाए तो भी खुशकिस्मती होगी। इस साल, इसे रोकने के लिए सरकार को अपने पास उपलब्ध स्रोतों और तौर-तरीकों वाले कड़े कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा। लेकिन क्या यह इतना आसान है। एबीसी होने देना हम गवारा नहीं कर सकते, अगर यह होता है तो चिन्हित अधिकारियों को जिम्मेवार ठहराया जाना चाहिए।

एबीसी पर पहली मर्तबा वर्ष 1999 में गौर किया गया था। इसके लिए नेपाल में वैज्ञानिक अध्ययन और निगरानी केंद्र बनाए गए। दूसरे शब्दों में, इसके बारे में सरकारों को काफी पहले से पता है, इसमें कोई हैरानी नहीं। दूसरा, यह समझना जरूरी है कि एबीसी का मतलब केवल प्रदूषण नहीं है। ग्लेशियर पिघलने, सूर्य की किरणों की तीव्रता बढ़ने, हर हफ्ते होने वाली असामयिक बारिश और गिरते खेती उत्पादन में इसका बहुत बड़ा हाथ है। तीसरा, एबीसी लगभग पूर्ण रूप से मानव-निर्मित है, जिसमें सल्फर कण (ईंधन तेल जलने पर) के अलावा नाइट्रेट कण (वाहन उत्सर्जन) और ब्लैक कार्बन कण (डीजल, बायोमास और कोयले का पूरी तरह न जल पाना) का घालमेल है। दूसरे शब्दों में, ये आपका ही पैदा किया है। लेकिन अच्छी खबर यह है कि मानव निर्मित इस आपदा को कुछ हद तक खुद इनसान ही रोक सकते हैं, सुबूत है कि यह संभव है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि पिछले साल हुए लॉकडाउन में महज 53 दिनों में भारत के सिंधु-गांगेय मैदानी इलाकों में प्रदूषण स्तर गिरकर दो दशक पहले जितना हो गया था।

जाहिर है, सर्वप्रथम हमें पराली जलाने से रोकना होगा। यह वास्तव में विरोधाभासी है कि दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठे किसानों ने सरकार से पहला वचन यही लिया कि पराली जलाने पर जुमार्ना नहीं लगाया जाएगा। परिणामस्वरूप हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में यह एकाएक प्रदूषण बढ़ने का कारण बना और जैसा कि अनुसंधान बताते हैं यह फसल उत्पादन और भूजल उपलब्धतता में आगे और कमी बनने में योगदान करता है, पंजाब में यह स्तर पहले





-तारा कार्था

> जाहिर है, सर्वप्रथम हमें पराली जलाने से रोकना होगा। यह वास्तव में विरोधाभासी है कि दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठे किसानों ने सरकार से पहला वचन यही लिया कि पराली जलाने पर जुमार्ना नहीं लगाया जाएगा। परिणामस्वरूप जैसा कि अनुसंधान बताते हैं, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में यह एकाएक प्रदूषण बढ़ने का यह कारण बना।

ही न्यूनतम हो चुका है। इसलिए ऐसा कोई संकेत नहीं मिलता कि किसान अपनी ओर से पराली जलाना छोड़ देंगे। राज्य सरकारें इसके लिए विकल्प उपलब्ध करवा रही हैं, लेकिन यह करना उतना सस्ता नहीं, जितने में कुछेक क्रिकेट मैच आयोजित हो जाएं। इसलिए सरकार को तैयार रहना होगा कि जहां कहीं पराली जलती दिखे, इसे बुझाने को व्यावसायिक आग बुझाने वाली हवाई जहाज कंपनी या भारतीय वायुसेना का इस्तेमाल करे। कोई नहीं चाहेगा कि अगली फसल तैयार करने को खेत सुखाने में हफ्तों का इंतजार करना पड़े। पहले-पहल किए गए इन प्रयासों को टेलीविजन पर खूब प्रचारित किया जाए, इसे देखकर बाकी अपने आप राह पर आ जाएंगे। तो क्या इसके विरोध में एक नया आंदोलन खड़ा हो जाएगा? हो सकता है। लेकिन मौजूदा किसान आंदोलन पहले ही पुरानी खबर बन चुका है और प्रदूषण से कोविड महामारी में इजाफा होने पर त्रस्त जनता की सहानुभूति में और कमी होगी। यह संदेश साफ और ऊंचे सुर में पहुंचे, इसे सुनिश्चित किया जाए और यह काम ह्य56 इंच का सीनाह्ल वाले को जिताऊ-वोटें दिलवा सकता है।

दूसरा, वातावरण परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलनों में जो उच्चस्तरीय सुझाव हमें सुनने को मिलते हैं, उन्हें एक तरफ रखा जाए। प्रदूषण में सबसे बड़ा आम कारक है जमीन से उठते धूल कण और यह सब तरफ फैल जाते हैं, चूंकि सरकारों को अनाप-शनाप पैसा खर्चने का चाव होता है, लिहाजा सड़क साफ करने वाली महंगी मशीनें खरीद लेती हैं। उदाहरणार्थ गुरुग्राम नगर निगम ने ऐसी 6 मशीनें तो खुद की खरीदी हैं, प्रत्येक की कीमत 1 करोड़ है, और कुछेक 30 लाख रुपये प्रति माह किराए पर ले रखी हैं। यह कोढ़ में खाज करने जैसा है। गुरुग्राम इलाके में भवन निर्माण से भारी मात्रा में धूल और मलबा पैदा होता है। खाली पड़े लंबे-चौड़े सरकारी मैदान हैं, चूंकि वहां की मिट्टी-गारा तक कहीं और इस्तेमाल के लिए निकाला जा चुका है, लिहाजा जरा-सी हवा चलने पर बंजर पड़ी जमीन से धूल उड़ने लगती है। इसका आसान उपाय है घास लगाना। एक बार मानसून होने पर, यह हर उस जगह पर मजबूत जड़ पकड़ लेगी जहां अभी धरती की ऊपरी सतह पूरी तरह बर्बाद नहीं हुई है। यदि खुद से घास नहीं फैले-फूले तो एक अभियान चलाकर रोपी जा सकती है, इस पर होने वाला खर्च मशीनों पर लगे धन की तुलना में अंशमात्र होगा। इसी बीच नगर निगम जो हर साल जंगली झाड़-झंखाड़ काटने को दल भेजने पर गर्व करता है, ये मुहिमें रोकनी होंगी। घास न केवल मिट्टी को जकड़कर रखती है बल्कि वातावरण को ठंडा भी करती है।

बड़े भवन निमार्ताओं (बिल्डर्स) को सख्त आदेश दिए जाएं कि सालाना छंटाई की आड़ में वे पेड़-पौधे बर्बाद नहीं करेंगे। अगली मर्तबा करते वक्त कोई ऐसा आसपास होना चाहिए, जो समझा सके कि छंटाई का असली मतलब क्या होता है। लेकिन फिलहाल न तो किसी वनस्पति का एक पत्ता तक कटे और न ही उखाड़ी जाए। जिलाधीश को यह आदेश तमाम रेजीडेंट वेलफेयर संगठन और स्थानीय निकायों को एकदम सुस्पष्ट करने की जरूरत है।

वह एक क्षेत्र जिसे अक्सर नजरअंदाज किया जाता है या जो अनियमित वर्ग में आता है, वह है कचरे का पुनर्चक्रीकरण और कबाड़ इकट्ठा करने वाली एजेंसियां, जो ज्यादातर एक माफिया की तरह काम कर रही हैं और इनमें चीन के निवेशकों का पैसा लगा है।

सरकार को चाहिए कि इन्हें अपनी निगरानी में लाकर, कड़ी नियमावली लागू कर इस पेशे को नियमित वर्ग में शामिल करे। जब तक पर्यावरणविद इनके कामकाज की पूरी तरह पड़ताल नहीं कर लेते तब तक सब बड़ी कंपनियां अपना तथाकथित पुनर्चक्रीकरण मुल्तवी रखें।

## खास बात

# प्रसिद्ध शक्तिपीठ प्रयागराज

**अभिनव गुप्त**

प्रमुख रूप से उन तीर्थों को शक्तिपीठ कहा गया, जहां-जहां माता सती के शरीर के विभिन्न अंग गिरे। मान्यतानुसार प्रयागराज में माता सती के दाहिने हाथ की अंगुलियां गिरी थीं। अतः संगम नगरी का आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व यहां स्थापित मां अम्बे के शक्तिपीठ के कारण अधिक बढ़ जाता है। प्रमुख रूप से प्रयाग में देवी माता के तीन पौराणिक मंदिर हैं- अलोपी देवी, ललिता देवी और कल्याणी देवी। अलोपी देवी का मंदिर दारागंज क्षेत्र में है। तंत्रचूड़ामणि में इस तीर्थ का उल्लेख मिलता है। यहां माता के दर्शन एक झूले के रूप में होते हैं, जो एक चबूतरे पर स्थापित है। झूले (खटोले) के नीचे चबूतरे पर एक छोटा-सा कुंड है, जिसमें जल भरा रहता है। भक्तजन झूले को माता के प्रतीक रूप में ही शीश नवाते हैं। गंगा घाट इस मंदिर के निकट ही है।

शक्तिपीठ के रूप में ही पूजित ललिता देवी का प्रसिद्ध मंदिर यमुना किनारे के मीरापुर क्षेत्र में है। यहां माता का प्राचीन विग्रह विराजमान है। मंदिर प्रांगण में भोलेनाथ शिवलिंग रूप में सुशोभित हैं। ललिता देवी मंदिर के निकट कुछ ही दूरी पर माता कल्याणी देवी का मंदिर है। प्रयाग की अधिष्ठात्री देवी माता कल्याणी देवी को माना जाता है। तंत्रचूड़ामणि में उल्लेख आता है ह्यअंगुली वृन्दहस्तस्य प्रयागे ललिता भवह्ल अर्थात? सती माता की अंगुलियां गिरने से प्रयाग में ललिता देवी एवं भव नामक भैरव प्रतिष्ठित हुए। मत्स्य पुराण के वर्णित 108 शक्तिपीठों में भी माता कल्याणी व ललिता देवी का नाम मिलता है।

ब्रह्म वैवर्त पुराण के अनुसार त्रेता युग में महर्षि याज्ञवल्क्य जी ने मां की आराधना करके कल्याणी देवी शक्तिपीठ पर 32 अंगुल की प्रतिमा स्थापित की। मां कल्याणी को ही महर्षि भारद्वाज की अधिष्ठात्री देवी कहा गया है। प्रत्येक वर्ष चैत्र एवं आश्विन मास के नवरात्र में इन देवी पीठों पर श्रद्धालु लंबी-लंबी कतारों में लग कर दर्शन प्राप्त करते हैं। मेले के दौरान यहां का दृश्य अति मनोहारी होता है। कथा, सत्संग इत्यादि में भक्तजन बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं।

# केवट की व्यग्रता

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**

**केवट** निषादराज गुह से अपने स्वभाव के अनुसार सब कुछ जानना चाहता है। खासकर जब श्रीराम बक्सर गये थे किस प्रकार अहिल्या का उद्धार किये थे और जनकपुर गये थे ये सारी कहानी निषादराज केवट को सुना चुके थे और वह बहुत प्रभावित था। जैसे ही निषादराज गुह गंगा घाट पर पहुंचे उन्होंने केवट से कहा लो तुम श्रीराम के विषय में पूछते थे कभी इघर आयेंगे या नहीं मुझें कभी भेंट होगी कि नहीं। देखो ऐसा संयोग है कि ये अकेले नहीं भाई और पत्नी के साथ तुम्हारे घाट पर आ गये हैं, और इनको पार जाना है। तुम्ही को इनको गंगा पार उतारना है। केवट ने कहा वश ये आ गये एकदम पार उतार देंगे। कोई दिक्कत नहीं होगी। थोड़ा सा इनको ये करना है कि पैर धोवाना है। नहीं तो इनके पाव में जो धूल है वो मेरी नाव को नारी बना देगी। क्योंकि मुझे मालूम है इन्होंने पत्थर को नारी बना दिया था। यद्यपि की केवट सही कहानी जानता था कि पत्थर को नारी नहीं बनाया गया था। अहिल्या गौतम ऋषि की परित्यक्त थी और वह पत्थरवत हो गयी थी। वह तप कर रही थी। श्रीराम ने उसका उद्धार किया था लेकिन बात बनाने के लिये केवट घुमाकर बोला कि आप पत्थर को नारी बनाते हैं, मेरी नाव बड़ी कोमल है यह तुरंत नारी बन जायेगी। इसलिये आप चरण की धूरी धोवाइये। श्रीराम बात को समझ रहे थे, सीता भी समझ रही थी लेकिन लक्ष्मण को लग रहा था कि केवटअवज्ञा कर रहा है। लक्ष्मण जी ने कहा कि क्यों नहीं वह एक बात पर तैयार हो रहा है और यह क्या समझता है? श्री राम की अवज्ञा करेगा।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

कौन है जो दूसरों को दुःख अपना दे सकेगा,
कौन है जो दूसरों से दुःख उसका ले सकेगा उस नयन से बह सकी कब इस नयन की अश्रु -धारा
क्या करूँ संवेदना लेकर तुम्हारी क्या करूँ , क्या करूँ। पिताजी की पंक्तियां

**– अमिताभ बच्चन**

## आपके ट्वीट

**20 साल** में पहली बार बनी जेपीएससी नियमावली के पश्चात परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं। विश्वास है, शीघ्र ही झारखंडी युवाओं को प्राथमिकता देने वाली #खररउ के अन्तर्गत परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





**साठ** के दशक में जनसंघ ने एक प्रस्ताव पारित किया था कि भारत को परमाणु परीक्षण करना चाहिए। अटलजी ने परमाणु विस्फोट करके दिखाया। अब अग्नि का परीक्षण हुआ है।

**–राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री**

# लोकल फॉर वोकल की पीएम मोदी की घोषणा में दम है

## आर्थिक

**अनुष्का चौधरी**

**परीक्षा** वोकल फॉर लोकल की देशवासियों से भारत में बने उत्पाद खरीदने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के अभियान 'वोकल फॉर लोकल' को सफल बनाने का आग्रह किया। कोविड-19 के बचाव में एक अरब टीकों के लगने से देशभर में विश्वास का माहौल बना है। त्योहारी सीजन की वजह से भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञ और एजेंसियां अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहित हैं। दूसरी तरफ मांग में तेजी और वैश्विक मुद्रास्फीति के कारण भारत में कीमतें बढ़ने का अंदेशा है। खनिज तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल, खाद्य तेलों की महंगाई, धातुओं की कमी और कोयले की सप्लाई में दिक्कतों के कारण अर्थव्यवस्था में अड़ंगे पैदा होंगे। उत्सवों-पर्वों के अलावा अर्थव्यवस्था की सेहत और पारंपरिक कारोबार के नए खातों का समय होता है। महामारी के कारण बिगड़ी आर्थिक गतिविधियां पटरी पर वापस आ रही हैं। साथ ही सरकार और कारोबार की परीक्षा का यह समय है। कोविड-19 के बचाव में एक अरब टीकों के लगने से देशभर में विश्वास का माहौल बना है। त्योहारी सीजन की वजह से भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञ और एजेंसियां अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहित हैं।

दूसरी तरफ मांग में तेजी और वैश्विक मुद्रास्फीति के कारण भारत में कीमतें बढ़ने का अंदेशा है। खनिज तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल, खाद्य तेलों की महंगाई, धातुओं की कमी और कोयले की सप्लाई में दिक्कतों के कारण अर्थव्यवस्था में अड़ंगे पैदा होंगे। भारत इस वित्त वर्ष में 9.5 फीसदी और अगले वित्त वर्ष में 8.5 फीसदी की संवृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

मूडीज ने भारत की साख को बेहतर करते हुए नकारात्मक से स्थिर श्रेणी में कर दिया। उसका कहना है कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में पुनरुद्धार जारी है और चालू वित्त वर्ष में संवृद्धि दर महामारी से पहले के मुकाबले बेहतर होगी। आज मेक इन इंडिया की ताकत बढ़ रही है। पिछले साल दिवाली के समय लोगों के दिलो-दिमाग में तनाव था, लेकिन अब टीकाकरण अभियान की वजह से भरोसा है। उन्होंने कहा, मेरे देश में बने टीके मुझे सुरक्षा दे सकते हैं तो देश में बनाए गए सामान भी मेरी दिवाली को और भव्य बना सकते हैं। इस साल मार्च के बाद से निर्यात में भी वृद्धि हुई है। वैश्विक व्यापार में सुधार के कारण इंजीनियरिंग माल, कपड़ों, रासायनिक उत्पादों के निर्यात में वृद्धि हुई है।

माल और सेवा के संयुक्त निर्यात में सितंबर में पिछले साल की इसी अवधि में हुए निर्यात के मुकाबले 22 फीसदी की वृद्धि हुई। निर्यात ने महामारी शुरू होने से पहले के आंकड़े को पार कर लिया है। राजकोषीय घाटा अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान घटकर बजट अनुमान का 35 प्रतिशत रह गया है, जो पिछले साल की इसी अवधि में बजट अनुमान का 115 प्रतिशत था। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा चार साल के निम्नतम स्तर 5.26 लाख करोड़ रुपये रह सकता है। दूसरी तरफ कुल व्यय बजट अनुमान से ज्यादा हो सकता है। उत्साह का मुख्य कारण है सितंबर में राजस्व में हुई 50 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि। अग्रिम कर और अप्रत्यक्ष कर में तेज बढ़ोतरी हुई है। महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों से पता चलता है कि सरकार को सितंबर तक 10.8 लाख करोड़ रुपये (2021-22 की कुल प्राप्तियों के बजट अनुमान की तुलना में 27.3 प्रतिशत) मिले हैं। इसमें 9.2 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व, 1.6 लाख करोड़ रुपये गैर कर राजस्व और 18,118 करोड़ रुपये गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां हैं।

## कार्टून वर्ल्ड

पर्यावरण की चिंता ...



साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### अनुचित आरोप

**वायु** प्रदूषण को लेकर पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को कोसा। वह अमेरिका में प्रदूषण न होना बता कर हर बार जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर भारत, चीन और रूस पर आरोप लगाते आये हैं। वायु प्रदूषण के अलावा अमेरिका में ध्वनि प्रदूषण भी ज्यादा है। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सभी देशों की समान जिम्मेदारी है। यह किसी एक देश के लिए चुनौती नहीं है।

**– विवेक सिन्हा, बरही**

### सतर्क रहें

**देश** में कई स्थानों पर कोरोना बढ़ रहा है। यदि इस महामारी के प्रति लापरवाही बरतते हैं तो तीसरी लहर का खतरा काफी हद तक बढ़ सकता है। आम जनता का भी यह फर्ज बनता है कि सरकार द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश का सख्ती से पालन करे। वरना इसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। इस दिशा में सरकार को सोचने की आवश्यकता है।

**–संदीप कुमार वत्स, रांची**

# थियेटर से टेलीविजन और अब स्ट्रीमिंग मंचों तक की विकास गाथा

## मीडिया

**वनिता**

**हंसल** मेहता और मृणमयी लागू वायकुल की नेटफ्लिक्स सीरीज स्कूप चर्चित पत्रकार जिग्ना वोरा की ह्यबिहाइंड बार्स इन भायखलाः माई डेज इन प्रिजन किताब पर आधारित है और यह सीरीज देखने लायक है। वोरा दि एशियन एज में डिप्टी ब्यूरो चीफ थीं और उनका नाम मिड-डे के क्राइम रिपोर्टर ज्योतिर्मय दे (या जे दे) की हत्या के मामले से जुड़ गया। उन्हें नौ महीने तक जेल में रहने के बाद आखिरकार जमानत मिली और 2018 में वह बरी हुईं। 2 जून को रिलीज होने के बाद से नेटफ्लिक्स के शीर्ष 10 शो में स्कूप भी शामिल है।मेहता ने इससे पहले भी स्कैम 1992 (2020) बनाई जो हर्षद मेहता घोटाला मामले पर आधारित थी। यह सीरीज भी बेहद सफल हुई और इस सीरीज की बदौलत चुनौतियों से जूझ रहे सोनीलिव को काफी मदद मिली। उनकी अगली वेबसीरीज स्कैम 2003 : दि तेलगी स्टोरी सितंबर में रिलीज होने वाली है। अगर आप ऑनलाइन दुनिया की चर्चा के हिसाब से भी तय करें तो दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मेहता इस वक्त टीवी की दुनिया में सबसे चर्चित निर्देशकों में से एक हैं।

मेहता का सफर काफी लंबा रहा है। उन्होंने अमृता (1994) और दूरियां (1999) जैसे टीवी शो बनाए हैं। उनकी कई फिल्मों, अलीगढ़ (2015), शाहिद (2012) और सिटीलाइट्स (2014) की काफी प्रशंसा हुई और कई पुरस्कार भी मिले लेकिन उन्हें स्कैम 1992 और स्कूप के चलते जो लोकप्रियता मिली है वैसी पहले कभी नहीं मिली थी। जब मेहता फीचर फिल्में बना रहे थे उस वक्त के मुकाबले अब लोगों ने उनके बारे में ज्यादा सुना है।इस लेख को लिखने के मकसद का प्रमुख बिंदु भी यही है। जब भी कोई शो हिट होता है तब मीडिया के चर्चा के मुख्य बिंदुओं में अमूमन कुछ ऐसी ही बातें होती हैं कि डळळ कितना शानदार है, कैसे बॉलीवुड निराश कर रहा है और टीवी पर देखने लायक कुछ भी नहीं है। इत्तफाक से टीवी के दर्शकों की संख्या स्ट्रीमिंग वीडियो से दोगुनी है लेकिन यह एक अलग मुद्दा है। फिल्में या टीवी के लिए सामग्रीह्ल बनाने वाले लोग या प्रोडक्शन हाउस ही अब स्ट्रीमिंग मंच के लिए भी सामग्री तैयार करते हैं। अंतर सिर्फ स्क्रीन और इसके कारोबारी आयाम का है जिस पर हम इन सामग्री को देखते हैं।1970 के दशक तक सिनेमाघरों का दबदबा था। वहीं 1980 और 1990 के दशक में पाइरेसी और अधिक कराधान की वजह से फिल्मकारों की स्थिति बिगड़ने लगी। उन दिनों सभी ऐसी फिल्म नहीं बनाना चाहते थे जो 1,000 सीटों वाले सिनेमाहॉल को भर सके।

मृणाल सेन या हृषीकेश मुखर्जी छोटी कहानियों पर आधारित फिल्में बनाते थे। लेकिन उनके पास इस तरह की कहानियों के लिए कोई उपयुक्त मंच नहीं था। कारोबार के इस आर्थिक पहलू ने ब्लॉकबस्टर की मांग बढ़ाई जिसके बलबूते सिनेमाघर कई हफ्ते तक भरे रहें। लेकिन 1980 के दशक में टेलीविजन के आने से सरकारी चैनल दूरदर्शन ने दर्शकों तक पहुंचने की एक राह बनाई।जब निजी सैटेलाइट टेलीविजन 1990 के दशक की शुरूआत में आए, तब इन फिल्मकारों के पास अपनी कहानी कहने के लिए कई विकल्प थे और वे कमाई भी कर रहे थे। इससे कहानी कहने के भाव में भी बदलाव आया।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### शिवभक्तों का जत्था देवघर रवाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातु प्रखंड के पालू, रोचाप, तिलैयाटांड़, टेरपा, पीटीपीएस के हजारों श्रद्धालु भक्त मंगलवार को देवघर के लिए रवाना हुए। महादेव भक्त कांवरियों के इस जत्थे को आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने शुभ कामनाओं के साथ रवाना किया। चौधरी ने कहा कि बाबा बैजनाथ से समस्त लोगों के विकास, सुखी संपन्नता की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले भक्तों पर हमेशा भगवान शिव की कृपा बरसती है। रवानगी के दौरान भक्तों के ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव, बोल बम नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा।

### सड़क का जल्द हो निर्माण : डॉ आशीष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नकारी कॉलोनी के जर्जर सड़क निर्माण कराने को लेकर कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव सह अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने मंगलवार को बरका-सयाल जीएम को पत्र सौंपा है। पत्र में क्षेत्रीय सचिव ड आशीष कुमार ने कहा है कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी आज तक नकारी कॉलोनी में आने-जाने के लिए कोई सड़क नहीं है। जबकि 2017 से लगातार सीसीएल प्रबंधन से सड़क निर्माण की मांग हमारी यूनियन द्वारा की जा रही है। सड़क नहीं होने के कारण सीसीएलकर्मी, छात्र-छात्राएं व आमजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि 2017 में टेंडर होने के बाद भी सड़क नहीं बना जो समझ से परे हैं। उन्होंने जन भावनाओं का समझते हुए नकारी कॉलोनी से लेकर सीसीएल सौंदा मुख्य पथ एकता क्लब तक सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

### राधा गोविंद विवि में लगा औषधीय पौधा



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा औषधीय पौधे का पौधरोपण किया गया । कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने बताया कि पौधारोपण करके हम पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं । परीक्षा नियंत्रक ने भी पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला । सह परीक्षा नियंत्रक ने औषधीय पौधों कि उपयोगिता के बारे में अवगत कराया । वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा कुमारी जायसवाल ने बताया की झारखंड में लगभग 150 औषधीय पौधे हैं जिनका उपयोग पारम्परिक औषधि के रूप में हम सब कर सकते हैं अतः इनका संरक्षण अति आवश्यक है ।

### भाजपाइयों ने दी बाबूलाल को बधाई

**इचाक।** बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई है भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं शीर्ष नेतृत्व को कोटि-कोटि बधाई। बधाई देने वालों में रमेश कुमार हेम्ब्रोम जिला महामंत्री एसटी मोर्चा, राजकुमार राम मंडल महामंत्री इचाक पूर्वी बालेश्वर राम पूर्व जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा हजारीबाग परमेश्वर रविदास अध्यक्ष एससी मोर्चा इचाक महेश तिग्गा शामिल।

### वज्रपात से चार लोग झुलसे

**पदमा।** बंदरबेला में आकाशीय बिजली गिरने से 4 लोग घायल हो गए हैं। जिसमें से एक की हालत गंभीर बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ए लोग कोदवा टाँड के समीप अपने खेत में काम करने गए थे । घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया । जिसमें से एक महिला पूनम देवी पति ढुकराल प्रसाद मेहता उम्र लगभग 40 वर्ष की मृत्यु हजारीबाग सदर अस्पताल हो गई।

### शॉर्ट सर्किट से हाईवा में लगी आग

**चरही।** थाना क्षेत्र के 45 कांटा के समीप मंगलवार को लगभग 4:30 बजे एक चलती हाईवा में अचानक आग लग गई।जिस कारण हाइवा जलकर राख हो गई।जानकारी के अनुसार हाईवा संख्या जेएस-02एफ/8956 सीसीएल के तापिन नॉर्थ परियोजना से कोयला लादकर चरही रेलवे साइडिंग जा रही थी।तभी 45 कांटा के पास शॉर्ट सर्किट से चलती गाड़ी में आग लग गई। ड्राईवर के सूझ-बूझ के कारण गाड़ी को 45 कांटा के पास मैदान में लगा कर किसी तरह अपने जान बचाकर भाग निकले।जिससे बड़ी घटना होते-होते बच गई। उसके बाद दमकल विभाग को सूचना दे दी गई। सूचना पर दमकल विभाग पहुंचकर गाड़ी में लगे आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। जिससे काफी देर बाद गाड़ी में लगी आग पर काबू पाई जा सकी।

### ग्रेजुएशन डे पर बांटे गये सर्टिफिकेट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू के उच्चरिंगा में अवस्थित जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में हेड हेल्ड हाई , बेंगलुरु के सहयोग से क्षेत्र के युवाओं के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा था। मंगलवार को बैच के सभी छात्र/ छात्राओं को ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम में सर्टिफिकेट दिया गया। कार्यक्रम में 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इन छात्र-छात्राओं को संस्थान द्वारा छः माह का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिंदाल स्टील एंड पावर पतरातु के प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया ने ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहे प्रयास की सराहना किया। उन्होंने कहा ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू और हेड हेल्ड हाई, बेंगलुरु के द्वारा जो प्रशिक्षण दिया गया, इसका सीधा लाभ स्थानीय युवाओं को मिलेगा।

### मरांडी के नेतृत्व में भाजपा और भी मजबूत होगी : सतीश मोहन मिश्रा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने मंगलवार को प्रेस बयान के माध्यम से अपने मंडल की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को शीर्ष नेतृत्व के लिए बधाई देते हुए धन्यवाद कहा है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के नवनियुक्त झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार मिश्रा ने कहा है कि उनके नेतृत्व में पूरे प्रदेश में भाजपा और भी मजबूत होगी।

# रामगढ़ में चोरी के आधा दर्जन बाइक बरामद, चार गिरफ्तार

## रांची से बाइक चोरी कर रामगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में बेचते थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची से बाइक चोरी कर रामगढ़ जिले के ग्रामीण इलाकों में बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार, छह बाइक बरामद रामगढ़। पुलिस ने रांची जिले में सक्रिय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। रांची से चोरी की गई बाइक को रामगढ़ जिले के ग्रामीण इलाकों में बेचने का धंधा किया जा रहा था। इस मामले की जानकारी मंगलवार को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। उन्होंने बताया कि रांची जिले के भीड़भाड़ वाले इलाके से चोरी की गई बाइक को रामगढ़ के पतरातू व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेचा जाता था।

इस मामले का खुलासा तब हुआ जब तीन जुलाई को वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को पकड़ा गया। गिरफ्तार चोरों में रांची जिले के बुड़मू थाना क्षेत्र अंतर्गत ईचापीढ़ी निवासी शोएब मलिक और पतरातू के टेरपा गांव निवासी शिव शंकर कुमार प्रजापति शामिल थे। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने यह भी बताया कि वे लोग टेरपा गांव के ही शिवम कुमार साहू और आनंद कुमार के साथ मिलकर 5 और बाइक चोरी की है, जिसे उनके घरों में छुपा कर रखा गया है। पुलिस ने छापेमारी की तो आनंद और शिवम कुमार साहू को भी गिरफ्तार किया। उनके पास से 5 हीरो पैशन प्रो बाइक और एक हीरो होंडा सीडी डीलक्स बरामद किया गया। पांच मोटरसाईकिल को छिपाकर रखे हैं। अभी जाने पर उक्त सभी मोटरसाईकिल को बरामद करा सकते है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने उक्त अभियुक्तों के साथ ग्राम टेरपा से छह मोटरसाईकिल की बरामदगी की। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा स्वीकारोक्ति बयान में मोटरसाईकिल चोरी करने की बात स्वीकार की गई है। छापामारी दल में पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह पुअनि अभय कृष्ण गिरि,पुअनि निर्मल उरांव एवं पतरातु थाना के सशस्त्र बल जवान शामिल थे।

### ये हुए गिरफ्तार

1. सोहेब मल्लिक,करीम मल्लिक, ग्राम-ईचापिड़ी, थाना-बुड़मू जिला-रांची ।
2. शिवशंकर कुमार प्रजापति, भिखु प्रजापति, ग्राम-टेरपा, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़।
3. आनन्द कुमार साव,पिता-सुकदेव साव, ग्राम-टेरपा, थाना- पतरातु जिला- रामगढ।
4. शिवम कुमार साव, पिता स्व० राजेश साव, ग्राम-टेरपा, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़।

### बरामद मोटरसाइकिल

1. काला रंग का बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के हीरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल चेचिस नं०-एमबीएचएलए10एडब्लूसीजीजी 26597 एवं इंजन नं एचए10ईएनसीजीजी69838
2. हीरो होंडा सीडी डिलॉक्स नं जेएच01यू0682
3. हीरो पैशन प्रो जेएच01डब्लू 7439
4. हीरो पैशन जेएच01सीएफ 8160
5. हीरो पैशन प्रो जेएच 01एन 825(अंतिम अंक घिसा हुआ)
6. हीरो पैशन जेएच 02एस 0403

## एक नजर में

### बाबूलाल मरांडी को रंजीत चंद्रवंशी ने दी बधाई



**बरही।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किये जाने पर भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने दी बधाई। उन्होंने मरांडी को एक कुशल नेतृत्वकर्ता बताते हुए कहा कि वे एक अच्छे वक्ता भी है। उनके अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके नेतृत्व में संगठन और उन्नति करेगा तथा उनके नेतृत्व में निश्चित ही संगठन नयी बुलंदियों को प्राप्त करेगा। 2024 लोकसभा व विस चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी।

### लोस व विस चुनाव में भाजपा जीतेगी : मनोज

**बरही।** झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किये जाने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव समेत भाजपाइयों ने खुशी जाहिर की है। भाजपाइयों ने बधाई देते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखण्ड की राजनीति में परिपक्व है। कहा कि बाबूलाल मरांडी के अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके नेतृत्व में संगठन और उन्नति करेगा तथा उनके नेतृत्व में निश्चित ही संगठन नयी बुलंदियों को प्राप्त करेगा। 2024 लोकसभा व विस चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी। बधाई देने वालो में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतारियार, अर्जुन साव, गणेश यादव, डोमन पांडेय, मुकुंद साव, राजेन्द्र चंद्रवंशी, भाजपा वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार साहू, बंधन यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरी, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री पप्पू चंद्रवंशी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रितेश केशरी, अमित सिंह सहित सैकड़ो भाजपाई शामिल है।

### 93 प्रधानमंत्री आवास जल्द बनायें : बीडीओ

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री आवास योजना हजारीबाग सदर प्रखण्ड मे लगभग 93 प्रधानमंत्री आवास अधूरे है। बीडीओ गुंजन कुमारी सिन्हा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर बैठक की । इसमें सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया 93 अधूरे आवास को जल्द से जल्द पूरा कराएं। हजारीबाग सदर प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कच्चा मकान में रहने वाले लोगों को पक्का मकान देने की कवायद 2016 से शुरू की गई थी ,जिसके बाद लगातार 2021 तक जरूरतमंद को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया था , लेकिन 93 लाभुकों द्वारा आवास की राशि मिलने के बाद भी आवास का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया। जिसके वजह से वर्ष 2022-2023, 2023 -2024 दो वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा आधा अधूरा आवास ही बन पाया ,लाभुक अगर 15 दिन के अंदर पूरा नहीं करते हैं तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### डीवीसी पेंशनर का कोनार डैम में प्रदर्शन

**विष्णुगढ़।** डीवीसी कर्मचारियों को 1972 से पेंशन दिया जा रहा है लेकिन विभाग द्वारा अचानक 28 अप्रैल 23 को प्रबंधन द्वारा पेंशन भुगतान को सीपीपीसी के तहत एसबीआई और पीएनबी को दिया जबकि डीवीसी पेंशनर्स को नौ बैंकों से पेंशन दिया जाता था। डीवीसी पेंशनर्स ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि बिना कोर्ट के आदेश अथवा किसी यूनियन के सलाह के अचानक इस तरह का निर्णय किसी सरकारी संस्था के लिए उचित नहीं है।

# फार्मासिस्ट संघ ने किया प्रदर्शन



**हजारीबाग।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वधान मे हजारीबाग जिले एवम अन्य जिलों से आए हुए फार्मासिस्टो ने राज्य सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। फार्मासिस्टो ने कहा की 28 जून 2023 को नगड़ी रांची मे एक कार्यक्रम के दौरान हेमंत सोरेन के द्वारा फामेर्सी एक्ट की जानकारी के अभाव में गलत बयान दिया गया है। कहा कि अब दवा दुकान खोलने में फार्मासिस्ट की डिग्री की जरूरत नहीं होगी ,जो सरासर इनका बयान गलत है। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अमरदीप कुमार ने कहा की मुख्यमंत्री को फामेर्सी एक्ट की जानकारी नहीं है, अगर ऐसा रहा तो मुख्यमंत्री के अनुसार किसी भी विभाग मे कोई डिग्री की जरूरत नहीं है , फिर सरकार इतना कॉलेज क्यों खोल रहे हैं, क्यों डिग्री करवा रहे हैं, पीसीआई भारत सरकार के गजट ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 एवं 1945 एवं पीपीआर 2015 फामेर्सी एक्ट के आलोक में सिर्फ और सिर्फ एक निबंधित फार्मासिस्ट को फामेर्सी का पूर्ण अधिकार है, झारखंड राज्य में पीपीआर फामेर्सी एक्ट 2015 जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है , इस एक्ट में फार्मासिस्ट को फामेर्सी प्रैक्टिस का पूर्ण अधिकार है, उन्होंने यह भी मांग रखी की सरकार अपने बयानों को वापस ले अन्यथा फार्मासिस्ट संघ इनके गलत बयानों को लेकर न्यायालय जाने की बात कही । आर एस कॉलेज ऑफ फामेर्सी कॉलेज के प्रोफेसर मिथिलेश कुमार ने कहा की सरकार जनमानस के साथ खिलवाड़ करना चाहती है,फामेर्सी प्रशिक्षित फार्मासिस्ट से ही दवा दुकान खोली जाए अन्यथा अप्रशिक्षित लोगों के द्वारा दवा देने से मरीजों की जान माल की छती भी हो सकती है। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरदीप कुमार, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार जिला सचिव सुजीत कुमार प्रोफेसर मिथिलेश कुमार प्रोफेसर उज्जवल कुमार , डॉक्टर अनिल कुमार ,अरविंद झा ,अविनाश कुमार , लेक्चरर स्नेहा सिंह ,श्रवण कुमार ,धर्मेंद्र कुमार, सूरज कुमार ,नंदनी कुमारी ,निक्की कुमारी ,अंजली रानी ,प्रकाश मेहता, शुभम कुमार, रोशन अंकित पटेल, खुशी कुमारी ,राहुल कुमार रवि कुमार रजक ,ओम प्रकाश विनय यादव कुणाल कुमार गुप्ता ,विमल कुमार, योगेंद्र कुमार ,एवं भारी संख्या में फार्मासिस्ट गन उपस्थित हुए ।

### पर्यटन, विकास व डीएमएफटी मद से चल रही योजनाओं को जल्द पूरा करें : डीसी

**रामगढ़ ।**अनाबद्ध निधि, पर्यटन, विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाना है। बरसात के मद्देनजर अधिकारियों को नियमित तौर पर निरीक्षण कर उसे पूरा करना होगा। यह बातें मंगलवार को समीक्षा बैठक के दौरान डीसी माधवी मिश्रा ने कही। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं से कहा कि विभिन्न विकास कार्यों एवं सरकार की योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द लोगों को मिले। इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि आप सभी अपने कार्यों को गंभीरता से करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने एवं कार्य प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने बरसात के मौसम के मद्देनजर योजनाबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के संबंध में अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को वैसे पुराने आंगनवाड़ी जिनके लिए नए भवन का निर्माण कराया गया है उनका संचालन जल्द नवनिर्मित भवन में शुरू करने का निर्देश दिया।

### घायलों से मिले सदर विधायक

**हजारीबाग।** घटना की जानकारी मिलने पर विधायक मनीष जायसवाल सक्रिय हुए और अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, सदर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार और कार्यलय कर्मी विशेषांक वर्मा सहित अन्य लोगों को तत्काल अस्पताल भेजकर सहयोग किया। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने घायलों का आरोग्यम हॉस्पिटल में जाकर भी कुशलक्षेम जाना एवं पोस्टमार्टम प्रक्रिया में मदद पंहुचाया। खुद विधायक जायसवाल भी अस्पताल पहुंचे और घायल के परिजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया और शवों को उनके घर तक अपने विधायक निधि के दोनों एम्बुलेंस सहित अन्य एम्बुलेंस के जरिए भेजवाने में सहयोग किया। विधायक मनीष जायसवाल ने इस घटना को हृदयविदारक घटना बताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए और शोकाकुल परिवार जनों को इस दुख से उबरने के लिए अदम्य शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की ।

# गुरु पूर्णिमा पर संस्कार भारती ने किया सम्मानित

**खबर मंत्र संवाददाता**



हजारीबाग। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को संस्कार भारती हजारीबाग द्वारा नाट्य विधा के राकेश गौतम एवं सोहराय व कोहबर कला की रुकमणी देवी को गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें मोमेंटो व शॉल दिया गया। सम्मान समारोह की शुरूआत संगीत विधा प्रमुख शोभा सिन्हा एवं साथी द्वारा संस्कार भारती के ध्येय गीत 'साधयति संस्कार भारती.....' से की गई। तत्पश्चात गुरु वंदना की गई। गुरु सम्मान में शोभा सिन्हा एवं साथी तथा अंकिता द्वारा कई भजनों की भी प्रस्तुति दी गई। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने उनकी उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की और कहा कि दोनों को सम्मानित कर पूरा संस्कार भारती परिवार स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर प्रांत महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष कुमार केशव, उपाध्यक्ष अनिल पृथ्वी, सह मंत्री राजीव कुमार झा, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, तोड़ाबल, तारकेश्वर, सुमन, मधु, अंकिता , जया, पूजा सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन शोभा सिन्ह ने एवं मंच संचालन लोक विधा प्रमुख संजय कुमार तिवारी ने किया। अंत में संस्कार भारती हजारीबाग के जिला मंत्री राकेश रंजन ने सभी आगंतुकों को इस पुनीत अवसर का साक्षी बनने के लिए हृदयतल से धन्यवाद ज्ञापित किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114 • Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-10 / 2023–24**

**दिनांक–03.07.2023**

1- विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3- परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 09-07.2023 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 15.07.2023 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15-07.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

9. कार्य का विवरण :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 200x150 mm dia & 150 mtr. depth HYDT, Supplying and installation of 2.0 HP Solar Motor pump set, Const. Of Soak pit and Const. Of 08 Seater Community toilet etc. work at **Primary Health Centre, Kandi** under D.W.& S.Division, Garhwa for the year 2023-24 | 24,65,804/- | 50,000/- | 5000/- | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 301378 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0आर0ई0पी0, चतरा**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/17/2023 दिनांक– 04.07.2023

1. मद का नाम: DMFT योजना अन्तर्गत :–

| क्र. सं. | प्रखंड | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चतरा नगर परिषद | वार्ड संख्या– 14 एवं 15 में अर्जुन रजक के घर से मदीना मस्जिद होते हुए मुसा स्कूल तक एवं सकुरिया मस्जिद से चिना मैदान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 16534170 | 330700 | 10000 | 12 माह |
| 02 | चतरा नगर परिषद | वार्ड संख्या– 03 में अजन्ता प्रेस से ट्रेंचिंग ग्राउंड तक कालीकरण एवं नाली निर्माण कार्य। | 11354568 | 227100 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.07.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 19.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा एवं (iii) अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग। में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 20.07.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 21.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 7979730487 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम / एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhand tenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 301399 NREP (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।**
**जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत**

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा संख्या – 01/2023-24/NREP/GARHWA दिनांक – 03.07.2023

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डण्डा | NREP/ GARHWA/ 01/2023-24 | हाई स्कूल किकरा डण्डा में चार अतिरिक्त कमरों का निर्माण। | 64.830 | चौसठ लाख तिरासी हजार रूपये। | 10000 | 130000 | तीन माह |
| 2 | मेराल | NREP/ GARHWA/ 02/2023-24 | मध्य विद्यालय, मेराल का अवशेष कार्य पूर्ण कराने संबंधी। | 7.496 | सात लाख उन्चास हजार छः सौ रूपये। | 1250 | 15000 | तीन माह |
| 3 | गढ़वा | NREP/ GARHWA/ 03/2023-24 | सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज में एक बोरिंग एवं एक प्याउ का निर्माण। | 4.290 | चार लाख उनतीस हजार रूपये। | 750 | 9000 | तीन माह |
| 4 | मेराल | NREP/ GARHWA/ 04/2023-24 | मेराल बस स्टैण्ड से सामुदायिक शौचालय का निर्माण। | 24.959 | चौबीस लाख पन्चानबे हजार नौ सौ रूपये। | 5000 | 50000 | तीन माह |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.07.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यालय प्रकोष्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:– 24.07.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.07.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम / खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम गढ़वा

PR 301367 Rural Development(23-24)D

## स्पीड न्यूज

### अमरनाथ यात्रा पर 62 भक्त हुए रवाना



**गुमला।** गुमला जिला से मंगलवार को अमरनाथ यात्रा के लिए 62 भक्तों का जत्था रवाना हुआ। गुमला से सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी, नगर भाजपा अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने सभी भोले भक्तों को शुभकामनाएं देकर विदा किया। ये सभी लोग रांची से जम्मूतवी रेल में रवाना होंगे। यात्रा में जाने वालों में मनोज साहू, बलराम साहू, बैद्यनाथ चौधरी, बबलू चौधरी, रायजीत साहू, अर्पणा देवी, गोपाल शर्मा, दिनेश साहू, बिनोद प्रसाद, विदेश तिर्की सहित अन्य भक्त शामिल हैं।

### सतर्कता व मॉनीटरिंग समिति की बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में अधिनियम अंतर्गत प्राप्त कुल 33 मामलों की चर्चा बिंदुवार हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, आइटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, सदस्य शिक्षा विभाग लोहरदगा के सहायक अभियंता रघुनंदन उरांव, सेन्हा निवासी किनेश्वर महतो, सचिव प्रदान लोहरदगा आदि उपस्थित थे।

### मजदूरों के पैसे हड़पने का आरोप



**गुमला।** पालकोट प्रखंड के बघिमा उवि मैदान में मंगलवार को सुरेश विश्वकर्मा की अध्यक्षता में मजदूरों की बैठक हुई। जिसमें मजदूर संदीप गोप के बकाया मजदूरी भुगतान पर चर्चा करते हुए सदस्यों ने कहा कि मजदूर नेता जुमन खान ने संदीप के बकाये पैसे को अपने खाते में डलवा लिया है। संदीप पैसे मांगने पर वापस नहीं दे रहा है। कहा गया कि प्रवासी मजदूरों का पैसा भी दो माह पूर्व अपने खाते में डलवा लिया था। झारखंड मजदूर यूनियन के झारखंड प्रभारी धनु लोहरा ने कहा कि जुमन अपने को मजदूर नेता कहता है और मजदूरों का ही शोषण करता है। बकाया राशि पर कार्रवाई नहीं हुई तो सभी प्रखंडों में आंदोलन किया जायेगा। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, जिला प्रभारी प्रतीक महतो, धनेश्वर खड़िया, सुनील गोप, सुरेश खड़िया, कवि चीक बड़ाईक, रवि चीक बड़ाईक, कार्तिक भगत, दयाल गोप, दीना साहू भी थे।

### घबरा रहे हैं छुटभैये नेता : अरविंद मिश्रा

**गुमला।** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने कहा है कि मोदी जी की लोकप्रियता और भाजपा के बढ़ते जनाधार से घबराकर कुछ छुटभैये नेता राजनीतिक सौदेबाजी को बढ़ावा देने के उद्देश्य गुमला जिला में राजनैतिक चरागाह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के नाम से समाज को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और भाजपा के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। इसकी भाजपा गुमला जिला कड़ी शब्दों में निंदा करती है और समाज को ऐसे नकाबपोश नेताओं से सचेत रहने की अपील करती है।

### धड़ल्ले से हो रहा है बाल विवाह : प्रमुख



**जारी।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने की। संस्थान के प्रखंड कोऑर्डिनेटर नूर मोहम्मद अंसारी ने बताया कि नोबेल पुरस्कार प्राप्त श्री कैलाश सत्यार्थी बच्चों के हित में पूरे देश में काम कर रहे हैं। गुमला जिले के 7 प्रखंडों के 150 गांव में लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान कार्य कर रहा है। जिसमें जारी प्रखंड भी है। मौके पर जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक फूलमाईत देवी, रजनी मिंज, माइकल कुजूर, चाजरेण मिंज, भालेन मिंज, विनोद उरांव विनय एक्का, महिंद्र उरांव, अजय कश्मीर टोप्पो आदि थे।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की फरियाद, समाधान का आश्वासन



**गुमला।** उपायुक्त ने मंगलवार को जनता दरबार में जिले के दूरदराज के इलाकों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और समस्याओं के निराकरण हेतु अधीनस्थों को दिया निर्देश। जनता दरबार में गुमला सदर प्रखंड के भरदा ग्राम निवासी भुवनेश्वर साहू ने एनएच 23 में पलमा गुमला पथ चौड़ीकरण के दौरान उनके जमीन के लिए मुआवजा राशि नहीं मिलने की उपायुक्त से शिकायत की। वहीं गुमला निवासी रवि उरांव ने अपने दिव्यांगता के बारे में बताते हुए ट्राय साइकिल की मांग की। जिसे उपायुक्त ने तुरंत उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारी को पत्र अग्रसारित किया। घाघरा निवासी अंजु सिंह ने अपने आवेदन में प्रधान मंत्री आवास की मांग की। वहीं इस दौरान जमीन विवाद से संबंधित सबसे अधिक मामले देखने को मिले। गुमला निवासी संध्या नायक ने 10+2 बालिका विद्यालय में अपने एडमिशन हेतु उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। फसिया पंचायत के ग्रामीणों ने आवेदन समर्पित करते हुए अपने गांव के बिजली के पोल के खराब होने की समस्या से उपायुक्त को अवगत करवाया। गम्हरिया निवासी कर्मी उरांव ने अपने पति के सड़क दुर्घटना से हुए मृत्यु के लिए मुआवजा राशि की मांग की। पालकोट निवासी बबलू नायक ने अपने दिव्यांगता के बारे में बताते हुए सरकार से सहायता की मांग की। जनता दरबार में इस बार कुल 18 आवेदकों द्वारा उपायुक्त के समक्ष आवेदन समर्पित करते हुए सहायता की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लिया उन्होंने कुछ आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया।

# सावन का पहला दिन : आंजन धाम में पूजा-अर्चना को उमड़े भक्त

## भक्तों ने भगवान के समक्ष मत्था टेककर देश व परिवार के कल्याण की कामना की

- बसिया के पंकज कुमार ने अपनी बेटियों के जन्मदिन पर किया भव्य भंडारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सावन का पवित्र माह आरंभ होते ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शिवलिंग में जलाभिषेक कर भक्त स्वयंभू भगवान भोलेनाथ से मनोकामना पूर्ति का वरदान मांग रहे हैं। मंगलवार से सावन का पवित्र माह आरंभ हो गया। वर्षों बाद इस बार सावन का महीना दो माह चलेगा। जिसको लेकर भक्तों में खासा उत्साह है। गुमला की धरती शिवमय है; क्योंकि भगवान शिव हनुमान के रूप में रूद्र अवतार में गुमला के आंजन धाम में जन्म लिये हैं।

➲ जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से मांगा मनोकामना पूर्ति का वरदान



➲ हनुमान के रूप में रूद्र अवतार में गुमला के आंजन धाम में जन्म लिये हैं भगवान शिव



वहीं बाबा टांगीनाथ धाम भी गुमला का विश्व विख्यात धार्मिक स्थल है। जहां विशालकाय त्रिशुल हमेशा भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। सावन के पहले दिन मंगलवार को रूद्र अवतार हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा है। हनुमान चालीसा के पाठ से आंजनधाम गुंजायमान हो उठा।

### जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारे से गूंज उठा आंजन धाम

जय श्री राम और जय हनुमान के गगन भेदी नारे भक्तों ने पूजा अर्चना के दौरान लगायी। दूर-दूर से सावन के पहले दिन पूजा अर्चना करने लोग आंजन धाम पहुंचे थे। सावन के पहले दिन बसिया निवासी पंकज कुमार अपनी जुड़वां बेटियों का जन्मदिन आंजनधाम में मनाया और भक्तों के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया। पंकज कुमार की जुड़वा बेटियां प्रीति व श्रुति मंदिर में पूजा अर्चना की और भगवान के समक्ष भंडारे का प्रसाद का भोग लगाकर देश व समाज के कल्याण की प्रार्थना की। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कंपनी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में बोले उपायुक्त

# सीएसआर के तहत हिंडाल्को बनाये स्पेशल आंगनबाड़ी केंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सीएसआर कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सीएसआर हिंडालको कंपनी अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के विकास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। पूर्व में दिये गये निर्देश के आलोक में प्रबंधक (सीएसआर) हिंडाल्को कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 -23 में शिक्षा, स्वास्थ्य, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण आदि क्षेत्रों में कार्य किया गया है। इसके अलावा टीबी मरीजों को गोद लेने, बांस कारीगरों के बीच टूल किट वितरण, एंबुलेंस संचालन, स्कूल बस संचलन जैसे कार्य भी सीएसआर मद से किए जा रहे हैं। इसके अलावा हिंडाल्को द्वारा सीएसआर मद से कुएं बनाने का भी कार्य किया जा रहा है। जिससे पानी की समस्या से लंबे समय तक ग्रामीणों को मुक्ति मिल सके।



बैठक में निर्देश देते डीसी व उपस्थित लोग।

**खास बातें :** इस दौरान बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीएसआर अंर्तगत होने वाले कार्यों की योजना पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2022 23 के बचे हुए कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कंपनी द्वारा संचालित एंबुलेंस का नंबर सभी अस्पतालों के बाहर लिखने को कहा। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष की योजना अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत करने एवं हिंडाल्को स्पेशल आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण करने की बात कही। उन्होंने जलापूर्ति से संबंधित कार्यो को जिसमें जल मीनार की मरम्मती, चापाकल मरम्मत आदि जैसे कार्यो को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# जिले के लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आइआइएम से हुआ एमओयू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** नीति आयोग आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्राप्त अवार्ड मनी अर्न्तगत जिला के विभिन्न स्थापित / स्थापना प्रक्रियाधीन लघु उद्योग-धंधों से संबंध समिति, समूह, स्वयं सहायता समूह, प्लास मार्ट एवं अन्य महिला मंडल द्वारा उत्पादित वस्तुओं/ सामग्रियों के बाजार तक सुलभ पहुंच एवं बेहतर आमदनी सुनिश्चित करने के लिए व्यवसायिक समझ एवं विपणन दक्षता के विशेष ज्ञान की आवश्यकता होती है। इसी उदेश्य से देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थान भारतीय प्रबंधन संस्थान (ककट), रांची से एमओयू किया गया है। जिसके तहत जिले में स्थापित बांस उद्योग, पोषाक उद्योग, स्वेटर उत्पादन इकाई, डोकरा उत्पादन इकाई, दर्री कालीन उत्पादन इकाई, तेल उत्पादन इकाई, प्लास मार्ट जैसे छोटे-छोटे उद्योगों से जुड़े समूहों के कुल 30 लाभुकों का विपणन प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण आइआइएम रांची के माध्यम से करायी जानी है। इस क्रम में आईआईएम, रांची से आये प्रोफेसर सत्यम एवं प्रोफेसर स्वेता झा के द्वारा लाभुकों के साथ प्रारम्भिक परिचर्चा की गयी। इस उद्यम परिचर्चा में जिला के इन उद्यमियों को आ रही कठिनाइयों के विषय में जानने एवं समझने का प्रयास किया गया ताकि आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण की स्थानीय भाषागत समझ के अनुरूप रूपरेखा तैयार की जा सके। साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थी के शंकाओं का निराकरण करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रति जागरूक एवं उत्सावर्द्धन किया जा सके।



बैठक करते लोहरदगा के उपायुक्त व अन्य पदाधिकारी।

## ग्रामीण क्षेत्र में पशुधन योजना से लाभुक हो रहे लाभान्वित : उपप्रमुख पॉल पन्ना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** पशुधन योजना के तहत प्रखंड पशुपालन परिसर सेन्हा में चयनित लाभुकों के बीच उपप्रमुख के द्वारा अनुदान पर बकरी वितरण किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के इच्छुक लाभुक के बीच मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 75 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत अनुदान पर बकरी पालन को बढ़ावा देने हेतु बकरी वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित पशु चिकित्सा परिसर सेन्हा में उपप्रमुख पॉल पन्ना की उपस्थिति में अलग अलग पंचायत क्षेत्र का गांव के सात महिला को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर एक लाभुक के बीच चार बकरी एवं एक बकरा वितरण किया गया। इस संदर्भ में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक लाभुक को चार बकरी एक बकरा दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा 10 केजी का बकरी तथा 12 केजी का बकरा देने का प्रावधान है।



## गुमला जिले के संप्रेक्षण गृह में हुई स्मार्ट क्लासेस की शुरुआत

- उपायुक्त ने किया ऑनलाइन परीक्षण एवं पाया संचालन के लिए उपयुक्त
- संप्रेक्षण गृह के किशोरों को अब दिया जायेगा ऑनलाइन प्रशिक्षण, डिजिटल माध्यम से करेंगे ज्ञानार्जन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पिछले एक वर्षों से संप्रेक्षण गृह में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। वहां के सकारात्मक वातावरण के लिए चाइल्ड फ्रेंडली वॉल पेंटिंग एवं अच्छे विचारों का दीवार लेखन किया गया। वहीं शिक्षा के व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर लैब जैसी सुविधा का प्रारंभ किया गया। योग मेडिटेशन को दिनचर्या बनाते हुए बच्चों के मानसिक विकास पर भी कार्य किया जा रहा है। इसी सकारात्मक कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को संप्रेक्षण गृह में डिजिटल क्लास रूम की सुविधा का प्रारंभ किया गया। उपायुक्त सुशांत गौरव ने नवनिर्मित स्मार्ट क्लास का ऑनलाइन परिक्षण भी किया।



### गुमला : वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुमला।** थाना क्षेत्र के तेलगांव डैम में दोस्तों के साथ नहाने गये तेलगांव निवासी शंकर साहु के 18 वर्षीय पुत्र पंकज साहु की वज्रपात से मंगलवार की शाम मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पंकज साहु अपने दोस्तों के साथ तेलगांव डैम नहाने गया था। उसके दोस्त डैम में नहाने के लिए प्रवेश किये थे। पंकज डैम के बाहर ही था कि अचानक वज्रपात हुआ। जिसकी चपेट में आने से वह जख्मी हो गया। जख्मी हालत में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास, रिम्स रेफर

**गुमला।** थाना क्षेत्र के धनगांव करम टोली निवासी डालजी गोप (45) पत्नी से विवाद के बाद कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जब स्थिति खराब होने लगी तब जाकर परिजनों को इसकी सूचना दी। जिसे आनन-फानन में परिजन सदर अस्पताल गुमला लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### कैरो प्रखंड में लगातार हो रही बारिश



**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही आंधी तूफान व बारिश के कारण किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कड़कड़ाती धूप में कड़ी मेहनत के बाद तैयार फसल को ठीक बाजार ले जाने के वक्त हो रही बारिश के कारण धनिया, मिर्चा गोभी सहित फसल खेतो में ही सड़ने लगा है। एक तरफ धान की विचड़ा नही कर पाने का दु:ख तो दूसरी तरफ खेतों में तैयार फसल का नुकसान होने से क्षेत्र के किसान बंधु उरांव, बहादुर उरांव, बुलु महतो, बीरबल महली सहित दर्जनों किसानों का कहना है कि चौतरफा मार से किसान की स्थिति सुधरने का नाम नही ले रही है।

### सावन के पहले दिन शिवालय में उमड़ी भीड़



**कैरो।** श्रावण मास की पहले दिन प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न शिवायल व मंदिरों में सुबह से शिवभक्तों द्वारा जलाभिषेक व पूजा अर्चना किया गया। मौके पर खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर, गजनी महादेव मंडा, सढ़ाबे शिव मंदिर सहित विभिन स्थानों में भक्तों द्वारा बोल बम, हर-हर महादेव, जय भोलेनाथ के महामंत्रों के साथ पूजा अर्चना कर खुद व क्षेत्र में शुख शांति की कामना की गयी। वहीं दक्षिणी दिशा में नीरज कांत त्रिपाठी व उतरी दिशा क्षेत्र में काशीनाथ पांडेय ने भक्तों को विधिवत पूजा अर्चना करायी। इस बार दो माह श्रावण होने के कारण भक्तों में एक अलग ही उत्साह दिखाई दे रहा है।

### प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला भाजपा ने दी बाबूलाल को बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री वर्तमान भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किये जाने पर लोहरदगा जिला संगठन एवं जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है। बधाई देने वाले भाजपा राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव हैं।



### बाइक से गिरे तीन युवक सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** थाना क्षेत्र के मसरिया मोड़ के समीप बाइक सवार कुहीपाठ बरवाटोली का निरंजन उरांव (22), बंधनु उरांव (18) व सुनील उरांव (20) गिरकर घायल हो गये। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को घाघरा उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार करते हुए तीनों को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां तीनों का इलाज डॉक्टरों की देखरेख में जारी है। सुनील ने बताया कि बाइक से तीनों घाघरा ठेकेदार से बकाया पैसा लेने के लिए आये हुए थे।

### मैथमेटिक्स ओलंपियाड में डीएवी के हर्षित को मिला जोनल रैंक वन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गुमला।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड, नेशनल साइंस ओलंपियाड तथा इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। फरवरी में रांची केंद्र में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड जोनल लेवल की परीक्षा में दशम के हर्षित अग्रवाल ने जोनल रैंक वन प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आज वंदना सभा में विद्यालय प्रबंधन समिति के वाइस चेयरमैन विनय लाल, प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने हर्षित अग्रवाल के माता-पिता को जोनल गोल्ड मेडल, सर्टिफिकेट आफ जोनल एक्सीलेंस तथा 5000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया।

ऊर्जा दक्षता उपायों पर जागरूकता को लेकर कार्यशाला, लिड्स रेस के योगेश राय बोले

# जल संपदा का अत्यधिक दोहन कर मानव जाति ने जल की उपलब्धता ही कम कर दी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** ऊर्जा दक्षता उपायों पर जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जरेडा व कृषि विज्ञान केंद्र सह लिड्स रेस ने विकास भारती विशुनपुर के सभागार में कार्यशाला मंगलवार को की। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ संजय पांडेय, विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, जरेडा से प्रभाकर झा, इंजिनियर एनो राय, लिड्स रेस से योगेश राय सहित अन्य 60 ऊर्जा आधारित किसान शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत इंजीनियर एनो राय जी ने की। कार्यक्रम शुरुआत उपरांत सोलर आधारित कृषि करने वाले दो किसानो बंधनु उरांव सेरका पंचायत व सुशील लकड़ा नरमा पंचायत के किसान को ऊर्जा के क्षेत्र में नवीनीकरण उपयोग हेतु उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रेस परियोजना के जिला समन्वयक योगेश राय ने कहा कि मानव जाति ने जल संपदा के अत्याधिक दोहन कर जल की उपलब्धता ही कम कर दी है। समुद्र, नदियों व तालाबों जैसे प्राकृतिक निकायों को प्रदूषित कर दिया है। जिससे पानी काम में लाने योग्य ही नहीं है। योगेश राय ने आगे कहा कि बुनियादी ढांचा खड़ा कठिन काम नहीं है। इसे बनाये रखना और इसकी निगरानी करना बड़ी चुनौती है और यही हमें ऊर्जा संरक्षण की ओर ले जाता है और दक्षता भी बढ़ाता है।



कार्यशाला में शामिल लोग।

**खास बातें :** जल और ऊर्जा जैसे दो बुनियादी साधनों की बढ़ती समस्या को केवल समझ बूझ से प्रयोग और प्रभावशाली संरक्षण द्वारा हल किया जा सकता है। रेस परियोजना के माध्यम से बिशुनपुर ब्लाक के सभी 68 गांव में पिछले 4 सालों में एनर्जी के क्षेत्र में बहुत कार्य किए जा रहे हैं। रेस परियोजना के द्वारा बिशुनपुर ब्लाक के सभी पंचायतों में तैयार हो रहा है एनर्जी मॉडल कहीं ना कहीं एक बदलाव का संकेत है। इसके बाद कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. संजय पाण्डेय ने कहा कि भारत की कुल जल खपत का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र का है।

# हमारी अति प्राचीन संस्कृति की अनुपम धरोहर है गुरु शिष्य परंपरा : शिवशंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** स्वामी करपात्री महाराज की स्मृति स्थल स्वामी करपात्री सेवा सदन आश्रम परिसर मसमानो मे सोमवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य रणजीत कुमार पांडेय ने रूद्राभिषेक सहित समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। लाल त्रिलोक नाथ शाहदेव एवं नंदन कुमार सपत्नीक यजमान रहे। परिसर में विराजमान स्वामी करपात्री महाराज की प्रतिमा पर विधिवत पूजन किया गया। गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक अवसर पर बाहर से आये हुए भक्तों ने अपने पूज्य गुरुदेव स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने विधिवत पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवशंकर उरांव पूर्व विधायक गुमला थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वाह्न 10 बजे से रूद्राभिषेक सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान अपराह्न 1:30 बजे प्रसाद वितरण एवं भंडारा संपन्न हुआ। 3 बजे से मंचीय कार्यक्रम-पहान-पुजार एवं आगंतुक अतिथियों का स्वागत, मुख्य अतिथि ने वक्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

### गुरु-शिष्य परंपरा को अक्षुण्ण रखने की जरूरत



गुरु पूर्णिमा महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि शिवशंकर उरांव ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा हमारे अति प्राचीन संस्कृति अनुपम धरोहर है। हमें इस परंपरा को अक्षुण्ण बनाये रखने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष डॉ विंदेश्वर ने कहा कि आज के इस भौतिक युग में भी गुरु अपने मानव जीवन को सार्थक बनाने में समर्थ हैं। आज के इस भौतिक युग में भी गुरु शिष्य परंपरा का अपना एक अलग पहचान है। गुरु ही हमें अंधकार से प्रकाश की ओर तथा नर को नारायण में परिणत कर सकते हैं। अध्यक्षता लाल त्रिलोक नाथ शाहदेव और मंच संचालन समिति के सचिव अभय कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम में लाल नागेंद्र नाथ साहदेव, लाल त्रिभुवन नाथ साहदेव, लाल मनोज कुमार साहदेव, लाल दीपक नाथ साहदेव, लाल नंदकिशोर नाथ साहदेव, पंडित दिवाकर पाठक, सहित पंडरानी, कुम्हरिया, आदर, विशुनपुर, सिठियो, मसमानो, बरही, भौंरो के 200 अधिक धर्म प्रेमी महिला पुरुषों की उपस्थिति रही। अखंड हरि कीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया।

## स्पीड न्यूज

### वज्रपात से एक की मौत

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी कुलदीप राम के पुत्र शिव शंकर प्रसाद 50 वर्ष की वज्रपात से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृतक के परिजन ने बताया कि शिव शंकर प्रसाद सोमवार की देर शाम अपना गाय लेने घर से कुछ दूर खेत की और गया हुआ था। हल्की बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। उसके साथ एक बैल की भी घटनास्थल पर मौत हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जहां से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### बीएलओ एवं सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण



**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रभारी नितेश भास्कर ने बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ वोटर आईडी से संबंधित समीक्षा बैठक किया। बैठक में प्रखंड के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर शामिल हुए। बैठक में मतदाता सूची विशेष कार्यक्रम 2024 को लेकर बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। विशेष कर बीएलओ एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान कहा गया कि महिला हो या पुरुष जिसका उम्र 18 वर्ष पूरा हो चुका है उसका मतदाता सूची में नाम जोड़ें और जो मृत हो गया है उसका नाम हटाया जाए। साथ ही कहा कि क्षेत्र के सभी लोगों का पहचान पत्र में आधार लिंक करवाएं। मौके पर श्यामाकांत विश्वकर्मा, पंचायत सचिव लालन बैठा आदि लोग उपस्थित थे।

### सिविल सर्जन कार्यालय पहली बारिश में जलमग्न

**कोडरमा।** सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में पहली बारिश में जलमग्न हो गई है। जिस जगह जलजमाव हुआ है, उसी जगह पिछले साल लाखों रुपया खर्च कर नाली निर्माण व पेवर ब्लॉक लगाया गया था। जिसके बाद भी बरसात के पानी निकासी नहीं हो पाया है। जलजमाव के कारण इमरजेंसी वार्ड में आने जाने वाले मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस जगह वाहन पार्किंग भी है। पानी के जलजमाव से वाहन पार्क किये वाहन पानी में डूब गई। अब सोचने वाली बात यह है कि जिस कारण को लेकर नाली निर्माण व पेवर ब्लॉक लगाया गया था, वह बिल्कुल कारगर साबित नहीं हुआ है।

### बेबी देवी को मंत्री बनाये जाने पर झामुमो में खुशी

**जयनगर (कोडरमा)।** झारखंड सरकार द्वारा पूर्व शिक्षा एवं उत्पाद मंत्री स्व. जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को उत्पाद मंत्री बनाए जाने पर झामुमो नेताओं व कार्यकताओं में खुशी की लहर है। खुशी जाहीर करने वालों में गोपाल यादव, अशोक सिंह, नौशाद आलम, रामेश्वर यादव, संदीप कुमार पांडे, विनय राम, लक्ष्मण राणा, जगरनाथ पासवान, गोविंद प्रसाद बिहारी आदि के नाम शामिल हैं।

### बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई

**गढ़वा।** पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर जिले के कार्यकताओं ने बधाई दिया है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी एक कुशल संगठनकर्ता रहें हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर गढ़वा जिले के तमाम कार्यकताओं की ओर से बधाई एवं राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट करते हैं। जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा कार्यकताओं में नया उर्जा का संचार होगा। बधाई देने वालों में भाजपा मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चैबे, मीना गुप्ता, प्रदीप पासवान, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, सुप्रित केशरी, अविनाश पासवान, राजीव रंजन व अन्य शामिल थे।

# महिला की पीट-पीट कर हत्या के मामले में सात गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले सदर थाना क्षेत्र के मसूरियातरी गांव में ग्रामीणों ने प्रेमी युगल की बांध कर पिटाई की थी। इस घटना में प्रेमी गंभीर रूप से घायल हो गया था और प्रेमिका की मौत हो गयी थी। मामला संज्ञान में आते हैं एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। इस घटना में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, और बाकी की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**घटना का विडियो हुआ था वायरल**

चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित रैनी पंचायत के मसूरियातरी गांव निवासी प्रेमी घोपिन गंझू अपनी विवाहिता प्रेमिका सुगिया देवी से मिलने 30 जून की रात उसके घर पहुंचा था। इसी क्रम में गांव के कमल गंझू, अनिल गंझू और बोधा गंझू समेत अन्य ग्रामीण रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद दोनो की मौके पर ही खंभे में बांधकर बेरहमी से पिटाई कर दी। प्रेमिका सुगिया देवी की मौत हो गई। जबकि प्रेमी घोपिन गंझू गंभीर रुप से घायल हो गया। इस घटना का विडियो किसी ने सोशल मिडिया पर डाल दिया। रात के अंधेरे में घटना को अंजाम दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे महिला के परिजनों पर भी ग्रामीणों ने दबाव बनाते धमकाया कि मामले की जानकारी पुलिस को दी, तो अंजाम बुरा होगा। वही वायरल वीडियो पर एसपी राकेश रंजन ने सदर थाना प्रभारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच और कार्रवाई में जुट गई।




**तीन लाख में तय हुआ मौत का सौदा**

महिला की मौत होने के बाद ग्रामीणों ने पंचायत बुलाकर महज तीन लाख में महिला की मौत का सौदा तय कर दिया था। ग्रामीणों ने दोषियों के विरुद्ध केस दर्ज कराने के बजाय गांव में ही पंचायत बुलाकर तीन लाख में महिला की मौत की डील कर ली और आनन-फानन में महिला का शव जला दिया गया।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** आम्रपाली कोलपरियोजना के लकराहीमोड समीप बेलागम कोल वाहन ट्रक के चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों में से एक कि मौत जबकी दो घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बड़गांव निवासी प्रदीप महतो मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी के साथ दो महीने का एक बच्चा लेकर इलाज के लिए चतरा जा रहे थें इसी दौरान आम्रपाली से कोयला लेकर आ रहे बेलगाम ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे मोटरसाइकिल में सवार तीनों लोग घायल हो गया, तीनों घायल को एम्बुलेंस से टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान प्रदीप महतो का मौत हो गया जबकि अन्य दोनों की स्थिति नाजुक देखते हुवे हजारीबाग रेफर कर दिया गया।



मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रँथु महतो एवं टंडवा इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह एसआई अभिनव आनंद अजित कुमार ने पहुंचकर कर घटना का जायजा लिया एवं शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया। घटना के बाद परिजन एवं ग्रामीण सीसीएल एवं ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी के प्रति अक्रोश जाहिर किया।

## बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**गिद्धौर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक दल के नेता बाबुलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर गिद्धौर मंडल के कार्यकताओं ने बधाई दी एवं केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने बहुत ही अनुभवी एवं मेहनती जननेता को प्रदेश की जिम्मेवारी दी है। आने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ पार्टी चुनाव जीतेगी। बधाई देने वाले में भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार,महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, अशोक गुप्ता, बिंदेश्वरी यादव, लखन दांगी, महादेव दांगी,राजेन्द्र दांगी, प्रीतम यादव,संतोष दांगी, सुरेश प्रसाद राणा, विकास पांडेय, महेंद्र राम,बब्लू कुमार साव,बिकास कुमार व अन्य शामिल थे।


# सड़क हादसे पर अंकुश लगाने को लेकर सख्त हुआ प्रशासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आये दिन हो रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने को लेकर जिला प्रशासन सख्ती से नियमों के अनुपालन को लेकर एक ओर जहां उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर अधिकारियों को कई निर्देश दिए जा रहे हैं तो दूसरी ओर मंगलवार को एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा ने जिले के डीजे संचालकों के साथ बैठक कर लाउडस्पीकर एक्ट का पालन कड़ाई से करने का निर्देश दिया। बैठक में शामिल डीजे संचालकों को निर्देशित करते हुए एसडीओ मीणा ने कहा कि डीजे संचालक अपने वाहनों में रॉड के माध्यम से अतिरिक्त जगह बाहर की ओर निकाल देते है। जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावना होती है साथ ही डीजे के तेज साउंड के कारण भी वाहन चालक प्रभावित हो जाते हैं। ऐसे में सभी डीजे संचालक अपने वाहनों में अतिरिक्त स्थान नही निकालें, साथ ही लाउडस्पीकर एक्ट के नियमों का पालन करते हुए डीजे बजाएं, उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थल पर डीजे या अन्य किसी उपकरण का प्रयोग करने से पहले प्रशासन से अनुमति लें, रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे नही बजाएं। एसडीओ ने सभी डीजे संचालकों को अनुमंडल कार्यालय से निबन्धन करवाने और तय मानक पर ही डीजे का प्रयोग करने का निर्देश देते हुए कहा कि नियमों का पालन नही करने और सम्बंधित डीजे संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसडीओ के अलावे डीटीओ भगीरथ प्रसाद, कोडरमा सीओ अनिल कुमार, मरकच्चो सीओ रामसुमन प्रसाद, सभी थाना के थाना प्रभारी व डीजे संचालक, मालिक मौजूद थे।



## वज्रपात की चपेट में आने से 2 की मौत, 1 घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के किसुनपुर अंतर्गत सियानी टोला में वज्रपात के चपेट में आने से दो की मौत एक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार किसनपुर के सियानी समीप हो रहे भारी बारिश में पेड़ के नीचे कई लोग बच रहे थें, इसी दौरान बज्रपात होने से किसनपुर निवासी गोकुल महतो के 18 वर्षीय पुत्री रंजू कुमार एवं नानी घर आए गरी कला के अशोक कुमार के 11 वर्षीय पुत्र रिंकू कुमार मूर्छित होकर जमीन में गिर गया, जिसे तुरंत टंडवा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि किसनपुर के सुरेश महतो के 12 वर्षीय पुत्री घायल हो गई। मौके पर टंडवा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रँथु महतो एवं इंस्पेक्टर विजय सिंह पहुंचे जहां दोनों शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया नीलेश ज्ञासेन समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## एक नजर में

### मध्य विद्यालय में हुआ वज्रपात

**केतार।** मंगलवार को करीब दो बजे प्रखंड के मध्य विद्यालय परिसर में युकिलिप्टस के पेड़ पर वज्रपात हुआ। जिससे स्कूल में पढ़ रहे बच्चो और शिक्षकों की सांसे थम गई। लगा कि आज स्कूल में बड़ा हादसा हो गया। लेकिन ईश्वर का कृपा रही कि किसी तरह का कोई अप्रिय घटना नहीं घटा। घटना के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने बताया कि सुनने में आता है कि हमारे आने से पहले तड़ित चालक लगाया गया था। जिसे चुरा लिया गया। मैं भी कई बार रिपोर्ट कर चुका हूं। लेकिन अभी तक तक नहीं लगाया गया। वज्रपात से सुरक्षा के लिए मैं विभाग से तड़ित चालक लगाने की मांग करने की बात कही है। ताकि भविष्य में किसी तरह का कोई घटना ना घट सके।

### छात्राओं को दी गयी डेंगू से बचने की जानकारी



**कांडी।** मुख्यालय स्थित कस्तूरबा बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा डेंगू रोधी माह जुलाई के तत्वावधान में सभी विद्यार्थियों को डेंगू से बचने का उपाय, इसके होने का कारण तथा इसके इलाज संबंधी जानकारी दी गई। यह जानकारी जिला मलेरिया स्पेशलिस्ट संजय सिंह के द्वारा दिया गया। वहीं स्वास्थ्य से संबंधित विद्यार्थियों को विशेष कई जानकारी दी गई। साथ ही जानकारी देने के पश्चात क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चियों को विभाग के द्वारा उपहार देकर सम्मानित तथा प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में एमपीडब्लू अशोक राम, एमटीएस संजय मिश्रा, वार्डन चंद्रावती सिंह एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

### एक्यूप्रेशर पद्धति से नि:शुल्क इलाज



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के चन्द्री स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में एक्यूप्रेशर पद्धति से थेरेपिस्ट रामरेखा प्रजापति द्वारा रोगियों का लगातार निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। इस दौरान गुरु पूर्णिमा के दिन भी एक दर्जन रोगियों का इलाज किया गया। मंगलवार को इलाज कराने आयी रिंकी देवी, सूर्यमल प्रसाद एवं बिरेन्द्र प्रसाद व उनकी पत्नी ने बताया कि एक्यूप्रेशर पद्धति से तत्काल लाभ मिलता है। इधर इलाज कर रहे श्री प्रजापति ने कहा कि वे प्रतिदिन दस बजे से दो बजे तक वे गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में अपनी निःशुल्क सेवा दे रहे हैं। ताकि गरीब परिवार भी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि एक्यूप्रेशर पद्धति से साइटिका, थाइराइड, कमर दर्द, गर्दन दर्द, माइग्रेन, ब्लड प्रेशर, सुगर एवं स्त्री पुरुष से सम्बंधित सभी प्रकार के असाध्य एवं गंभीर रोगों का बिना दवा का इलाज किया जाता है। मौके पर समाजसेवी सत्या दुबे, नागेन्द्र सिंह, दिनेश पाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### शाखा अधिकारी भरत कुमार के सेवानिवृत्त होने पर उपायुक्त ने किया सम्मानित



**चतरा।** प्रशाखा पदाधिकारी भरत कुमार के सेवानिवृत्ति के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त अबू इमरान सहित उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, सामान्य शाखा पदाधिकारी बिपिन दुबे उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त ने शाखा पदाधिकारी भरत कुमार को पुष्प गुच्छ एवं शॉल भेंट कर उनके सुखी जीवन एवं दीर्घ स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने शॉल ओढ़ाकर सम्मान जताया और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित कार्यालय कर्मियों ने भी उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी।

## स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर पौधरोपण



**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के चचेरिया मोड़ के समीप सामाजिक संगठन जागृति युवा सेना परिषद के सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान युवाओं ने संकल्प लिया कि हम सभी युवा स्वामी विवेकानंद के पुण्यतिथि पर एक-एक पौधा लगाएंगे और उनके विचार पर चल कर सामाजिक सेवा करेंगे। मौके पर समाजसेवी मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, छोटन कुमार सिंह, रवि शंकर गुप्ता, रमेश राम, अशोक ठाकुर, सुशील यादव, पुरुषोत्तम रजक, कंचन पासवान, एसडीएम शर्मा, पिन्टू यादव, अमित यादव, आकाश यादव, पंकज यादव, संजय बैठा, मुकेश बैठा आदि उपस्थित थे।

## बीइओ ने केवटा विद्यालय के दो शिक्षकों को दिया शोकॉज नोटिस

**सिमरिया।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंवटा के प्रधानाध्यापक और शिक्षक को शोकॉज किया है। यह शोकॉज अखबार में प्रकाशित खबर के आलोक में किया गया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक कुणाल किशोर सिंह के द्वारा विद्यालय के कमजोर बच्चों को बिना दर्री बिछाए जमीन पर बैठा देने और छात्रों के द्वारा पानी भरा बाल्टी और अण्डे के छिलके फेकवाने का मामला प्रकाश में आया था। जो कदापि उचित नहीं है। जिसे लेकर संबंधित दोनो शिक्षको को शोकॉज किया गया है। बता दें कि उक्त विद्यालय के शिक्षक द्वारा पढाई कम टाइमपास ज्यादा किया जाता है। पत्रकारो के टीम ने ग्रामीणों के शिकायत पर जब जांच किया तो विद्यालय में बच्चे लापरवाही के तरह जमीन पर बैठाया गया था। जबकि टेबल लगा हुआ था। वहीं शिक्षक क्लास रूम से गायब थे। वहीं शिक्षक कुणाल किशोर सिंह के पूछे जाने पर बताया कि हम लोगों को ऊपर से प्रशिक्षण दिया गया है कि कमजोर बच्चे को जमीन पर एक जगह बैठा कर पढ़ाना है। जिसके कारण तेज बच्चे के साथ कमजोर बच्चों को बैठा कर जमीन पर पढाई चल रही है। दुशरी ओर बच्चे से पानी भरा अंडे के छिलके फेकवाया जा रहा था। जो बिल्कुल गलत है।

### मरकच्चो गोलीकांड में माले नेताओं पर 20 साल बाद आया फैसला

# 20 साल मुकदमा चला, आखिर न्याय की जीत हुई : रामधन

पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव समेत 22 लोग बरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के बहुचर्चित मरकच्चो गोलीकांड मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हजारीबाग के एमपी-एमएलए कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। करीब 20 सालों तक चले सुनवाई के बाद कुमार पवन की कोर्ट ने 22 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। बतादें की 22 जनवरी 2003 को भाकपा-माले ने कानिकेंद जंगल में लूटपाट पर रोक लगाने और थाना को दलालों से मुक्त कराने समेत अन्य मांगों को लेकर मरकच्चो थाना का घेराव किया था। भाकपा माले के जोरदार प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने फायरिंग कर दी थी। पुलिस की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई में माले कार्यकर्ता महेश सिंह, अशोक यादव और रतन मोदी की मौत हो गयी थी। मामले में पुलिस ने माले नेताओं और कार्यकताओं के खिलाफ 5/2003 कांड संख्या दर्ज की थी। मामले में माले नेता राजकुमार यादव, रामधन यादव समेत कई माले कार्यकताओं को आरोपी बनाया था। काफी लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद माले के पूर्व विधायक कॉमरेड राजकुमार यादव, तत्कालीन माले नेता और वर्तमान राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव समेत 22 लोगों को मामले में बरी कर दिया है। वहीं जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने महेश सिंह, अशोक यादव और रतन मोदी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि न्याय की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के प्रति विश्वाश बढ़ा है। संघर्ष की जीत हुई है, 2003 में प्रदर्शन के खिलाफ पुलिसिया जुल्म और झूठे मुकदमे के जरिये माले नेताओं और कार्यकताओं की आवाज को दबाने की कोशिश हुई थी, लेकिन मामले में न्यायालय ने ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। हालांकि उन्होंने कहा कि 20 साल तक मुकदमा चला, कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ा। यादव ने कहा कि बहुचर्चित मरकच्चो गोलीकांड के शहीदों को नमन है। अन्याय के विरुद्ध सतत संघर्ष के बलबूते न्याय मिला है। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता चंद्रनाथ भाई पटेल ने बहस की थी। उन्होंने सभी के प्रति आभार जताया है।



# सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लाभुकों ने सेविका पर लगाया रिश्वत लेने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के गोवाकला आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका सुशीला देवी पर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुको ने 5000 (पांच हजार रूपए) रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। लाभुकों ने कहा है कि पैसा नहीं देने पर सेविका फॉर्म नही भरने और जमा करने का धमकी भी देती है। जिसे लेकर लाभुक और उनके परिजन मंगलवार को सिमरिया सीडीपीओ कार्यालय पहुंचे और सीडीपीओ के समक्ष लाभार्थी के माता प्रतिमा देवी ने कहा कि मेरी पुत्री कंचन कुमारी के नाम से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का 20000 बीस हजार रूपए आया था जो सेविका सुशीला देवी ने 5000 पांच हजार रूपए जबरजस्ती मांग कर ले ली। वहीं लाभार्थी रुक्मणि कुमारी के माता देवांति देवी ने और लाभार्थी रुक्मणि कुमारी ने कहा कि योजना का प्रथम किस्त का राशि 5000 पांच हजार रुपए आया था जिसमे सेविका के द्वारा हमसे 1500 सौ रुपए लिया गया। वहीं देवांती देवी ने कहा की एक और मेरी बेटी का प्रथम किस्त का राशि 5000 आया था उससे भी 1500 पंद्रह सौ रुपए लिया गया। और मेरे द्वारा पैसे देने से इंकार किया गया तो सेविका अगली किस्त की राशि नही दिलवाने का धमकी देने लगे जिससे डर कर मैं पैसा दे दी। इसके अलावा लाभुक रानी कुमारी से भी प्रथम किस्त की राशि आने पर 1500 रुपए की मांग की गई। जो रानी कुमारी के द्वारा भी सेविका को 800 आठ सौ रुपए दिया गया और बचे 700 रुपए नही देने पर सेविका के द्वारा फार्म नही भरा गया। जिससे लाभुक ने सीडीपीओ और। सेविका के समक्ष सीडीपीओ कार्यालय में हीं वार्ता के दौरान अपनी आवेदन को जमा किए। वहीं लाभुको ने सीडीपीओ के बातो से नाराज दिंखे और बीस सूत्री अध्यक्ष बिरेंदर यादव और उपप्रमुख दामोदर गोप को आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया है। इधर कार्यालय में हीं बैठे सेविका ने कहा की मैं प्रतिमा की पुत्री कंचन से 500 सौ रुपए लीं हूं। और अन्य किसी से पैसा लेने का बातो से इंकार की है।



लाभुक प्रतिमा देवी।

## मानव तस्करी के आरोपी को 14 वर्ष सश्रम कारावास

- जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने सुनाई सजा
- 25 हजार का आर्थिक जुमार्ना भी लगाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने जयनगर थाना कांड संख्या 2/22 एसटी संख्या 15/23 के अभियुक्त वजीरगंज, गया बिहार निवासी मनोज चैधरी उर्फ मनोज कुमार पिता ननकू चैधरी को धारा 366ए, 370(4), 120बी भा.द.वी में दोषी पाते हुए धारा 370(4) में 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा एवं 25 हजार का आर्थिक जुमार्ना लगाया है, जुमार्ने की राशि भुगतान नही करने पर 2 वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। धारा 366ए में 7 वर्ष सश्रम कारावास की सजा और 12 हजार का जुमार्ना, जुमार्ने की राशि भुगतान नही करने पर 15 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी एवं धारा 120बी भा.द.वी में दोषी पाते हुए 5 वर्ष सश्रम कारावास और दस हजार का आर्थिक जुमार्ना लगाया गया है, जुमार्ने की राशि नही देने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। उपरोक्त कांड में आरोप गठन दिनांक एक अप्रैल 2023 को किया गया था और मामले का निष्पादन माननीय न्यायलय के द्वारा मात्र तीन माह में किया गया। न्यायालय में ट्रायल के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गयी और गवाहों को ससमय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को राजनीतिक दलों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में विस्तृत रूप से सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि को अवगत कराया गया। साथ ही मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया, ताकि किसी भी योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे। नाम जोड़ने हेतु प्रपत्र 6, नाम हटाने हेतु प्रपत्र 7 एवं किसी प्रकार के सुधार करने प्रपत्र 8 के संबंध में भी जानकारी दी गई। ऑनलाईन आवेदन करने के संबंध में जानकारी दी गई। मौके पर जयपाल सोय, भगीरथ पासवान, अनुपम जोशी, अशोक कुमार, रमेश प्रजापति, राजेन्द्र प्रसाद, सुभाष राणा, मो. फैयाज केशर, राजू सिंह एवं चंद्रशेखर जोशी मौजूद थे।

## बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपाइयों ने दी बधाई

**जयनगर (कोडरमा)।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी को भाजपा ने एक बार फिर से प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर केदारनाथ यादव, सुधीर सिंह, शशि भूषण चैधरी, रामदेव मोदी, यमुना यादव, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र भाई मोदी, दीपक कश्यप, विवेक साव, महेश रजक, सदानंद सिंह व अन्य शामिल थे।

## शिकारीपाड़ा में सड़क और रेल मार्ग रहा बाधित, यातायात पूरी तरह रहा ठप

# ओलचिकी हूल बैंसी के झारखंड बंद का दुमका में भी दिखा असर

केजी से लेकर पीजी तक संताली भाषा ओलचिकी लिपि में पढ़ाने की मांग की, नहीं तो स्कूलों में तालाबंदी की दी चेतावनी



रेलवे लाइन पर डटे बंद समर्थक, तैनात सुरक्षाकर्मी और सीओ व थाना प्रभारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** ओलचिकी हूल बैसी के झारखंड बंद का असर दुमका में भी देखा गया। जिले के शिकारीपाड़ा के तमाम पत्थर खदान और क्रशर बंद रहे। सुबह से ही दुमका - रामपुरहाट को बंद समर्थकों ने जाम कर दिया। बंद समर्थक रेल पटरी पर भी बैठ रेल सेवा बाधित कर दिया। मांगों को लेकर ओलचिकी हूल बैसी ने मंगलवार को झारखंड बंद का आह्वान पर बंद समर्थक सड़क पर उतर गये। बंद समर्थकों ने दुमका - रामपुरहाट मार्ग कजलादाहा मोड़ और कालीपाथर में जाम कर दिया है। बंद समर्थक चापुड़िया रेल फाटक के समीप रेल पटरी पर भी बैनर लगाकर बैठ गए। बंद समर्थक संथाली भाषा के पुस्तकों का मुद्रण ओलचिकी भाषा में कराने, संथाली भाषा को प्रथम राजभाषा का दर्जा दिलाने, केजी से लेकर पीजी तक ओलचिकी भाषा में पढ़ाई अनिवार्य करने, संथाली अकादमी का गठन करने, संथाली शिक्षकों की अविलंब नियुक्ति करने की मांग करते रहे। बंद समर्थकों ने कहा कि हम लोगों ने अपनी मांगों को सरकार के पास रखा था। इसके लिए अल्टीमेटम 27 जून तक दिया था। लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इसी वजह से झारखंड बंद का आह्वान किया गया। अगर अभी भी सरकार ध्यान नहीं देती है, तो आने वाले दिनों में स्कूलों में तालाबंदी का काम करेंगे। इधर आरपीएफ के जवान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चापुड़िया रेल फाटक के पास तैनात रहे। आईपीएफ हंसराज मीना समझाने का प्रयास करते रहे। सीओ राजूकमल और थाना प्रभारी उमेश राम दल-बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाने के प्रयास में जुटे रहे। काफी मशक्कत के बाद सीओ और थाना प्रभारी ने 3 बजे जाम को हटवाया और चापुड़िया रेल फाटक को ढाई बजे हटाया। इस दौरान सड़क मार्ग समेत रेल मार्ग पूरी तरह बाधित रहा।

## सरैयाहाट में भी दिखा ओलचिकी हूल बैंसी के झारखंड बंद का असर


झारखंड बंद को सफल बनाने में परांपरिक ढोल-नगाड़ा के साथ बंद समर्थक।

**सरैयाहाट।** आदिवासी पारंपरिक व्यवस्था के तहत ओलचिकी लिपि को राज्य में उचित दर्जा देने की मांग को लेकर ओलचिकी हूल बैसी के द्वारा आहूत झारखंड बंद का व्यापक असर देखा गया। हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा दुमका मार्ग पर कुरमाहात, भागलपुर मार्ग पर महादेवगढ़, गोड्डा मार्ग पर बारीडीह और सरैयाहाट थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित कोरडाहा सहित प्रखंड के चार स्थानों पर आदिवासी समाज के लोग सैकड़ों की संख्या में सुबह से ही पारंपरिक ढोल नगाड़े के साथ सड़क पर उतर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए सड़क को जाम कर दिया। जाम की वजह से सभी मार्गो पर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। मौके पर पहुंचे बीडीओ दयानंद जायसवाल, सरैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमार, हंसडीहा थाना प्रभारी रोहित कुमार ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत कर लोगों को समझा बुझा कर जाम हटवाया। प्रखंड में ओलचिकी हूल वैसी के झारखंड बंद का संताल समाज आरी चला सुसार समिति सहित कई आदिवासी संगठनों ने अपना समर्थन दिया। संगठन के सचिव ने बताया की अगर उनकी चार प्रमुख मांगो को सरकार नहीं मानती है तो आने वाले दिनों में सम्पूर्ण भारत बंद किया जायेगा। चार प्रमुख मांगो में ओलचिकी लिपि से संताली भाषा के पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण, संताली भाषा को ओलचिकी लिपि से पढ़ाने के लिए शिक्षकों की बहाली, झारखंड में अलग से संथाली एकेडमी का गठन और झारखंड में संथाली भाषा को प्रथम राजभाषा का दर्जा देने की मांग शामिल हैं।

कविगुरू, सियालदाह-गोड्डा ट्रेन भी रूका रहा। कविगुरू दुमका में और सियालदाह-गोड्डा रामपुरहाट में रूका रहा।

## डीएलएसए ने बासुकीनाथ धाम में जागरूकता शिविर का किया आयोजन


शिविर लगा लोगों को जागरूक करते प्राधिकार सचिव व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासुकीनाथ।** श्रावणी मेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। पूरे दो महीने तक चलने वाली श्रावणी मेला में जागरूकता शिविर में लोगों को बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी जानकारी सहित जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा चलाये जा रहें मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बाल संरक्षण से संबंधित योजना एवं लाभों के बारे में बताया जाएगा। डीसीपीओ ने शिविर में आगंतुक श्रद्धालुओं को जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा दी जाने वाली स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर योजना, दत्तक ग्रहण से संबंधित प्रक्रियाओं एवं चाइल्ड हेल्पलाइन निःशुल्क नंबर 1098/112 के बारे में विस्तार से बताया।

## मंदिरों के गांव मलूटी में प्रदर्शनी शिविर का उद्घाटन



**शिकारीपाड़ा।** मंदिरों का गांव मलूटी जहां 108 मंदिरों के गांव से राज्य ही नही देश के मानचित्र पर अपनी पहचान रखने वाला मलूटी में राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के दौरान मुख्य प्रदर्शनी शिविर सह सूचना सहायता शिविर का निर्माण किया जाता है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि 108 मंदिर एवं 108 सरोवर का गांव मलूटी दुमका के साथ-साथ राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों में से एक है। मलूटी मंदिर की मूल टेराकोटा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उप निदेशक जनसंपर्क अंजना भारती ने सूचना सहायता कर्मियों को समझाते हुए कहा कि देश विदेश से आने वाले श्रद्धलुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखे। उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। टेंट सिटी के बगल में ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एक अस्थायी अस्पताल बनाया गया है। इसके साथ ही यहां पर एक एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

# सावन माह के पहले दिन बाबा फौजदारी दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासुकीनाथ।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के पहले दिन मंगलवार को बाबा फौजदारीनाथ दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात 2.35 बजे सुबह मंदिर पट खोल दिया गया। सरकारी पूजा के बाद 3.10 बजे से देवतुल्य श्रद्धालुओं ने जलार्पण शुरू किया। उपायुक्त रविषंकर षुक्ला सुबह से ही पूरे मेला क्षेत्र के विधि व्यवस्था पर नजर रखे थे। उनके द्वारा समय-समय पर आवश्यक निर्देश भी दिए जा रहे थे। पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। सावन में भोलेनाथ का श्रृंगार दर्शन भी अद्भूत दृष्य होता है। मंदिर प्रांगण में प्रतिनियुक्त अधिकारियों ने कांवरियों की कतार को सुचारू रूप से गर्भगृह में प्रवेश कराया। कांवरियों की श्रद्धा भक्ति व आस्था देखते ही बन रही थी। श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जगह-जगह पर मेडिकल कैम्प बनाये गए हैं। कैम्प पर जरूरी दवाइयों के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम की प्रतिनियुक्ति की गयी है। श्रद्धालुओं के आवासन के लिए टेंट सिटी बनायी गयी है। जहां श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निःशुल्क की गयी है। टेंट सिटी को हवादार, शौचालय और स्नान करने की भी सुविधा उपलब्ध है।


बासुकीनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए पहुंचे श्रद्धालु।

### दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने 396460 रुपये व दो किलो चांदी का चढ़ावा चढ़ाया

श्रावणी मेला के पहले दिन 31083 श्रद्धालुओं ने बाबा फौजदारीनाथ दरबार में जलार्पण किया। शीघ्र दर्शनम से 936 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया है। शीघ्र दर्शनम से 2,80,800 रुपये, गोलक से 1,15,660 रुपये प्राप्त हुए। चांदी का सिक्का 10 ग्राम का 1 पीस बिक्री हुआ। गोलक से 1 किलो 950 ग्राम चांदी प्राप्त हुआ।

## पेज 1 का शेष

### जनहित सर्वोपरि...

**डुमरी फतह पर रणनीति :** बैठक में निर्णय लिया गया कि डुमरी उपचुनाव में किला फतह करना है। ऐसे में बोकारो जिला कमिटि को बूथ स्तर पर, पंचायत स्तर पर बुनियादी रूप से काम करने का आह्वान किया गया। साथ ही साथ चुनाव जीतने की रणनीति बनायी गयी। झामुमो अपने शीर्ष गुरुजी और हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश के अनुसार आगे बढ़ रही है। जो काम अभी जनहित में दिख रहे हैं, उससे भरोसा है कि राज्य की कमान अगले साल भी सीएम हेमंत सोरेन ही संभालेंगे। **सीटों पर फैसला शीर्ष लीडर के हाथ :** लोकसभा चुनाव में भी जनता महागठबंधन का साथ देगी। राज्य की सभी सीट पर परिणाम हमारे गठबंधन के पक्ष में आयेगा। लोकसभा चुनाव में सीटों के सवाल पर विजय हांसदा ने कहा कि इसका फैसला पार्टी के शीर्ष लीडरों की बैठक में ही होगी। कोल्हान में पार्टी नेताओं द्वारा लोकसभा सीट पर झामुमो के दावे के सवाल पर उन्होंने कहा कि परिवार बड़ा होने पर कई बातें होती रहती हैं। पार्टी के शीर्ष नेताओं के सामने भी पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं की भावनाओं को रखा जाना है। वे जो निर्णय लेंगे, वही मान्य होगा। केंद्रीय समिति की बैठक के बारे में जानकारी देते उन्होंने कहा कि यह एक तरह की समीक्षात्मक बैठक है। पिछले एसाइनमेंट और उस पर हुए कार्यों, प्रगति के अलावा आगे किए जाने वाले कार्यों, टास्कों को लेकर शीर्ष लीडर दिशा निर्देश देंगे।

### बाबूलाल मरांडी को मिली...

5 राज्यों में होने वाले विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर ये फेरबदल किया गया है। इसी साल मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने हैं। भाजपा ने संगठन में विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखकर यह फैसला किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी अरूण सिंह ने झारखंड के लिए श्री मरांडी के मनोनयन की घोषणा की है। इससे पहले दीपक प्रकाश राज्य की कमान संभाल रहे थे और बाबूलाल को भाजपा विधायक दल का नेता भी चुना था। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनावों को देखते हुए बाबूलाल मरांडी जैसे दिग्गज आदिवासी नेता को ये जिम्मेदारी देना काफी अहम मानी जा रही है। कुछ समय तक प्राथमिक शिक्षक रहे बाबूलाल आरएसएस से जुड़े। 1983 में उन्हें संथाल परगना के विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री की जिम्मेदारी मिली। 1991 में वह भाजपा में शामिल हो गये। 1991 में वह दुमका संसदीय सीट से लड़े परहार गये। 1996 फिर दुमका सीट से महज 5 हजार वोट से दोबारा हारे। साल 1996 में भाजपा ने उन्हें वनांचल क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद साल 1998 में उन्होंने दुमका सीट पर जीत दर्ज की। 1999 में अटल सरकार में ब वन पर्यावरण राज्यमंत्री बने। साल 2000 में झारखंड अलग राज्य बनने पर वह पहले सीएम बने। 2003 में उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। 2004 में कोडरमा सीट से चुनाव लड़े और जीते। 2006 में भाजपा छोड़कर नयी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का गठन किया। 2019 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को सिर्फ तीन सीटें मिली। इसके बाद उन्होंने एक बार फिर से भाजपा में जाने का फैसला किया।

### बुलेट से टकरा कर...

**कैसे हुआ हादसा :** मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे सूर्यपूरा मुखिया सीताराम मेहता प्रखंड कार्यालय से वापस बुलेट से घर जा रहे थे। इसी बीच रोमी स्थित सूर्यपूरा पैक्स के पास पीछे से आ रहे टाटा सुमो कार ने टक्कर मार दी। इससे अनियंत्रित कार सड़क किनारे एक कुएं में लोहे की जाली को तोड़ते हुए जा गिरी। सुमो पूरी तरह कुएं के पानी में समा गया। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से कुएं में डूबे छह लोगों को बाहर निकाला। जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक घंटे बाद जेसीबी की मदद से कुएं में गिरी कार बाहर निकाली गयी। मौके पर बरही एसडीएम पूनम कूजूर, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, सीओ मो मोजाहिद अंसारी, बरही इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा, कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, भाजपा नेता सुनील साव सहित कई लोग जुटे थे। पुलिस शव कब्जे में लेकर परिचालन को सामान्य करने में जुटी हुई थी।

### गबन करने वालों पर...

**क्या है मामला :** उपरोक्त अभियुक्त सहित अन्य के विरुद्ध जांच प्रतिवेदन एवं कांड में अब तक के अनुसंधान से सभी अभियुक्तों द्वारा षड़यंत्र के तहत इंदिरा आवास से संबंधित कई गंभीर त्रुटिया एवं विभागीय दिशा-निदेशों की अवहेलना पायी गयी। जैसे इंदिरा आवास के आवंटन एवं उसके भुगतान में प्रखंड कार्यालय में ही एक सुगठित गिरोह का कार्यरत होना, जो गरीब लोगों के नाम पर स्वीकृत इंदिरा आवास योजनाओं की राशि का गबन सुनियोजित ढंग से कर रहे थे। विभागीय आदेश की अनदेखी एवं अवहेलना की गयी, ताकि सरकारी राशि का गबन किया जा सके। जानबूझ कर एकाउन्ट पेयई चेकों को बियरर चेक बनाते हुए बिचौलिया उक्त राशि की निकासी अपने सुविधानुसार कर रहे थे। इंदिरा आवास योजना मार्गदर्शिका का अनुपालन नहीं किया गया। उक्त कांड में तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मोहन लाल मरांडी एवं अन्य कर्मचारियों की संलिप्तता पाई गई। इस प्रकार अभियुक्तों के विरूद्ध अनियमितता एवं कथित सरकारी राशि के गबन आदि के आरोप हैं।

### वीरेंद्र राम के तीन...

**जमीन फर्जीवाड़े में दो जेल गये :** इडी ने चेशायर होम रोड जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार राजेश राय और भरत प्रसाद को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। इडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दोनों को जेल भेज दिया। कोर्ट में पेशी के बाद ईडी ने दोनों से पूछताछ को लेकर कोर्ट से पांच दिनों की रिमांड देने का आग्रह किया। कोर्ट ने रिमांड पर सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इडी ने दस्तावेज में जालसाजी कर चेशायर होम रोड स्थित जमीन की खरीद बिक्री मामले में दोनों को सोमवार को गिरफ्तार किया था। चेशायर होम रोड की भूमि की खरीद-बिक्री में यह पहली गिरफ्तारी है।

# हत्या के मामले में 3 को आजीवन कारावास एवं आर्थिक दंड

**एजेंसी**



**पूर्णिया।** हत्या के मामले में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई है। यह सजा मंगलवार को पूर्णिया के तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती रचना श्रीवास्तव ने सुनाई है। सजा पाने वाले अभियुक्त हैं - पूर्णिया जिले के डगरूआ थाना अंतर्गत हाटगाछी निवासी मो० तबरेज उम्र लगभग 34 वर्ष, मो० सनोवर उम्र लगभग 26 वर्ष व मो० हसनैन उम्र लगभग 27 वर्ष। आजीवन कारावास के अलावे विभिन्न धाराओं में मिलाकर प्रत्येक को 35 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है।

मामला डगरूआ कांड संख्या 110/2020 पर आधारित था। थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए मो० कयूम पिता स्व ० शेख सोमाई ग्रा० हाटगाछी, थाना डगरूआ, जिला पूर्णिया का कहना था कि 13 जुलाई 2020 को वह सदर अस्पताल में भर्ती था। इनका पुत्र अरशद उन्हें देखने के लिए अपनी मां गुलेशा खातून के साथ मोटरसाइकिल से पूर्णिया हॉस्पिटल जा रहा था। रास्ते में करियात गांव के पास मोटरसाइकिल का पेट्रोल खत्म हो गया। अरशद मोटरसाइकिल और अपनी मां को वहीं छोड़कर गांव से पेट्रोल लाने चला गया। इसी बीच गांव का मंटू आया और गुलेशा खातून को यह कहते हुए अपनी बाइक पर बैठा लिया कि मैं आपको हॉस्पिटल छोड़ दूंगा। रास्ते में गुलेशा खातून बाइक से गिर कर जख्मी हो गयी। उसे सदर अस्पताल पूर्णिया लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु कटिहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इसी बात को लेकर हाटगाछी चौक पर पंचायती बैठी गयी। पंचायती में बात काफी बढ़ गई और सभी नामजद अभियुक्तों ने हरवे हथियार से हमला कर मो० कयूम व उसके पुत्र अरशद व परिवार के अन्य लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। अरशद काफी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए पहले उसे सदर अस्पताल पूर्णिया, तत्पश्चात पटना रेफर कर दिया गया। पटना में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में कुल 9 गवाहों को प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में प्रस्तुत गवाहों की गवाही एवं अभिलेख पर उपलब्ध अन्य साक्ष्यों के आधार पर तीनों अभियुक्तों को दोषी पाए जाने के बाद उपरोक्त सजा सुनाई गई। यहां आपको बताते चलें कि इस मुकदमे में 28 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। शेष जिन अभियुक्तों के विरुद्ध चार्ज शीट दाखिल किया गया उनका विचारण अलग-अलग चल रहा है। इस मुकदमे को अभियोजन पक्ष की ओर से संचालित कर रहे थे, अपर लोक अभियोजक राहुल रजा थे।

# बिहार की खबरें

## आकाशीय बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**पटना।** बिहार के सात जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से मंगलवार को नौ लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक बांका में 02, बक्सर में 02, भागलपुर रोहतास में 01, जहानाबाद में 01, औरंगाबाद में 01 एवं जमुई में 01 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अविलंब मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर आकाशीय बिजली से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में गूगलमीट द्वारा प्रशिक्षण दिया गया

**सहरसा।** सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में राज्य अन्तर्गत सभी पैक्सों में ऑनलाइन सदस्यता आधार बढ़ाने संबंधित ऑनलाईन आवेदन प्रशिक्षण का कार्यक्रम उनके द्वारा उद्घाटन के उपरांत आरंभ किया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहरसा से संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा गूगल मीट के जरिये प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। पैक्सों में ऑनलाईन सदस्यता हेतु महत्वपूर्ण बिन्दु पैक्स कार्यक्षेत्र में निवास करने वाला कोई भी इच्छुक एवं योग्य व्यक्ति जो पूर्व से पैक्स की सदस्यता प्राप्त नहीं किया है। वे विभागीय वेबसाईट लिंक पर आवश्यक कागजात के साथ पैक्स कार्यालय/वसुधा केन्द्र/साईवर कैफे इत्यादि से सम्पर्क कर आवेदन पूर्ण कर सकते हैं। आवश्यक कागजात के रूप में आवेदक के पास आवेदक का फोटो, आवेदक का हस्ताक्षर, आवेदक का पहचान पत्र, आवेदक का आवासीय प्रमाण पत्र, अनुशंसा करने वाले दो पैक्स सदस्य का हस्ताक्षर उपलब्ध होना चाहिए। योग्यता संबंधित विभागीय उपनियम/नियमावाली/उपविधियाँ की जानकारी अपने संबंधित प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। विभाग द्वारा सदस्यता वृद्धि अभियान हेतु विशेष जानकारी का टोल फ्री नम्बर 18001800110 जारी किया गया है। पैक्स में सदस्य बनने के साथ ही संचालित विभिन्न प्रकार की सरकारी योजना जैसे-के.सी.सी., धान/गेहूँ विक्रय कर न्यूनतम समर्थन मूल्य, उर्वरक, खाद्य, बीज, उचित दर पर कृषि यंत्र, फसल सहायता योजना/फसल क्षतिपूर्ति आदि से लाभान्वित हो सकते हैं।

## माकपा की दो दिवसीय बैठक में 9 अगस्त को प्रदर्शन करने का निर्णय

**सहरसा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सहरसा जिला कमिटी की दो दिवसीय बैठक मंगलवार को गणेश प्रसाद सुमन की अध्यक्षता में हुई। जिला मंत्री रणधीर यादव द्वारा पिछले कार्य की रिपोर्ट पेश की गई। बैठक को संबोधित कर माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य विनोद कुमार ने कहा केन्द्र की भाजपा सरकार पूरे देश में नफरत की बीज बो रही है। भाजपा के काल में मेहनतकश जनता की थाली से दाल गाईब कर के अपने चहेते मुट्ठी भर पूंजीपतियों के तिजोरी भर रहे हैं। मंहगाई, बेरोजगारी,लूट हत्या बालात्कार दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आम लोगों से 2024 के चुनाव में सत्ता से उखाड़ फेंक देने का का आह्वान किया। माकपा जिला मंत्री रणधीर यादव ने कहा शिक्षा डोमिसाईल को लागू करने, सातवें चरण का बहाली करने , एमडीएम रसोईया को सरकारी दर्जा देने, गरीब भूमिहीन परिवार को वास के लिए जमीन देने, बेदखली पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर विशाल प्रदर्शन करने की बात कही।

## पटना हाइकोर्ट में जातीय गणना पर बुधवार को होगी सुनवाई

**एजेंसी**




**पटना।** पटना हाई कोर्ट में राज्य सरकार द्वारा जातियों की गणना एवं आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई बुधवार को भी जारी रहेगी। इस मामले में दायर याचिकाओं पर चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की खंडपीठ सुनवाई कर रही है। इससे पूर्व हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए राज्य सरकार द्वारा की जा रही जातीय व आर्थिक सर्वेक्षण पर रोक लगा दिया था। हाई कोर्ट ने ये जानना चाहा था कि जातियों के आधार पर गणना व आर्थिक सर्वेक्षण कराना क्या कानूनी बाध्यता है। कोर्ट ने ये भी पूछा है कि ये अधिकार राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में है या नहीं। साथ ही ये भी जानना कि इससे निजता का उल्लंघन होगा क्या। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिनव श्रीवास्तव ने कोर्ट में कहा कि राज्य सरकार जातियों और आर्थिक सर्वेक्षण करा रही है। सर्वेक्षण कराने का ये अधिकार राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र के बाहर है। ये असंवैधानिक है और समानता के अधिकार का उल्लंघन है। साथ ही कहा कि ये संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। अधिवक्ता ने कहा था कि प्रावधानों के तहत इस तरह का सर्वेक्षण केंद्र सरकार करा सकती है। ये केंद्र सरकार की शक्ति के अंतर्गत आता है। साथ ही कहा कि इस सर्वेक्षण के लिए राज्य सरकार पांच सौ करोड़ रुपये खर्च कर रही है। दूसरी तरफ राज्य सरकार का कहना था कि जन कल्याण की योजनाएं बनाने और सामाजिक स्तर सुधारने के लिए ये सर्वेक्षण किया कराया जा रहा है।

## तेजस्वी पर चार्जशीट के बाद उनका इस्तीफा लेने की हिम्मत दिखायें नीतीश : सुशील मोदी

**एजेंसी**

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नौकरी के बदले जमीन मामले में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर चार्जशीट दायर होने के बाद क्या अब नीतीश कुमार उनसे इस्तीफा लेने की हिम्मत दिखायेंगे?

उन्होंने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि 2017 में जब भ्रष्टाचार के मामले की प्राथमिकी और जांच में तत्कालीन डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का नाम आया था, तब मुख्यमंत्री ने विंदुवार जवाब मांगा था, अकेले में उनसे बात की थी और संतुष्ट न होने पर महागठबंधन सरकार का इस्तीफा सौंप दिया था।मोदी ने कहा कि उस समय भाजपा के बिना शर्त समर्थन देने से उनकी कुर्सी बच गई थी। अब उनके लिए पार्टी के दरवाजे बंद हो चुके हैं, इसलिए नीतीश कुमार ने लालू परिवार के भ्रष्टाचार से समझौता कर लिया है।

उन्होंने कहा कि 2007 में जदयू के ललन सिंह ने ही नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू प्रसाद के विरुद्ध सीबीआइ जांच की मांग करते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने कहा कि ललन सिंह के ज्ञापन और उनके ही उपलब्ध कराये दस्तावेजी सबूत के आधार पर जब लालू परिवार के खिलाफ जाँच आगे बढ रही है, तब ललन सिंह राजद से दोस्ती होने के कारण पलट कर सीबीआई और केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। दोस्त बदल लेने से सच नहीं बदल जाता।

सुशील मोदी ने कहा कि नौकरी के बदले जिन लोगों की करोड़ों रुपये की कीमती जमीन एके इन्फो सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के नाम लिखवायी गई, उस कंपनी को मात्र एक लाख रुपये में तेजस्वी यादव ने कैसे खरीद लिया? उन्होंने कहा कि रेलवे में ग्रेड-4 की नौकरी पाने वाले हृदयानंद चौधरी ने अपनी 70 लाख की जमीन तत्कालीन रेलमंत्री की बेटी हेमा यादव को दान क्यों की? तेजस्वी यादव को राजनीतिक बयानबाजी करने के बजाय ऐसे सवालों का बिंदुवार जवाब देना चाहिए।

स्पीड न्यूज

### सऊदी अरब में पांच अपराधियों को दी गयी सामूहिक फांसी

**रियाद।** सऊदी अरब में के साथ पांच अपराधियों को एक साथ मौत की सजा दी गयी है। सऊदी अरब के चार और मिस्र के एक नागरिक को सामूहिक फांसी दी गयी। ये लोग एक पूजा स्थल पर हमले के दोषी थे। इस हमले में पांच लोगों की मौत हुई थी और अनेक लोग घायल हुए थे। पांच लोगों को सामूहिक फांसी दिए जाने के साथ ही इस साल सऊदी अरब में मौत की सजा दिए जाने की कुल संख्या 68 तक पहुंच गई है। आतंकवाद से संबंधित अपराधों के लिए मई की शुरूआत से अब तक 20 से अधिक फांसी दी जा चुकी हैं। मई के अंत में आतंकवाद के दोषी बहरीन के दो नागरिकों को मौत की सजा दी गयी थी।

### कल बैंक प्रमुखों के साथ बैठक करेंगी वित्त मंत्री

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों के साथ बैठक करेंगी और उनके वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा करेंगी। यह वित्त वर्ष 2022-23 के वित्तीय परिणाम आने के बाद पहली समीक्षा बैठक है। पिछले वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का लाभ रिकॉर्ड 1.04 लाख करोड़ रुपये रहा। कुल लाभ में देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई की हिस्सेदारी लगभग आधी रही।

### रूस ने मार गिराये यूक्रेन के पांच ड्रोन

**मास्को।** रूस ने न्यू मास्को क्षेत्र में मंगलवार सुबह पांच यूक्रेन के ड्रोन मार गिराये, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस कार्रवाई के कारण वनुकोवो हवाई अड्डे पर लगभग तीन घंटे तक उड़ानें प्रभावित रहीं।

### चीन में बारिश से 4.60 लाख लोग प्रभावित

**बीजिंग।** चीन के पश्चिम सिचुआन प्रांत में जुलाई के महीने में मूसलाधार बारिश से 4.60 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐहतियात के तौर पर पूरे प्रांत में 85 हजार से अधिक स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वर्षाजनित घटनाओं में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, क्योंकि स्थानीय सरकार ने शुरूआत में बचाव सम्बंधी उपाय कर लिए थे।

### अफगानिस्तान में भारी मात्रा में हथियार बरामद

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान के निमरूज प्रांत के चाहर बुर्जक जिले में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद से भरे एक बड़े हथियार भंडार का पता लगाया है। जिले के पुलिस प्रमुख मावलवी अब्दुल्ला अनस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब्त हथियारों और गोला-बारूद में दस रॉकेट गोले और एके-47 और पीके मशीन गन जैसी असॉल्ट राइफलों की हजारों राउंड गोलियां शामिल।

# शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शुमार भारत

## डिजिटल प्रौद्योगिकी और 5-जी जैसे क्षेत्रों में बड़े-बड़े देशों का कर रहा मुकाबला : प्रधानमंत्री

▶▶ आंध्र प्रदेश में साई हीरा वैश्विक सम्मेलन का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन


एजेंसी

**पुट्टपर्ती (आंध्र प्रदेश)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज भारत कर्तव्यों को पहली प्राथमिकता बनाकर आगे बढ़ रहा है और इसी का नतीजा है कि देश दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी व 5-जी जैसे क्षेत्रों में बड़े-बड़े देशों का मुकाबला कर रहा है। यहां स्थित प्रशांति निलयम में नवनिर्मित साईं हीरा वैश्विक सम्मेलन का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि आजादी के 100 वर्ष के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुए, हमने हमारे अमृतकाल को कर्तव्य काल का नाम दिया है। हमारे कर्तव्यों में आध्यात्मिक मूल्यों का मार्गदर्शन भी है और भविष्य के संकल्प भी हैं। इसमें विकास भी है और विरासत भी है।मोदी ने कहा कि आज एक ओर देश में आध्यात्मिक केंद्रों का पुनरुद्धार हो रहा है तो साथ ही भारत अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी में भी लीड कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्था में शामिल हो चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी से आज यह परिवर्तन आ रहा है, इसलिए विश्व भारत के नेतृत्व में भरोसा कर रहा है।उन्होंने जलवायु परिवर्तन को पूरे विश्व के लिए एक बड़ी समस्या करार दिया और कहा कि 21वीं सदी की चुनौतियों को देखते हुए भारत ने वैश्विक मंच पर मिशन एलआईएफई यानी पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली जैसे कई कदम उठाए हैं। भारत की अध्यक्षता में हो रही जी-20 बैठकों और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में योग सत्र के आयोजन का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया में आज भारत के प्रति आकर्षण भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, हमारी विरासत, हमारा अतीत, हमारी धरोहर.. इनके प्रति जिज्ञासा भी लगातार बढ़ती जा रही है। जिज्ञासा ही नहीं, बल्कि आस्था भी बढ़ रही है। पिछले कुछ सालों में विदेशों से भारत लाई गई मूर्तियों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि भारत के इन प्रयासों के पीछे देश की सांस्कृतिक सोच सबसे बड़ी ताकत है।उन्होंने कहा कि देश में सांस्कृतिक जागरूकता लाने के प्रयासों में सत्य साईं ट्रस्ट जैसे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संस्थानों की एक बड़ी भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद समाजसेवी रयूको हीरा से अनुरोध किया कि वे छोटे-छोटे जंगल बनाने की तकनीक मियावाकी के उपयोग के बारे में ट्रस्ट के लोगों को बताएं ताकि इस पहल को देश के अन्य हिस्सों में भी लागू किया जा सके।





### देश में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम

आज भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। डिजिटल प्रौद्योगिकी और 5-जी जैसे क्षेत्रों में हम बड़े-बड़े देशों का मुकाबला कर रहे हैं। दुनिया में आज जितने भी रियल टाइम ऑनलाइन लेनदेन हो रहे हैं, उसमें 40 प्रतिशत अकेले भारत में हो रहे हैं।

## मोदी चार राज्यों में 50 परियोजनाओं का 7 व 8 जुलाई को करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

▶▶ वाराणसी में दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से सोन नगर तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात और आठ जुलाई को उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान का दौरा करेंगे और इस दौरान वह लगभग 50,000 करोड़ रुपये की करीब 50 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।उत्तर प्रदेश को छोड़कर इन सभी राज्यों में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को सबसे पहले दिल्ली से रायपुर जाएंगे, जहां वह रायपुर-विशाखापत्तनम कॉरिडोर के छह लेन के खंडों सहित कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री गोरखपुर में गीता प्रेस में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।इसके बाद, वह तीन मार्गों पर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे और गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखेंगे। वाराणसी में प्रधानमंत्री पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से सोन नगर तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के नए खंड का उद्घाटन करेंगे। वह चार लेन चौड़े राष्ट्रीय राजमार्ग 56 (वाराणसी-जौनपुर) को भी लोगों को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री मणिकर्णिका घाट और हरिश्चंद्र घाट के नवीनीकरण की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री आठ जुलाई को वाराणसी से तेलंगाना के वारंगल जाएंगे। वारंगल में वह नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर के प्रमुख खंडों सहित विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

# राकांपा के दोनों गुट आज करेंगे शक्ति प्रदर्शन

## महाराष्ट्र में चाचा और भतीजे ने बुलायी अलग-अलग बैठक

एजेंसी

**मुंबई।** अजित पवार के महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे नीत सरकार में शामिल होने के बाद उनके और शरद पवार के बीच राकांपा पर दावेदारी को लेकर लड़ाई तेज हो गई है और इसी कड़ी में शक्ति प्रदर्शन के वास्ते दोनों गुटों ने बुधवार को अलग-अलग बैठक बुलाई है।

अजित पवार ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका कोई विकल्प नहीं है। राकांपा के शरद पवार गुट ने पार्टी की बैठक दक्षिण मुंबई स्थित यशवंत राव चव्हाण केंद्र में बुधवार को अपराह्न एक बजे बुलाई है जबकि अजित पवार ने मुंबई के उपनगर बांद्रा स्थित मुंबई एजुकेशन ट्रस्ट के परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे बैठक बुलाई है। दोनों गुटों की बैठक से स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है कि किसके साथ कितने विधायक हैं। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में राकांपा के 53 विधायक हैं और अजित पवार गुट को दलबदल कानून के तहत अयोग्य ठहराए जाने से बचने के लिए कम से कम 36 विधायकों का समर्थन चाहिए। अजित गुट ने 40 विधायकों के समर्थन का दावा किया है। वहीं, शरद गुट ने दावा किया है कि सरकार में शामिल अजित पवार सहित केवल नौ विधायकों ने ही पाला बदला है और बाकी शरद पवार के साथ हैं।विधायक सरोज अहिरे, प्रजाक्त तानपुरे और सुनील भुसारा के बारे में कहा जा रहा था कि वे अजित पवार के साथ हैं लेकिन उन्होंने शरद पवार से मिलकर उनके प्रति निष्ठा व्यक्त की।इस बीच, महाराष्ट्र के पद पर शपथ लेने के दो दिन बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा कोई नेता नहीं है। अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अपने गुट का दक्षिण मुंबई में बने नए कार्यालय का उद्घाटन किया।



उन्होंने कहा कि देश उनके (मोदी के) नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। हम उनका समर्थन करने के लिए सरकार में शामिल हुए हैं।उन्होंने कहा कि मोदी जैसा कोई नेता नहीं है। उनका कोई विकल्प नहीं है। अजित पवार ने संकेत दिया कि राज्य में मंत्रियों के विभागों की घोषणा तत्काल नहीं की जाएगी। उन्होंने इस देरी के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर दौरे को कारण बताया। दोनों नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आगवानी करने वहां गये हैं।

राष्ट्रपति का मंगलवार शाम को नागपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। राकांपा विधायकों के मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत खेमे के कुछ सदस्यों के नाराज होने की खबर के बारे में पूछे जाने पर अजित पवार ने कहा कि मने मिलकर काम करने का फैसला किया है। असंतोष का कोई सवाल ही नहीं है। कांग्रेस विधायक दल की मंगलवार को हुई बैठक में विधानसभा में विपक्ष के नेता के मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई और राजनीतिक घटनाक्रम के बीच देखो और इंतजार करो की रणनीति अपनाने का फैसला किया गया।

### राजग में शामिल होना चाहते हैं कई दल : अनुराग ठाकुर

**कांगड़ा/ऊना।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि कई दल राजग में शामिल होना चाहते हैं और राकांपा ने इसकी शुरूआत कर दी है। ठाकुर ने कहा कि राजग में शामिल होने और महाराष्ट्र सरकार का हिस्सा बनने की राकांपा की पहल से सरकार को मजबूती मिलेगी और भाजपा 2024 के आम चुनाव के बाद केंद्र में मजबूत व स्थिर सरकार बरकरार रखेगी। ठाकुर ने कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद पत्रकारों से यह बात कही। संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई शुरू होने से संबंधित एक सवाल का जवाब देते हुए ठाकुर ने कहा कि 75 साल बाद जम्मू-कश्मीर को उसका अधिकार मिला और इस फैसले के बाद शांति, भाईचारे के साथ-साथ विकास को बढ़ावा मिला है।

## देश को एकजुट करेगी समान नागरिक संहिता : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली/गुवाहाटी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि समान नागरिक संहिता देश तथा उसमें निहित राष्ट्रवाद को अधिक प्रभावी ढंग से एकजुट करेगी और इसे लागू करने में किसी भी तरह की और देरी हमारे मूल्यों के लिए हानिकारक होगी। उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि नीति निर्देशक सिद्धांत ह्यदेश के शासन में मौलिकह्न हैं और उन्हें नियमों में बदलना एक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पंचायत, सहकारी समितियां और शिक्षा का अधिकार जैसे नीति निर्देशक सिद्धांत पहले ही कानून में बदल चुके हैं, उन्होंने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 44 को लागू करने का समय है। भारत की छवि धूमिल करने के कुछ लोगों के प्रयासों की आलोचना करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सही समय है कि भारत-विरोधी कहानी रचने वाले कोरियोग्राफरों को प्रभावी ढंग से अस्वीकार कर दिया जाए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी विदेशी संस्था को हमारी संप्रभुता के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।



# पांच दिनों में निवेशकों की संपत्ति 7.90 लाख करोड़ बढ़ी

▶▶ सेंसेक्स 274 अंक उछलकर 65,479 पर पहुंचा, निफ्टी 19389 अंक के साथ नये रिकॉर्ड स्तर पर हुआ बंद

एजेंसी

**मुंबई।** शेयर बाजार में जारी बंपर तेजी से निवेशक हुए मालामाल। बीते 5 दिन में निवेशकों की संपत्ति 7.90 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 274 अंक उछलकर 65,479.05 अंक के अपने नए शिखर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 467.92 अंक तक चढ़कर 65,672.97 अंक पर पहुंच गया था। शेयर बाजार में पिछले पांच दिनों की तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 7,90,235.84 करोड़ रुपये बढ़कर रिकॉर्ड 2,98,57,649.38 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 66.45 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,389 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 111.6 अंक की तेजी के साथ 19,434.15 अंक तक चला गया था।

बीएसई मिडकैप (मझोली कंपनियों का सूचकांक) सूचकांक 0.22 प्रतिशत नीचे आया जबकि स्मॉलकैप (छोटी कंपनियों का सूचकांक) 0.05 प्रतिशत मजबूत हुआ है। कोटक सिक्योरिटीज लि.शोध प्रमुख (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा कि बाजार में तेजी जारी है। एशिया के अन्य बाजारों में मिले-जुले तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बावजूद मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार उम्मीद बरकरार रखे हुए है। हालांकि, बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के साथ उच्चस्तर पर मुनाफावसूली भी देखी जा रही है। बाजार का ध्यान अब सूचना प्रौद्योगिकी, जिंस और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक जैसे क्षेत्रों की ओर गया है। चार जुलाई को सेंसेक्स अबतक के उच्चतम स्तर 65,479.05 अंक पर बंद। कारोबार के दौरान रिकॉर्ड 65,672.97 अंक तक गया। तीन जुलाई को सेंसेक्स पहली बार 65,000 अंक के पार पहुंचा था। 28 जून को सेंसेक्स दिन के कारोबार के दौरान पहली बार 64,000 अंक के स्तर पर पहुंचा था। 30 नवंबर, 2022 को पहली बार सेंसेक्स 63,000 अंक के स्तर पर पहुंचा था। वहीं 19 अक्टूबर, 2021 को कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 62,000 अंक का आंकड़ा छुआ था। 24 सितंबर, 2021 को कारोबार के दौरान और दिन की समाप्ति दोनों में पहली बार सेंसेक्स ने 60,000 अंक का आंकड़ा पार किया था।

### शेयर बाजारों में लगातार पांचवें दिन तेजी जारी



### इन कंपनियों के शेयर में सर्वाधिक तेजी

सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस सबसे अधिक 7.71 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एनटीपीसी, टाइटन, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी में तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं।

### महाराष्ट्र में सड़क हादसा, 13 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले में मंगलवार एक ट्रक ने चार वाहनों को टक्कर मारी और फिर राजमार्ग के किनारे बने एक होटल में जा घुसा जिससे 13 लोगों की मौत हो गयी और 26 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी राज्य की राजधानी से करीब 300 किलोमीटर दूर मुंबई-आगरा राजमार्ग पर पलासनेर गांव के पास पूर्वाह्न करीब 10.45 बजे हुई इस दुर्घटना में ट्रक के चालक और उसके खलासी की भी मौत हो गई। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के एक अधिकारी के अनुसार, ट्रक ने दुर्घटनास्थल से कुछ किलोमीटर पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी थी और चालक जाहिर तौर पर घबराहट में वाहन तेज गति से चला रहा था। पुलिस ने पहले कहा था कि यह दुर्घटना ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण हुई।

## विक्रम भट्ट से अफेयर पर अमीषा पटेल ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** अभिनेत्री अमीषा पटेल विक्रम भट्ट के साथ रिलेशनशिप में थीं। विक्रम शादीशुदा थे, दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार भी कर लिया था। अब हाल ही में अमीषा पटेल ने एक बार फिर विक्रम भट्ट के साथ अपने अफेयर को लेकर कमेंट किया है। अमीषा ने कहा कि उन दोनों के अफेयर की बात सार्वजनिक रूप से कबूल करने से उनके करियर को नुकसान पहुंचा है। पटेल ने कहा कि इस इंडस्ट्री में अगर आप ईमानदार हैं तो आपकी ईमानदारी को स्वीकार नहीं किया जाता है और मैं बहुत ईमानदार हूं, क्योंकि मेरे लिए जिंदगी ब्लैक एंड व्हाइट है। मुझे लगता है कि ये मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी कमी है। रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने से मेरे करियर पर असर पड़ा और फिर 12-13 साल तक मैंने किसी को अपनी जिंदगी में नहीं आने दिया। अब मैं बस अपने जीवन में शांति चाहती हूं। पटेल और भट्ट पांच साल तक रिलेशनशिप में थे। उनके रिश्ते का अभिनेत्री के परिवार ने विरोध किया था। इस विरोध के कारण उनकी अपने माता-पिता से बहस होने लगी और इससे उनके करियर पर असर पड़ा।




VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



# वह प्रगटिओ पुरख भगवंत रूप गुरू गोबिंद



**सीए गुरप्रीत कौर**

गुरु नानक देव जी की गद्दी के दसवें जामे में आए श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का संसार-आगमन बहुपक्षीय रूप में दृष्टिगोचर होता है।

श्री नाशवान संसार में बहुत कम समय गुजार कर सांसारिक लोगों के लिए किए गए कार्य भविष्य के लिए रास्ता दर्शाने वाले हैं। श्री पटना साहिब (बिहार) में आगमन कर बचपन की लीलाओं से लेकर श्री नांदेड़ साहिब (महाराष्ट्र) तक का जीवन सफर अनेक हैरानकुन कारनामों से भरपूर है।

श्री आनंदपुर साहिब (पंजाब) पहुंचने पर छोटी अवस्था में ही पिता-गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के साथ हर तरह के कार्यों में हिस्सा लिया। पंडित किरपा राम जो मटन (कश्मीर) से औरंगजेब के जुल्म से परेशान कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए प्रतिनिधिमंडल सहित आप के गुरु-पिता श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के पास फरियाद लेकर आए तो आप ने जान लिया कि धर्म को बचाने के लिए तथा जुल्म को रोकने के लिए किसी ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। इसलिए आप ने गुरु-पिता श्री गुरु तेग बहादुर साहिब को धर्म की रक्षा हेतु दिल्ली जाने के लिए तैयार किया तथा अपने सिर पर सारी जिम्मेदारी ली।

# सभ सिखन को हुकम है गुरु मान्यो गुरु ग्रंथ

गुरु-पिता से बिछुडऩा तथा समूची कौम का उत्तरादायित्व करना किसी ऊंची सोच का ही प्रतीक था।

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने पिता-गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत के उपरांत जुल्म को रोकने के लिए निर्बल व कमजोर हो चुके सांसारिक लोगों को तैयार किया ताकि वे खुद जुल्म का मुकाबला करके सिर उठाकर जीवन व्यतीत कर सकें। इसलिए बलहीन हो चुके लोगों को अपनी रक्षा हेतु तैयार करने के लिए श्री आनंदपुर साहिब के स्थान पर बैसाखी वाले दिन विशेष समागम करके खालसा पंथ की सृजना की। लोगों को अपने हकों के लिए जीने और जुल्म को रोकने के लिए तैयार किया। निःसहाय हो चुके लोगों को सिर्फ तैयार ही नहीं किया बल्कि खुद अग्रणी होकर इस लहर का संस्थापन भी किया और खालसा पंथ की सृजना कर खालसे को पूर्ण मान-सम्मान दिया।

आपके द्वारा चलाई गई इस लहर से कौम में जागृति आई। इसके साथ ही पहाड़ी राजाओं को अपने राज-भाग का डर खाने लगा। इसलिए वे श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा चलाई लहर को रोकने हेतु गुरु साहिब के विरुद्ध हो गए और औरंगजेब बादशाह को गुरु जी के विरुद्ध खबरें भेजी गईं।

पहाड़ी राजाओं की बदनीति को रोकने तथा औरंगजेब बादशाह के बढ.चुके जुल्म के विरुद्ध टक्कर लेने के लिए खालसा फौज को कई बार युद्ध में जूझना पड़ा। अब गुरु साहिब द्वारा चलाई गई लहर से लोग साहसी एवं जांबाज बनकर हर तरह के जुल्म के विरुद्ध टक्कर लेने के लिए जान कुर्बान करने हेतु तैयार हो चुके थे। पहाड़ी राजाओं ने मुगलों की शाही सेना के साथ मिलकर कई बार गुरु जी के साथ युद्ध छेड़ा। अल्प संख्या होने के बावजूद गुरु जी की सेना के सिपाहियों ने पहाड़ी राजाओं के युद्ध में दांत खट्टे किए तथा मुगल सेना में भगदड़ मचा दी।

शाही सेना भारी प्रयत्नों के बावजूद सिंहों को कुचल न सकी और गुरु जी को नुक्सान पहुंचाने में असफल रही। चाहे वह भंगाणी का युद्ध था अथवा श्री आनंदपुर साहिब में हुए युद्ध की टक्कर या खिदराणा की ढाब (श्री मुक्तसर साहिब) पर हुआ मुकाबला, हर बार मुगलों की शाही सेना को मुंह की खानी पड़ी तथा निराश एवं विवश होकर वापस लौटना पड़ा।

## हम इह काज जगत मो आए।। धरम हेत गुरदेव पठाए।।

इस प्रकार सांसारिक लोगों को नई दिशा मिली। गुरु जी जिस उद्देश्य से संसार में आए,उसको थोड़े समय में रहकर भी पूरा किया जिसके बारे में आप ने 'बचित्र नाटक' में इस प्रकार बयान किया है

**हम इह काज जगत मो आए।।**

**धरम हेत गुरदेव पठाए।।**

**याही काज धरा हम जनमं।।**

**समझ लेहु साधू सभ मनमं।।**

**धरम चलावत संत उबारन।।**

**दुसट सभन को मूल उपारन।।**


श्री गुरु गोबिंद सिंह जी सर्व-हितकारी थे। जो मानवता के दुख निवृत्त करने हेतु विश्व में आए। आपके द्वारा किए गए सांसारिक कार्यों का वृत्तांत लासानी है। गुरु जी तो खुद परमात्मा रूप थे जिन्होंने अनेक कौतुक रचाकर मानवता को सत्य का मार्ग दर्शाया। आप के बारे में गुरमति के महान लिखारी भाई गुरदास जी दूजा जी का कथन है :

**वह प्रगटिओ पुरख भगवंत रूप गुरू**

गुरु जी की दिव्य दृष्टि ने अलौकिक कौतुक दर्शाए। श्री आनंदपुर साहिब को छोडऩे के उपरांत आप कुछेक सिंहों के साथ चमकौर की कच्ची गढी में घिर गए। मुगलों की शाही सेना आप के पीछे लगी हुई थी। आप कुछेक सिंहों सहित हजारों की संख्या में शाही सेना को रोके रहे। अपने जिगर के टुकड़ों साहिबजादा अजीत सिंह जी तथा साहिबजादा जुझार सिंह जी को भी दुश्मन से लडऩे के लिए जंग के मैदान में भेजा और पुत्रों की शहादत देकर सांसारिक लोगों के सामने विलक्षण एवं अतुलनीय मिसालें कायम कीं। दूसरी तरफ छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह तथा बाबा फतेह सिंह जी को शहीद करने तथा माता गुजरी जी का अकाल चलाना सुनकर भी आप ने प्रभु का शुक्राना ही किया। चारों सुपुत्रों व पिता को कुर्बान कर अपने मिशन से मुंह नहीं मोड़ा। सांसारिक लोगों को मोह त्यागने का रास्ता दिया था। लोगों के कल्याण हेतु धर्मनिरपेक्षता की लहर चलाई। आप ने मूर्ति-पूजा के विरुद्ध भी आवाज उठाई तथा नाशवान संसार के बारे में अवगत करवाकर मात्र परमात्मा की भक्ति की तरफ प्रेरित करके जनमानस को सही दिशा दी।

आप ने अपनी बाणी द्वारा जन साधारण को सच्चे मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया। इस मिशन की पूर्ति के लिए आपके द्वारा शब्द 'गुरु' को मान्यता देना था। श्री नांदेड़ साहिब (महाराष्ट्र) में 1708 ई. को आप ने समूची संगत को शब्द गुरु के आदेश पर चलने के लिए कहा और श्री गुरु ग्रंथ साहिब को सर्वोच्च स्थान दिया। सारी संगत को यह हुक्म किया कि भविष्य में किसी देहधारी तथाकथित गुरु को मान्यता नहीं देनी। गुरु रूप बाणी जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज है यही आगे से जनमानस की गुरु तथा रहनुमाई होगी। पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जुन देव जी द्वारा तैयार करवाए गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब को ही सर्वोच्चता दी और फरमान किया ।

# ये हैं भगवान विष्णु के 10 प्रसिद्ध मंदिर जहां अवश्य जायें



कहते हैं पाप का नाश करने के लिए समय-समय पर भगवान विष्णु इस धरती पर प्रकट हुए. कभी मर्यादा पुरुषोत्तम राम, तो कहीं श्री कृष्ण के अवतार में भगवान ने अपने भक्तों के कष्ट दूर किए। इस कलयुग में भी उनके भक्तों की श्रद्धा इन मंदिरों में देखने को मिलती है।

## 1. बद्रीनाथ

श्री बद्रीनाथ उत्तराखंड के चमोली जिले में अलकनंदा के किनारे विराजमान है. यह हिंदू धर्म के 'चार धाम' में से एक तीर्थस्थल है। यह भगवान विष्णु को सर्मिपत 108 मंदिरों (दिव्य देसम) में शामिल है, जिनका तमिल संतों ने छठी से 9वीं शताब्दी के बीच उल्लेख किया था।

## 2. जगन्नाथ

यह मंदिर भी वैष्णवो के 'चार धाम' में शामिल है। जगन्नाथ पुरी से जुड़ीं कई अद्भुत कथाएं हैं जो आज भी देखने को मिलती हैं। यहां हर साल निकलने वाली विशेष रथ यात्रा में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

## 3. रंगानाथ स्वामी

यह दक्षिण भारत के तिरुचिरापल्ली शहर के श्रीरंगम में स्थित है। रंगानाथ स्वामी श्री हरि के विशेष मंदिरों में से एक है। कहा जाता है भगवान विष्णु के अवतार श्री राम ने लंका से लौटने के बाद यहां पूजा की थी।

## 4. वेंकटेश्वर

यह भगवान विष्णु के सबसे पुराने और प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। वेंकटेश्वर मंदिर तिरुपति के पास तिरूमाला पहाड़ी पर है। हर साल अनगिनत लोग यहां आकर भगवान वेंकटेश का आशीर्वाद और दर्शन पाते हैं।

## 5. विट्ठल रुकमिणी

यह वैष्णव मंदिर महाराष्ट्र के पंढरपुर में है। विट्ठल रुकमिणी भगवान विष्णु के रूप विठोबा को सर्मिपत है। यहां श्री हरि और उनकी पत्नी रुकमिणी विराजमान है।

## 6. द्वारिकाधीश

यह मंदिर भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण को सर्मिपत है। माना जाता है द्वारिकाधीश लगभग 2000 साल पुराना मंदिर है। इस मंदिर को भगवान कृष्ण के पोते वज्रनाभ ने बनवाया था। यह इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि द्वारिका में है, जहां कान्हा का निवास था. द्वारिकाधीश 'चार धाम' में से एक है।

## 7. बांके बिहारी

यह कृष्ण मंदिर उत्तर प्रदेश के वृंदावन में है। यहां गोपाल की मूर्ति त्रिभंग रूप में है। माना जाता है कि इस मूर्ति में भगवान कृष्ण का सबसे मोहक और आकर्षक रूप दिखता है। बांके बिहारी में जन्माष्टमी पर निकलने वाली झूलन यात्रा और अक्षय तृतीय का पर्व देखने लायक होता है।

## 8. सिंहाचलम मंदिर

यह मंदिर विशाखापट्टनम के पास है। सिंहाचलम में भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार को पूजा जाता है।

## 9. कनक भवन

अयोध्या के राम मंदिर को कनक भवन के नाम से भी जाना जाता है। यहां श्री हरि के राम अवतार को पूजा जाता है। इस मंदिर में राम नवमी का उत्सव बड़े हर्ष के साथ मनाया जाता है। माना जाता है कि कनक भवन में श्री राम ने कौशल्या के गर्भ से जन्म लिया था।

## 10. श्रीनाथ जी

कहते है यह एक मात्र ऐसा मंदिर है जहां श्री कृष्ण को बाल रूप में पूजा जाता है। यह मूर्ति नाथद्वारा मंदिर बनने के पहले से ही यहां स्थापित थी। श्रीनाथ जी के दर्शन के लिए यहां हर साल भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

# अछरू माता के चमत्कारिक कुंड मां भक्तों से करती हैं संवाद

**मध्य प्रदेश** के निवाड़ी में अछरू माता का चमत्कारिक मंदिर है। यहां मंदिर में एक कुंड है। इस कुंड से माता रानी भक्तों के सभी सवालों का जवाब देने के साथ ही उन्हें प्रसाद भी देती हैं। यह मंदिर देशभर में काफी फेमस है।

मध्य प्रदेश के निवाड़ी में एक ऐसा चमत्कारिक मंदिर है। जिसके बारे में लोगों का कहना है कि मंदिर में मां कुंड से श्रद्धालुओं को उनकी मन्नत पूरी होने का आशीर्वाद देती है। बता दें कि यह मंदिर निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर तहसील के मडिया ग्राम पंचायत में है। इस मंदिर को अछरू माता का मंदिर कहा जाता है। कहते हैं कि मंदिर के कुंड पर आने वाले भक्तों से माता रानी खुद संवाद करती हैं। वह अफने भक्तों की फरियाद सुन उनके प्रश्नों के उत्तर भी देती हैं। मां भक्तों को यह भी बताती हैं कि उनका काम पूरा होगा भी या नहीं।



**मन्नत पूरी होने से पहले मिलता है प्रसाद**

यहां के स्थानीय लोग बताते हैं कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां अछरू माता के अद्भुत दरबार में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं। भक्त मंदिर पहुंचकर फरियाद लगाते हैं और अपनी फरियाद सुनाते हैं। भक्त मां से अपनी मन्नत पूरी होने की गुहार लगाती हैं। वहीं माता रानी भी अपने भक्तों की मन्नत पूरी होने का आशीर्वाद देती हैं। इस मंदिर में हाजिरी लगाने वाले भक्तों का कहना है कि प्रसाद के रूप में मां भक्तों को इस अद्भुत कुंड से नींबू, दाख, गरी, फूल, जलेबी, दही और चिरौंजी के रूप में प्रसाद प्रदान करती हैं। कहा जाता है कि जिस भक्त की मनोकामना पूरी होनी होती है, उसे मां अछूरू वैसा ही प्रसाद देती हैं।

**माता ने दिए थे दर्शन**

अछरू माता मंदिर देश के उन मंदिरों में से एक है, जहां पर रोजाना हजारों की संख्या में भक्त मां के दरबार पहुंचते हैं। बता दें कि माता रानी के प्राकट्य की कहानी भी बेहद अनोखी है। बताया जाता है कि 500 साल पहले यादव जाति का एक चरवाहा, जिसका नाम अछरू था, वह भैंसों को चराने के लिए जंगल गया हुआ था। तभी चरवाहे की एक भैंस खो गई और चरवाहा अपनी भैंस को ढूंढते हुए परेशान हो रहा था। चरवाहा अपनी गुम हुई भैंस को खोजते-खोजते प्यासा हो उठा। इस दौरान वह आराम करने के लिए एक पेड़ के नीचे बैठ गया। तभी माता ने उस चरवाहे को कुंड से निकलकर दर्शन दिए। इसके बाद माता ने चरवाहे को कुंड से पानी पीने के लिए कहा।

बताया जाता है कि जब चरवाहे ने पानी पीने के बाद कुंड में अपनी लाठी को डाला तो वह उस कुंड में समा गई। यह देख चरवाहा हैरान हो गया। फिर माता रानी ने उसे उस स्थान की जानकारी दी। जहां पर उसकी भैंस थी। उसी जगह पर उसे उसकी लाठी भी मिल गई। यह देख चरवाहा काफी हैरान हो गया। कहते हैं कि उस दिन के बाद से चरवाहा रोजाना उस स्थान पर आकर पूजा-अर्चना करने लगा। जिसके बाद धीरे-धीरे यह बात पूरे गांव में फैलने लगी और लोग यहां आकर अपनी अर्जी लगाने लगे। वहीं मां कुंड से भक्तों के सवालों के जवाब देने लगीं।

मंदिर में चमत्कार


जिसके बाद धीरे-धीरे यह स्थान देशभर में फेमस हो गया। बाद में इस स्थान पर माता रानी का मंदिर बनवाया गया। मां का चमत्कारिक कुंड एक पहाड़ी पर स्थित है। यह हमेशा जल से भरा रहता है। कई बार बुंदेलखंड क्षेत्र में सूखे की चपेट में आया लेकिन उस कुंड का पानी हमेशा पहले की तरह ही भरा रहा। पहाड़ी स्थान होने के बाद भी कुंड का पानी कभी कम नहीं होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मां दैवीय आपदाओं का संकेत देती हैं। साथ ही कुंड में जल और प्रसाद कहां से आता है। इस बारे में भी लोगों ने पता करने का प्रयास किया, लेकिन कुछ पता नहीं लगाया जा सका।

**मां सती का गिरा था आंसू**

मान्यता है कि जब प्रजापति दक्ष ने यज्ञ में भगवान शिव का अपमान किया था तो उस दौरान माता सती की आंखों में आंसू आ गए थे। यह वहीं स्थान हैं, जहां पर माता सती के आंसू गिरे थे। बताया जाता है कि एक बार कुंड के आसपास सफाई की जा रही थी। तभी किसी ने लोहे की साग से कुंड में लगी काई को कुरेद कर साफ करने की कोशिश की। तभी से इस कुंड का पानी लाल हो गया था।

**नवरात्रि में होता है मेले का आयोजन**

मंदिर के पुजारी के अनुसार, वर्षों पहले इस स्थान की खोज करने वाले मां अछरू मैया के अनन्य भक्त अछरू परिवार के लोग ही मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं चैत्र और शारदीय नवरात्रि में यहां पर बड़े स्तर पर मेले का आयोजन किया जाता है।



# शास्त्रों के अनुसार देश का नाम भारत वर्ष कैसे पड़ा

पुरुवंश में अनेक रार्जिष हुए हैं। राजा दुष्यंत भी इन्हीं के वंशज थे। एक बार राजा दुष्यंत शिकार खेलने निकले तो कण्व ऋषि के आश्रम में पहुंच गए। वहां उन्होंने एक बहुत ही सुंदर कन्या को देखा। राजा दुष्यंत उस सुंदरी को देखकर उस पर अत्यंत मोहित हो गए। उस समय आश्रम में वह कन्या अकेली ही थी। युवती ने राजा से कहा, ''मैं कण्व ऋषि की पुत्री हूं। वह इस समय तपस्या में समाधिस्थ हैं। आप मेरा आतिथ्य स्वीकार करें।''

राजा ने कहा, ''देवी! मैं क्षत्रिय हूं। मैं आपको देखकर मोहित हो गया हूं। आप निश्चय ही ब्राह्मण-पुत्री नहीं हो सकतीं।''

युवती ने कहा, ''सच है। मैं ऋषि विश्वामित्र एवं मेनका की पुत्री शकुंतला हूं। जन्म होते ही मेरी माता मुझे यहां छोड़कर चली गई। कण्व ऋषि ने ही मेरा पालन-पोषण किया इसलिए मैं उनकी पुत्री हूं।''

शकुंतला की बातों से राजा और भी अधिक प्रभावित हुए। शकुंतला की स्वीकृति प्राप्त कर राजा दुष्यंत ने उससे 'गंधर्व-विवाह' किया। कुछ समय अपनी प्रिय पत्नी के साथ बिताने के बाद राजा अपनी नगरी को लौट गए।

शकुंतला गर्भवती थी। समय आने पर उसे पुत्र हुआ। मर्हिष कण्व ने उसका विधिवत जातकर्म संस्कार आदि किया और उसको क्षत्रिय धर्म के अनुरूप शस्त्रविद्या की शिक्षा देने लगे। वह बालक बचपन से ही साहसी एवं बलवान था। सिंह शावकों को बांध कर उनके साथ खेलना उसकी एक विशेषता ही थी। राजा दुष्यंत ने लौटते समय शकुंतला को कण्व ऋषि के आने के बाद अपनी नगरी में ले जाने का वचन दिया था। शकुंतला उनके पास गई, पर राजा ने शापवश उसे स्वीकार नहीं किया। राजा दुष्यंत को शकुंतला से विवाह आदि का विस्मरण हो गया। अतः शकुंतला कण्व के आश्रम में रहती रही और यहीं उसने अपने पुत्र को जन्म दिया। यही पुत्र आगे चलकर 'भरत' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। भरत के नाम से आज हमारा देश 'भारतवर्ष' कहा जाता है। बालक भरत की सिंह-शावकों को बांधकर खेलने की लीला, शिकार खेलने आए राजा दुष्यंत ने देखी।

राजा को स्वाभाविक स्नेह उत्पन्न हुआ। उसी समय आकाशवाणी हुई, जिसने राजा को स्मरण कराया कि शकुंतला से गंधर्व विवाह करके तुमने ही बालक को उत्पन्न किया है। तब राजा दुष्यंत ने कण्व ऋषि से क्षमा-प्रार्थना की तथा अपनी पत्नी शकुंतला एवं पुत्र भरत को लेकर अपनी राजधानी लौट गए।

राजा दुष्यंत के बाद भरत चक्रवर्ती सम्राट बने। उन्होंने गंगासागर से गंगोत्री तक पचपन अश्वमेध यज्ञ और प्रयाग से लेकर यमुनोत्री तक यमुना तट पर अठहतर अश्वमेध यज्ञ किए। राजा भरत ने सर्वाधिक यज्ञ करके सभी राजाओं में श्रेष्ठता प्राप्त की। उन्होंने पृथ्वी पर एकछत्र राज्य किया। **(श्रीमद्भागवत पुराण से)**